दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 100 | जयपुर | बुधवार, 12 फरवरी, 2025 | माघ, शुक्ल पक्ष पूर्णिमा संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर

29.0° अधिकतम तापमान | 14.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेक्स 76,293.60 -1,018.20 (1.32%)

निफ्टी 23,071.80 -309.80 (1.32%)

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना 88,310 /10g

चांदी 99,500 /Kg

## पीएम मोदी का फ्रांस दौरा
# एआई मानवता के कोड लिख रहा : पीएम मोदी



### इतिहास गवाह है कि तकनीक नौकरियां नहीं लेती, एआई से नई नौकरियां पैदा होंगी

बढ़ता राजस्थान

**पेरिस ( एजेंसी )।** पीएम मोदी के फ्रांस दौरे का मंगलवार को दूसरा दिन है। वे पेरिस में एआई समिट में शामिल हुए। उन्होंने कहा, एआई इस सदी के लिए मानवता के कोड लिख रहा है। इसमें दुनिया बदलने की ताकत है। यह समाज-सुरक्षा के लिए जरूरी है। यह दिखाता है कि एआई का पॉजिटिव पोटेंशियल असाधारण है।

प्रधानमंत्री ने कहा-एआई लाखों लोगों की जिंदगियां बदल रहा है। वक्त के साथ-साथ रोजगार का स्वरूप भी बदल रहा है। एआई से रोजगार के संकट पर ध्यान देना होगा। इतिहास गवाह है कि तकनीक नौकरियां नहीं लेती। एआई से नई नौकरियों के अवसर पैदा होंगे।

मोदी ने कहा कि भारत ने सफलतापूर्वक कम लागत में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है। डेटा एम्पावरमेंट के जरिए डेटा की ताकत को अनलॉक किया है। ये विजन भारत के राष्ट्रीय एआई मिशन की नींव है। भारत अपने एक्सपीरियंस और एक्सपर्टीज को साझा करने के लिए तैयार है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भविष्य अच्छा और सभी के लिए हो।

पीएम बोले- समाज को नया आकार दे रहा एआई मोदी ने समिट की शुरुआत एआई को लेकर एक उदाहरण देकर की। उन्होंने कहा- मैं एक सरल उदाहरण देना चाहता हूं। यदि आप अपनी मेडिकल रिपोर्ट किसी एआई ऐप पर अपलोड करते हैं, तो यह सरल भाषा में, आपके स्वास्थ्य के लिए इसका क्या मतलब है, समझा जा सकता है। उन्होंने कहा, यदि आप उसी ऐप से किसी व्यक्ति का बाएं हाथ से लिखते हुए चित्र बनाने को कहते हैं, तो ऐप सबसे अधिक संभावना किसी व्यक्ति को उसके दाएं हाथ से लिखते हुए दिखाएगा। पीएम ने कहा कि एआई पहले से ही हमारी अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और यहां तक कि हमारे समाज को नया आकार दे रहा है। एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है।



### इतिहास गवाह है कि तकनीक नौकरियां नहीं लेती, एआई से नई नौकरियां पैदा होंगी : पीएम मोदी


पीएम मोदी के फ्रांस दौरे का मंगलवार को दूसरा दिन है। वे पेरिस में एआई समिट में शामिल हुए। उन्होंने कहा, एआई इस सदी के लिए मानवता के कोड लिख रहा है। इसमें दुनिया बदलने की ताकत है। यह समाज-सुरक्षा के लिए जरूरी है। यह दिखाता है कि एआई का पॉजिटिव पोटेंशियल असाधारण है।

प्रधानमंत्री ने कहा- एआई लाखों लोगों की जिंदगियां बदल रहा है। वक्त के साथ-साथ रोजगार का स्वरूप भी बदल रहा है। एआई से रोजगार के संकट पर ध्यान देना होगा। इतिहास गवाह है कि तकनीक नौकरियां नहीं लेती। एआई से नई नौकरियों के अवसर पैदा होंगे।

मोदी ने कहा कि भारत ने सफलतापूर्वक कम लागत में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है। डेटा एम्पावरमेंट के जरिए डेटा की ताकत को अनलॉक किया है। ये विजन भारत के राष्ट्रीय एआई मिशन की नींव है। भारत अपने एक्सपीरियंस और एक्सपर्टीज को साझा करने के लिए तैयार है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भविष्य अच्छा और सभी के लिए हो।

## एलओसी के पास आईईडी ब्लास्ट, 2 जवान शहीद

धमाका तब हुआ जब सेना का दल गश्त कर रहा था



बढ़ता राजस्थान

**जम्मू ( एजेंसी )।** जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर में एलओसी के पास लालोली इलाके में आईईडी ब्लास्ट हुआ। इसमें सेना के दो सैनिक शहीद हो गए। एक अन्य घायल जवान की हालत स्थिर बताई जा रही है। उसकी जान को कोई खतरा नहीं है। यह धमाका मंगलवार को करीब 3:50 बजे भट्टल इलाके में हुआ, जब सेना के जवान गश्त पर थे। सेना के प्रवक्ता ने बताया- फौजी गश्त कर रहे थे, तभी ब्लास्ट हुआ। इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। व्हाइट नाइट कोर ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी है। सेना से जुड़े सूत्रों ने दावा किया कि शहीद हुए फौजियों के नाम कैप्टन केएस बख्शी और मुकेश हैं। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

## केजरीवाल-संजय सिंह पर एक्शन लेगा एंटी-करप्शन ब्यूरो

विधायकों को 15 करोड़ के ऑफर के दावे पर नोटिस भेजा था, अब तक जवाब नहीं मिला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली एंटी करप्शन ब्यूरो आम आदमी पार्टी के नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी में है। इनमें दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, मुकेश अहलावत और संजय सिंह शामिल हैं।

सूत्रों के अनुसार, एसीबी की तरफ से भेजे गए नोटिस का जवाब न मिलने पर यह कदम उठाया जा सकता है। अगर आप की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया तो एसीबी दिल्ली पुलिस को लेटर लिखकर इन नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की सिफारिश करेगी।

इससे पहले 7 फरवरी को एसीबी की टीम अरविंद केजरीवाल, सांसद संजय सिंह और मुकेश अहलावत के घर जांच के लिए पहुंची थी। करीब डेढ़ घंटे तक केजरीवाल के घर में जांच की, लीगल नोटिस दिया और रवाना हो गई। दिल्ली चुनाव नतीजों से एक दिन पहले केजरीवाल ने दावा किया था कि भाजपा उनके विधायकों और कैंडिडेट्स को फोन पर 15-15 करोड़ के ऑफर दे रही है।

## ट्रम्प की टैरिफ बढ़ोतरी से सेंसेक्स 1018 अंक गिरा

निफ्टी भी 309 अंक नीचे बंद हुआ, निवेशकों की वेल्थ 9.27 लाख करोड़ घटी

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** सेंसेक्स 11 फरवरी को 1018 अंक (1.31%) की गिरावट के साथ 76,293 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 309 अंक (1.32%) की गिरावट रही, ये 23,071 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार लगातार 5वें कारोबारी दिन गिरकर बंद हुआ है। निफ्टी रियल्टी सबसे ज्यादा 3% टूटा है। मीडिया इंडेक्स भी 2.85% गिरकर बंद हुआ। वहीं ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा और सरकारी बैंकों के इंडेक्स में करीब 2% की गिरावट रही। मेटल और आईटी इंडेक्स करीब 1.50% नीचे बंद हुए। शेयर बाजार में बिकवाली से निवेशकों की वेल्थ 9.27 लाख करोड़ रुपए घट गई।

बढ़ता TOON!




# बेंगलुरु एयरो इंडिया शो में पहुंचे 30 देशों के मिनिस्टर

## राजनाथ बोले- ये शो एक और महाकुंभ, दुनिया में शांति के लिए ताकत जरूरी





बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** बेंगलुरु में एशिया के सबसे बड़े एयर शो एयरो इंडिया 2025 की शुरुआत हो चुकी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को रक्षा मंत्रियों के ब्रिज कॉन्क्लेव में कहा कि कमजोर रहकर कोई देश कभी भी शांति नहीं ला सकता, केवल मजबूत होकर ही हम बेहतर दुनिया के लिए काम कर सकते हैं। राजनाथ ने कहा कि बॉर्डर सुरक्षा और देश की आंतरिक सुरक्षा के बीच का फर्क खत्म होता जा रहा है। अब हाईब्रिड वॉरफेयर की मदद से शांतिकाल में भी देश के अहम इन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया जा सकता है। इसलिए हमें तैयार रहने की जरूरत है। सिंह ने कहा, शांति का वट वृक्ष केवल शक्ति की जड़ों पर ही खड़ा हो सकता है। भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत की है। मुझे लगता है कि एयरो इंडिया के रूप में एक और महाकुंभ शुरू हुआ है। प्रयागराज महाकुंभ आत्म-खोज का कुंभ है, वहीं एयरो इंडिया रिसर्च का कुंभ है।

### एआई और नई तकनीकों पर नजर रखना जरूरी

राजनाथ सिंह ने कहा कि एक बड़ा देश होने के नाते भारत हमेशा शांति का समर्थक रहा है। हमारे लिए देश की सुरक्षा और शांति एक ही हैं। भारत के एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के नजरिए को कई देश समझते हैं। एयरो इंडिया में आए कई देशों के साथियों की मौजूदगी इस बात को दर्शाती है। सिंह ने कहा अब युद्ध में मानव रहित हथियार और सॉफ्टवेयर तकनीक तेजी से आगे बढ़ रही है। 'हाल के संघर्षों में ड्रोन के इस्तेमाल से यह पता चलता है कि भविष्य में मानवयुक्त (मैन्ड) और मानवरहित (अनमैन्ड) की मिली हुई तकनीकों पर निर्भर होंगे।

### रूस का भारत को पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एसयू-57 का ऑफर

एयर शो में फाइटर जेट एसयू-57 के साथ आया है। रूसी एजेंसी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के महानिदेशक अलेक्जेंडर मिखेव ने भारत को एसयू-57 देने का ऑफर किया है। उन्होंने कहा, हम सप्लाई और जॉइंट प्रोडक्शन के लिए तैयार हैं। हालांकि, भारत ने अब तक इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। भारत-रूस में 2007 में पांचवीं पीढ़ी के जेट विकसित करने का करार हुआ था, लेकिन टेक ट्रांसफर पर मतभेद के कारण बात नहीं बनी। भारत के पास पांचवी जनरेशन के जेट्स नहीं इंडियन एयरफोर्स के पास अभी पांचवीं जनरेशन के फाइटर जेट नहीं हैं।

## सोने की कीमत ने तोड़े अब तक के सभी रिकॉर्ड

10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत बढ़कर पहुंची 88 हजार 200 रुपए



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** दुनियाभर के वैश्विक बाजार में जारी अस्थिरता का सबसे ज्यादा असर सोने की कीमत पर नजर आ रहा है। जिसकी वजह से भारतीय बाजार में सोने की कीमत ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मंगलवार को राजस्थान में स्टैंडर्ड सोने की कीमत में 500 रुपए की तेजी आई है। जिसके बाद 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत 88,200 के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है।




# किरोड़ी को नोटिस देने पर प्रदेशाध्यक्ष बोले-व्यवस्था बनाए रखना जरूरी

कहा : समर्थकों को उग्र होने की जरूरत नहीं; वे क्या हैं?, कोई अलग ग्रुप से नहीं हैं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि मंत्री किरोड़ीलाल को नोटिस देना पार्टी का अंदरूनी मामला है। संगठन को कहीं कुछ लगता है तो पार्टी उचित निर्णय लेती है। व्यवस्था बनाए रखना बहुत जरूरी है। राठौड़ ने कहा कि यह मीडिया ट्रायल के लिए नहीं है। यह हमारे परिवार का मामला है। आप जानते हैं कि परिवार के सदस्य को समय-समय पर समझाना भी पड़ता है। मदन राठौड़ दिल्ली में अपने आवास मीडिया से बात कर रहे थे। गौरतलब है कि कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने आरोप लगाए थे कि सरकार उनका फोन टैप करवा रही है। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- परिवार के किसी सदस्य से कोई पूछताछ करनी होती है, सवाल-जवाब करने होते है तो पार्टी करती है। परिवार का मामला है, इसे परिवार में सुलझा लेंगे।



किरोड़ी को नोटिस देने के बाद उनके समर्थकों की प्रतिक्रिया के सवाल पर मदन राठौड़ ने कहा- उनके समर्थकों को भी उग्र होने की जरूरत नहीं है। हम सब एक हैं। सभी साथ बैठते हैं, चर्चा करते हैं। यह हमारे परिवार का मामला है। नोटिस के बाद किरोड़ी के बयान मैं पार्टी का अनुशासित सिपाही हूं पर मदन राठौड़ ने कहा- यह अच्छी बात है, हम सभी को पार्टी का अनुशासित सिपाही बनकर की काम करना चाहिए।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय राजसमंद के तत्वाधान में निकाली प्लास्टिक बहिष्कार रैली

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय राजसमंद के तत्वाधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पसुन्द में प्लास्टिक बहिष्कार रैली का आयोजन किया गया।रैली को मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य धर्मेंद्र टेलर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हिंदुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजसमंद के जिला प्रभारी के नेतृत्व में स्काउट – गाइड ने अपने हाथों प्लास्टिक बहिष्कार के बैनर के साथ रैली निकली। लोगों को जागरूकता किया । गांव में प्लास्टिक का उपयोग न करने का आह्वान किया । रैली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पसंद के प्रांगण से प्रारंभ होते हुए बाबा रामदेव मंदिर, बसंत बस स्टैंड , मुख्य चौराहे से होते हुए पुनः विद्यालय प्रांगण में पहुंची ।इस दौरान स्काउट गाइड के हाथों में प्लास्टिक बहिष्कार का बैनर, हाथों में तख्तिया। लेकर नारे लगाते हुए गांव गुजरे। दुकानदारों के पास जाकर उन्हें कपड़े के थेले का प्रयोग करने हेतु निवेदन किया। इसी के साथ गांव वासियों ने भी इस रैली को स्वागत किया तथा प्लास्टिक का उपयोग न करने का आश्वासन दिया। रैली में 150 स्काउट गाइड ने भाग लिया।यह जानकारी जिला सचिव मनोज शर्मा ने दी।

## प्रयागराज महाकुंभ की यात्रा कर प्रथम जत्था वापस लौटा, शद्धालुओं ने महंत महाराज की और से की गई व्यवस्थाओं की सराहना की

बढ़ता राजस्थान

**मेहंदीपुर बालाजी ( भरत सिंग )।** मेहंदीपुर बालाजी मंदिर महंत के डॉक्टर नरेश पुरी महाराज के सानिध्यमें प्रयागराज महाकुंभ की नि:शुल्क बस यात्रा कर प्रथम जत्था मंगलवार को वापस लौटा, सभी शद्धालुओं ने महंत महाराज की और से की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। सभी शद्धालुओं ने महंत डॉक्टर नरेशपुरी महाराज का आभार प्रकट कर साधुवाद ज्ञापित किया। आपको बता दे कि मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के महंत डॉ नरेश पुरी महाराज की ओर से सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अनुकरणीय पहल की जा रही है। मेहंदीपुर बालाजी से सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रयागराज महाकुंभ की निशुल्क बस यात्रा करवाई जा रही है जिसमें ठहरने खाने सहित सभी व्यवस्थाएं महंत महाराज की ओर से की जा रही है।

## पूर्व मंत्री रिणवां ने प्रयागराज महाकुंभ के त्रिवेणी संगम में किया स्नान



बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने रतनगढ़ व सरदारशहर के कार्यकर्ताओं के साथ महाकुंभ प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में स्नान किया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज संपूर्ण तीर्थों का राजा प्रयागराज है। यहां पर स्नान करना बड़े ही सौभाग्य की बात है । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी, योगी आदित्यनाथ महाराज द्वारा करोड़ों लोगों को विशाल संगम में स्नान करवाकर शानदार सुरक्षा व्यवस्था की है हम सभी प्रदेशवासी उनका बहुत–बहुत आभार प्रकट करते हैं। इस अवसर पर विकास रिणवां, विधाधर शर्मा, मनीष रिणवां, सोरभ रिणवां, श्याम पारीक, हरीराम गोदारा, दीपक बैद, मुरलीधर बोचीवाल, तोलाराम पारीक, ज्ञानप्रकाश मीणा, केशव पुरोहित, महावीर पिपलवा, सुभाष वर्मा, श्र निवास बील,ज्याश रिणवां,शुभकरण सिंह, चाँद रतन रिणवा, दीपक भूखरेडीया, राकेश पिपलवा, गिरीश काछवाल, बाबूलाल शर्मा, पवन नाई, किशन भाटी, रामलाल नायक, सुरेंद्र जांगिड सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

## सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने लोकसभा में उठाई ब्यावर में नवोदय विद्यालय खोलने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** लोकसभा में शून्यकाल के दौरान सभा की कार्यवाही में भाग लेते हुए माननीय राजसमंद सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने ब्यावर में जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने की मांग पुरजोर ढंग से उठाई। श्रीमती मेवाड़ ने संसद में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में शिक्षा को बहुत महत्व दिया है। माननीय केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान के नेतृत्व में शिक्षा मंत्रालय ने भी कई अभिनव पहल की है।राजसमंद संसदीय क्षेत्र में ब्यावर नवगठित जिला है। यहाँ नवोदय विद्यालय नहीं होने से बच्चों को पढ़ाई के लिए नासीराबाद (अजमेर) जाना पड़ रहा है।

### जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने ली अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक

# आइसोलेशन में काम करने के बजाय आपसी समन्वय से योजनाओं को सफल बनाएं : कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने मंगलवार को समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं बजट घोषणाओं की समीक्षा की।

कलक्टर ने बैठक की शुरुआत में ही सभी अधिकारियों से कहा कि अधिकारी आइसोलेशन में काम न करें, एक दूसरे से समन्वय बनाकर रखें, जिन योजनाओं में एक से अधिक विभागों की सहभागिता है वहाँ कॉर्डिनेट करते रहें एवं योजनाओं को सफल बनाएं, बेहतर नतीजे मिलेंगे। संपर्क पोर्टल की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने समस्याओं का समय पर समाधान करने पर श्रेष्ट तीन विभागों विद्युत विभाग, जलदाय विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की प्रशंसा की। साथ ही निम्न प्रगति वाले विभागों को सुधार करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि जब तक समस्याओं को लेकर माइक्रो लेवल तक नहीं जाएंगे तब तक बेहतर स्थिति नहीं आएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता से सीधी बात करें और उनका दर्द समझ कर समय पर समाधान करें। शिक्षा विभाग से निशुल्क यूनिफ़ॉर्म योजना के साथ–साथ मिड डे मिल की समीक्षा के दौरान कलक्टर ने कहा कि स्कूलों में भोजन में गुणवत्ता सुनिश्चित करें, साथ ही मसाले और अन्य सामग्री जहां तक संभव हो एसएचजी ग्रुप की ग्रामीण महिलाओं से खरीदे जिससे इन निर्धन महिलाओं को संबल प्राप्त हो। शाला स्वास्थ्य की समीक्षा के दौरान चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग से 71 में से उदयपुर रेफर हुए 45 बच्चों के संबंध में डिटेल में जानकारी लेकर कहा कि बीमारी के अनुसार इनका वर्गीकरण करें, आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत पंजीकृत निजी चिकित्सालयों में भी निशुल्क उपचार करवा सकते हैं, इस पर चिकित्सा विभाग ने दो दिन में प्रभावी कार्य योजना प्रस्तुत करने की बात कही। विद्युत विभाग से घरेलू, अघरेलू, जलदाय, औद्योगिक कनेक्शन के संबंध में समीक्षा की। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति बेहतर करने के लिए अगले सप्ताह सहायक अभियंता स्तर के अधिकारियों के साथ अलग से बैठक कलेक्ट्रेट में बुलाने के निर्देश दिए। नगर परिषद राजसमंद और नगर पालिका नाथद्वारा आयुक्त को कलक्टर ने कहा कि कचरा पात्रों का वितरण प्रभावी तौर पर सुनिश्चित करें, साथ ही कचरा फैलाने वालों पर चालान की कार्रवाई करें। नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय नए बताया कि 250 डस्टबिन का वितरण हुआ है, डोर टू डोर कलेक्शन को बेहतर बनाया गया है, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई और मरम्मत के संबंध में कार्यवाही निरंतर जारी है। कलक्टर ने जिले के समस्त नगरीय क्षेत्र के एंट्री पॉइंट की समुचित ढंग से साफ–सफाई करने के निर्देश निकायों को दिए। अंत में कलक्टर ने कहा कि अधिकारी आपस में संवाद कर हर योजना में हर पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करें जिससे योजनाएं सफल हो सकें।

## ध्यानोदय तीर्थ पर हुई सप्त शिखर की कलश स्थपना, ध्वजा फहरायी गई



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सुप्रकाशमति माताजी के सानिध्य में बलीचा स्थित ध्यानोदय तीर्थ क्षेत्र में चल रहे तीन दिवसीय शिखर स्वर्ण कलशारोहण कार्यक्रम के दूसरे दिन आज गगनभेदी जयकारों के साथ सप्त शिखर की भव्य कलश स्थापना और भव्य शिखर ध्वजा फहराई गई। ओमप्रकाश गोदावत ने बताया कि प्रातः गुरु माँ सुप्रकाशमति माता जी के सानिध्य मे ध्यानोदय तीर्थ पर प्रातः 7 बजे मुलनायक प्रभु पर अभिषेक एवं महाशांति धारा हुई। उसके बाद नवीन रथ की पूजा एवं हवन कर पूजा की गई तत्पश्चात भव्य रथ यात्रा निकाली गई। जिसमें प्रभु कामधेनु शांति नाथ को सप्त स्वर्ण शीला को रथ यात्रा एवं बग्गी मे विराजमान कर भव्य रथ निकला और पुनः नगर भ्रमण कर शांति नाथ मंदिर पहुंचा। तत्पश्चात शिखर पर स्वर्ण शीला कलश चढ़ाये गए।

यह दिव्य दृश्य था। इस अवसर पर गुरु माँ ने कहा कि जो जिन मंदिर पर कलश चढ़ाता हैं उसके जीवन मे कभी दुख विपत्ती नहीं आती और धर्म की ध्वजा को जो मंदिर पर लहराता हैं उनकी कीर्ति यश चारो दिशा मे फैलता हैं इस लिये पुण्य संचय करते रहे जीवन सफल होगा।

## भायलापुरा हनुमान मंदिर में 2 लाख 25 हजार पाठ संपूर्ण होने पर सजाई छप्पन भोग व फूल बंगला की झांकी

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** शहर के भायलापुरा स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित हनुमान चालीसा के सवा लाख पाठ व श्री रामचरित मानस संपूर्ण होने पर मंगलवार को छप्पन भोग व फूल बंगला की झांकी सजाई गई। जिसमें मंदिर परिसर व मंदिर के रास्तों पर सजावट हुई। मंदिर में सजाई गईमंदिर परिसर के बाहर सुसज्जित वैदिक हवन कुंड में 12 हजार आहुतियां दी गई। जिसमें हनुमान भक्त मंडल, डेम्प रोड के सदस्य, दुकानदार व स्थानीय लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चारण से आहुतियां दी।

बता दे अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर यहां 22 जनवरी से हनुमान चालीसा के सवा लाख पाठ का आयोजन रखा गया। जिसमें 21 दिनों तक आयोजित अखंड पाठ में 2 लाख 25 हजार रुपए का पाठ हुआ। जिसके उपरांत श्री रामचरित मानस पाठ का आयोजन भी रखा गया। दोनों धार्मिक आयोजन संपूर्ण होने के उपरांत सोमवार को यज्ञ अनुष्ठान किया गया। आचार्य शंभू दयाल शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण से यज्ञ कुंड की पूजा कराई। साथ ही मंत्रोच्चारण से देवी – देवताओं का आव्हान किया। इसके उपरांत अग्नि प्रज्वलित कर वैदिक मंत्रों से आहुतियां शुरु हुई। जिसमें 12 हजार आहुतियां दी गई। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक माहौल बन गया। यहां हनुमान चालीसा पाठ में दुकानदार, आमजन व स्कूली बच्चों ने पाठ किया था। कार्यक्रम में मंगलवार को छप्पन भोग व फूल बंगला झांकी का आयोजन रखा गया है।

जिसमें शाम 4 बजे से छप्पन भोग की झांकी के दर्शन शुरु होंगे। वही हनुमान जी की प्रतिमा पर चोला श्रृंगार किया जाएगा।

## सीता स्वयंवर रावण, बाणासुर संवाद और जनक लक्ष्मण संवाद, जनक विलाप के दृश्य का मंचन, किया भावविभोर

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** भारत के प्रसिद्ध धर्म प्रचारक रामलीला मंडल काशी के 25 कलाकारों एवं खिरोदिया जैन परिवार दिलीप जैन द्वारा द्वारा मंगलवार से सवीना मुख्य चौराहा पर 11 दिवसीय भव्य श्रीरामलीला महोत्सव के तीसरे दिन 11 दिवसीय भव्य श्रीरामलीला महोत्सव के तहत सीता स्वयंवर रावण, बाणासुर संवाद और जनक लक्ष्मण संवाद, जनक विलाप के दृश्य का मंचन किया गया। जिसको देखकर भक्तगण भाव विभोर हो गये। दिलीप जैन ने बताया कि दृश्य मंचन में प्रभु श्री राम जी के धनुष तोड़ने पर जय श्री राम के नाम से गूंजने लगा। तत्पश्चात जनक जननी माता सीता ने प्रभु श्रीराम को वरमाला पहनायी। काशी के कलाकारों द्वारा इतना सुंदर चित्रण किया जा रहा है कि महोत्सव के दौरान उपस्थित दर्शकों की आंखों में अश्रुधारा निकल पड़ती है। रामलीला देखने के लिए आसपास के लोग भी पहुंच रहे हैं क्योंकि अब तक राम कथा, भागवत कथा, नानी बाई का मायरा का मंचन बहुत होता रहा है लेकिन रामलीला का आयोजन बहुत कम देखनें को मिलता है। उसी क्रम में खेरोदिया परिवार द्वारा सविना में इसका आयोजन किया जा रहा है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में संस्कार स्थापित होंगे और विलुप्त हो रही है कल यह संस्कृति का भी प्रचार होगा। बुधवार को विशेष रामलीला श्री राम राज्याभिषेक की तैयारी,भगवान राम को 14 वर्षों के लिए वनवास प्रसंग का मंचन होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी दिनेश चंद्र भट्ट, बांसवाड़ा प्रभारी समाजसेवी फतहलाल सुथार, समाजसेवी विनोद शर्मा और नगर के कई समाजसेवी धर्म प्रेमी जनता उपस्थित थे।

## राजस्थानियों ने दोहा में रक्तदान शिविर का आयोजन कर पेश की अनूठी मिसाल



बढ़ता राजस्थान

चूरू (सुरेश लाटा)। कतर में रहने वाले राजस्थानी प्रवासियों ने मंगलवार को दोहा के हमाद हॉस्पिटल में राजस्थानी कम्युनिटी कतर के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन कर मानव सेवा की जोरदार मिसाल पेश की। शिविर में करीब 80 युवाओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर राजस्थानी कम्युनिटी कतर के अध्यक्ष निजाम खान दाडून्दा ने कहा कि मानव रक्त किसी कारखाने में नहीं बनाया जा सकता है। हमें रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों से बचते हुए ज्यादा से ज्यादा रक्तदान को प्रोत्साहन देना चाहिएं उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी में रक्तदान को लेकर जागरूकता आ रही है, यह बेहतर बात है। रक्तदाता और कम्युनिटी के सक्रिय सदस्य रियाज खान घांघू ने बताया कि पिछले साल भी संस्था की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया था।

### घांची समाज के तीन दिवसीय श्री सांवलाजी भगवान मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

# गाजे बाजे के साथ अभिजीत मुहूर्त में विराजे साँवलाजी भगवान

## बालोतरा सहित जसोल, पचपदरा, खेड़, कनाना, पारलु, समदड़ी, मोकलसर, सिवाना से उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

बढ़ता राजस्थान

**जसोल ( नि.स. )।** गाजे–बाजे और भक्तिभाव के साथ अभिजीत मुहूर्त में सोमवार को नव निर्मित साँवलाजी भगवान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन भव्यता के साथ संपन्न हुआ। दोपहर 12.15 बजे अभिजीत मुहूर्त में साँवलाजी भगवान की प्रतिष्ठा विधिवत रूप से की गई। इस पावन अवसर पर श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। घांची समाज द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुई। जसोल, पचपदरा, खेड़, कनाना, पारलु, समदड़ी, मोकलसर, सिवाना सहित कई गांवों और कस्बों से हजारों श्रद्धालु समाज बंधु आयोजन में शामिल हुए।

**संतों के सान्निध्य में संपन्न हुआ प्रतिष्ठा समारोह :** महोत्सव के दौरान महंत निर्मलदास महाराज, नृसिंह दास महाराज, संत सुखराम दास महाराज, रामस्वरूप शास्त्री, गणेशानंद गिरी महाराज सहित अन्य संतों के सान्निध्य में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन संपन्न हुआ।

**स्वर्ण कलश स्थापना और महाआरती ने बढ़ाई शोभा :** सोमवार को वेदपाठी ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार के बीच लाभार्थी परिवारों ने मंदिर के शिखर पर स्वर्ण कलश की स्थापना की। इसके पश्चात श्री गणेश, श्री साँवलाजी , श्री लक्ष्मीनारायण, राधा–कृष्णा, राम दरबार, सत्यनारायण, हनुमान, वरुण देव, धर्मराज, कुबेर की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मोर मुकुट से देव विग्रहों का विशेष श्रृंगार कर महाआरती का आयोजन हुआ। श्रद्धालु जयकारों के साथ ढोल–नगाड़ों की थाप पर झूमते नजर आए।

**महाप्रसादी में क्लीन थाली की अनोखी पहल :** इस महोत्सव के महाप्रसादी कार्यक्रम के दौरान क्लीन थाली मूवमेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कई टन भोजन व्यर्थ होने से बचाया गया। उतना ही ले थाली में, व्यर्थ न जाए नाली में जैसे स्लोगन वाले पोस्टरों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया और इस पहल को सफल बनाया गया। यह प्रयास न केवल खाद्य संरक्षण में सहायक रहा बल्कि समाज में जिम्मेदार उपभोग की भावना को भी प्रोत्साहित किया।

### गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही खास

इस पावन अवसर पर घांची समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष राणाराम परिहार, उपाध्यक्ष गंगाराम राठौड़, सचिव शंकरलाल परिहार, रामेश्वर भाटी, कस्तूरचंद बोराणा, मुकेश राठौड़, दीपक राज परिहार के साथ महिला मंडल अध्यक्ष आशा देवी परिहार, हेमलता चौहान, ममता परिहार, शोभादेवी गहलोत, अनीता भाटी, गीता गहलोत सहित कई गणमान्य समाज बंधु उपस्थित रहे। इस महोत्सव में पचपदरा के विधायक अरुण चौधरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, पूर्व विधायक मदन प्रजापत, पूर्व नगर परिषद सभापति सुमित्रा जैन, पूर्व प्रतिपक्ष नेता मदन चौपड़ा समेत कई जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ा दी। इस आयोजन ने समाज में एकता, श्रद्धा और धार्मिक भावनाओं को और भी मजबूत किया।



## होटल अनन्ता इन बगड़ का प्रकाश दास जी महाराज के सन्त सानिध्य में हुआ भव्य शुभारम्भ



बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं ( नि.स. )।** बगड़ कस्बे इस्थित रिद्धि शिद्ध मंदिर के सामने अनन्ता इन होटल का विधिवत उद्धघाटन सन्त प्रकाशदास जी महाराज दादूदयाल गोशाला निवाई के सन्त सानिध्य में हुआ । होटल का उद्घाटन गो माता को होटल में प्रवेश करवा के महाराज ने फीता काट कर किया । जानकारी देते हुए होटल प्रबंधक वीरेंदर सिंह ने बताया कि ग्राहकों की सभी सुविधाओं का ध्यान रखते हुए होटल में सभी व्यवस्था की गई हैं लंच डिनर व ब्रेकफास्ट बहुत ही शुद्धता के साथ तैयार किया जाता हैं वही होटल में ड्रुष रुम की भी व्यवस्था बहुत ही उत्तम है उद्घाटन कार्यक्रम में झुंझुनूं विधायक राजेन्द्र भाम्भू,बगड़ पालिका अध्यक्ष गोविंद सिंह राठौड़,भाजपा वरिष्ठ नेता विशम्भर पुनिया,चिडावा प्रधान रोहिताश धागढ़,कमलकांत शर्मा,योगेंद्र सिंह कालीपहाड़ी,संजीव जानू,रामेंद्र यादव, कुलदीप सिह कालीपहाड़ी रविंद्र सिंह हरीश शिहिराम महला, सत्वीर बुडानिया, अम आर ग्रुप जयपुर, बालाजी ग्रुप झुंझुनूं , श्री श्याम मोरवी परिवार गांधी नगर दिल्ली राजकुमार गुर्जर,विनोद सुवामी,किशोर जांगिड़, सुनील लाम्बा,राकेश शर्मा,शुखवीर सिंह राठौड़,गोविंद सिंह, पहलाद लाम्बा,विजेन्दर लाम्बा,इंद्रजीत लाम्बा,सुनील मोदी,नवल किशोर गोयनका,मनोज रूंगटा,बूटीराम गढ़बाल सहित काफी संख्या में बगड़ सहित आसपास क्षेत्र के गणमान्य लोग मोजूद रहे ।

# एक शाम राम के नाम का हुआ भव्य आयोजन






बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** दिनांक 10 फरवरी 2025 को मोती नगर, कटेवा नगर स्थित परमार्थ भवन पर परम पूज्य, संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री रामजी बाबा कोकिल जी महाराज श्रीधाम वृंदावन वालों के अनन्य शिष्य राष्ट्रीय कवि श्री शशिकान्त यादव द्वारा एकल कविता पाठ किया गया। जिसमें प्रभु श्रीराम की भक्ति सम्बन्धित अनेकानेक गाथाएं कविता के माध्यम से प्रस्तुत की गई, जिससे कार्यक्रम का वातावरण राममयी हो गया एवम् हास्य, श्रृंगार एवम् वीर रस की अनेक कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जयपुर के प्रमुख कवि श्री रमेश पांचाल द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान परमार्थ एवम् आध्यात्मिक समिति के सभी प्रमुख पदाधिकारी, सदस्य एवम् क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उपरोक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत श्री आर के अग्रवाल, श्याम विजय, ओम प्रकाश शर्मा, रामावतार माहेश्वरी एवम् सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों एवम् सदस्यों द्वारा किया गया।

## राजस्थान सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए देगी 200 करोड़ रू की सब्सिडी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** प्रदेश मे इलेक्ट्रिक वाहनों को बढावा देने हेतु इलेक्ट्रिक वाहन नीति के अन्तर्गत 200 करोड़ रू का ई-व्हीकल प्रमोशन फंड गठित किया गया है। राज्य सरकार की ''इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2022'' के अन्तर्गत फेम-2 के दिशा निर्देशों के अनुरूप आधुनिक बैटरी युक्त इलैक्ट्रिक वाहनों के क्रेताओं को स्टेट जीएसटी राशि का पुनर्भरण एवं एकमुश्त अनुदान ई-व्हीकल प्रमोशन फंड में से दिये जाने का प्रावधान किया गया है। पुनर्भरण एवं एकमुश्त अनुदान राशि 01.09.2022 से क्रय किए गए एवं राज्य में पंजीकृत किये गये वाहनो पर देय होगा। वाहन का क्रय राजस्थान राज्य से ही किया जाना आवश्यक है। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के संयुक्त परिवहन आयुक्त श्री जगदीश प्रसाद बैरवा ने बताया कि अनुदान हेतु सर्वप्रथम पॉलिसी के अन्तर्गत फेम-2 में पंजीकृत वाहन विनिर्माता को विभागीय पोर्टल पर रजिस्ट्रशन करवाना आवश्यक है। रजिस्ट्रेशन के बाद विभाग द्वारा सत्यापन किये जाने के पश्चात् निर्माता द्वारा पुनः पोर्टल पर फेम-2 के दिशा निर्देशों के अनुरूप आधुनिक बैटरी युक्त वाहन का मॉडल, बैटरी का प्रकार व बैटरी क्षमता की सूचना दर्ज की जानी है। पोर्टल पर उपरोक्तानुसार कार्यवाही के पश्चात् विभाग द्वारा वाहन का माडल, बैटरी का प्रकार व बैटरी क्षमता इत्यादि का सत्यापन किया जाकर वाहन क्रेताओं को पुनर्भरण एवं अनुदान राशि के क्लेम हेतु आवेदन के लिए वाहन पोर्टल पर अनुमत किया जाएगा।

वाहन स्वामी द्वारा अपने वाहन के पंजीयन क्रंमाक एवं चेसिस नंबर के अंतिम 5 अंक पोर्टल पर दर्ज होंगे। फिर आवेदक के मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से ओटीपी भेजा जाएगा। वाहन स्वामी अपने बैंक खाते का विवरण को बैंक के दस्तावेज़ जैसे पासबुक फ्रंट पेज/रद्द किए गए चेक के साथ अपलोड करेगा, फिर आवेदन सबमिट करेगा। अनुदान राशि का सीधे ही वाहन स्वामी के खाते में हस्तांतरण कर दिया जायेगा। प्रोत्साहन के लिए इलैक्ट्रिक वाहनों की संख्या प्रत्येक श्रेणी के लिए दी गई सीमा के अनुसार होगी। अतः संबंधित वाहन विनिर्माता, वाहन डीलर्स व वाहन क्रेता अनुदान राशि प्राप्त करने के लिए यथा शीघ्र पोर्टल आवेदन किया जाना सुनिश्चित करें।

## गोविंद देव जी मंदिर में आयोजित भागवत कथा के दौरान रुक्मणी विवाह महोत्सव और तुलसी जी का विवाह महोत्सव मनाया




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** दिनांक 11 फ़रवरी को गोविंद देव जी मंदिर प्रांगण में स्थित सत्संग भवन में आयोजित भागवत कथा के अंतर्गत रुक्मणी विवाह का आयोजन किया गया। जिसमे तुलसी जी का विवाह महोत्सव भी मनाया गया। ये आयोजन श्री मद भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ सेवा समिति, जयपुर के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है । जिसमे कथा का वाचन परम आदरणीय आचार्य श्री जुगल किशोर जी महाराज, वृंदावन धाम के द्वारा किया जा रहा है। समिति ने बताया कि कथा का आयोजन 6 फ़रवरी से किया जा रहा है जिसका प्रारम्भ तारकेश्वर जी के मंदिर से कलश यात्रा के साथ हुआ था। कथा का समापन बुधवार 12 फ़रवरी को सुदामा चरित्र के साथ होगा। कथा का श्रवण करने के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री गणेश राम जी मीणा एवम् अनिल जी उपवन तथा किशनपोल विधानसभा के भाजपा विधायक प्रत्याशी चंद्र मनोहर बटवाड़ा जी, जयपुर की प्रथम निर्वाचित महापौर ज्योति जी खंडेलवाल एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। रुक्मणी विवाह का आयोजन बहुत ही धूम धाम से किया गया जिसमे 2000 से भी ज़्यादा भक्त गण सम्मिलित हुए ।

## पुलिस आयुक्त ने महेशनगर थाने में जनसुनवाई कर फरियादियों को दिलाई राहत



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( बाबू अंसारी )।** जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने मंगलवार को महेशनगर थाने में जनसुनवाई की और फरियादियों की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में पूर्व, पश्चिम और दक्षिण जिले के मामलों पर ध्यान दिया गया।कमिश्नर जोसफ ने बताया कि इस बार तीनों जिलों के अधिकारियों को एक साथ बुलाकर जनसुनवाई की गई, जिससे अलग-अलग क्षेत्रों की समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया जा सके। जनसुनवाई में जमीन विवाद, पारिवारिक झगड़े, अवैध कब्जे, चोरी और मारपीट जैसी शिकायतें सामने आईं, जिनके जल्द समाधान के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि आउटर एरिया में जमीन और निर्माण संबंधी विवाद ज्यादा होते हैं, जबकि घनी आबादी वाले क्षेत्रों में छोटे अपराधों की शिकायतें आती हैं। पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परिवादियों को त्वरित प्रतिक्रिया दें और शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करें। गौरतलब है कि इससे पहले भी पुलिस आयुक्त ने विभिन्न थानों में जनसुनवाई कर कई परिवादियों को राहत दी थी।

जनसुनवाई की सबसे खास बात यह रही कि अधिकतर समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया और बाकी मामलों के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए।

## शक्ति दिवस पर बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की हुई एनीमिया की स्क्रीनिंग, मिला उपचार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जिला जयपुर द्वितीय में मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें मौसमी बीमारियों के प्रति जागरुक किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि शक्ति दिवस में बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है।

## मॉर्निंग स्टार सेंट एंसलम स्कूल में विदाई समारोह, असफिया नाज बनीं मिस फेयरवेल




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( बाबू अंसारी )।** सांगानेर स्थित मॉर्निंग स्टार सेंट एंसलम स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए उत्साह और भावनाओं से भरा विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर यादगार पल बनाए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। नृत्य, संगीत और नाट्य मंचन ने समारोह में उत्साह भर दिया। प्रधानाचार्य फादर लॉरेंस ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सीनियर विद्यार्थियों के सम्मान में जूनियर छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिनमें मिस फेयरवेल और मिस्टर फेयरवेल का खिताब सबसे खास रहा। टैलेंट हंट राउंड में असफिया नाज ने अपनी स्वरचित कविता से सबका दिल जीत लिया और मिस फेयरवेल का खिताब अपने नाम किया, जबकि हर्षित को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक फादर रेक्टर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, हम चाहते हैं कि हमारे विद्यार्थी हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करें और सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँचें।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए और जलपान की व्यवस्था की गई। यह आयोजन सभी के लिए यादगार बन गया, जहाँ खुशी और भावनाओं का अनोखा संगम देखने को मिला।

## 100 कैंसर वॉरियर्स का हुआ सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** एपेक्स हॉस्पिटल की ओर से विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर 100 से अधिक कैंसर वॉरियर्स को सम्मानित किया गया। ये वॉरियर्स वे लोग थे जिन्होंने विभिन्न स्टेज के कैंसर से मुकाबला किया और इसे शिकस्त दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हॉस्पिटल के एमडी डॉ. एसबी झवर ने वॉरियर्स सम्मानित किया और इनके हौंसले एवं कैंसर से लड़ने के जज्बे को सराह। सभी कैंसर वॉरियर को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान कैंसर से उबरे वॉरियर्स ने भी अपने विचार व्यक्त किए एवं इस कठिन समय में अपना साथ देने वाला चिकित्सको एवं परिजनो का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर कैंसर रिलीफ सोसाइटी के अध्यक्ष अनुज माथुर ने सभी वॉरियर्स के जज्बे की सराहना की। उन्होंने कैंसर को लेकर सरकार द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी एवं सोसायटी द्वारा कैंसर के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के बारे मे जानकारी दी।

कार्यक्रम में कैंसर रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. पुलकित नाग, डॉ. अदिति मित्तल, डॉ. राहुल यादव, डॉ. सोनू गोयल, डॉ. आशीष वर्मा ने विभिन्न सत्रों में संबोधित करते हुए कैंसर रोग से लड़ने, कारण , बचाव एवं इलाज समेत अन्य पहलुओं पर प्रकाश डाला। एपेक्स हॉस्पिटल समूह के ग्रुप सेल्स हेड ऋतुराज सिंह ने कार्यक्रम का संयोजन किया। दीपक शर्मा एवं फैज खान ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने अजमेर में किया विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को अजमेर शहर में विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अजमेर के विकास के लिए योजनाबद्ध रूप से काम किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को ग्राम लोहागल एवं ग्राम काजीपुरा में सड़क निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया। इनकी लागत 35 लाख रूपये से अधिक है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने कहा कि अजमेर के विकास के लिए योजनाबद्ध रूप से काम किया जा रहा है। इसी के अनुरूप काम हो रहा है। चिकित्सा के क्षेत्र में अजमेर राजस्थान का बड़ा हब बनेगा। इसी तरह आयुर्वेद विश्वविद्यालय, खेल अकेडमी, स्पोर्ट्स कॉलेज, आईटी पार्क एवं अन्य विकास कार्य अजमेर के नए मील के पत्थर बनेंगे। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा के तहत 24 करोड़ की राशि से नालों का निर्माण जल्द शुरू होगा। जिसकी टेंडर फरवरी के दूसरे सप्ताह में खुल जाएंगे। इसके अलावा निगम और प्राधिकरण की ओर से भी 11 करोड़ की लागत से नालों का निर्माण करवाया जाएगा।

## फोर्टी मुख्य सचिव गिरधारी खंडेलवाल को वियतनाम में मिला ग्लोबल विजनरी अवार्ड

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर ( का.स. )।** फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) के मुख्य सचिव गिरधारी लाल खंडेलवाल को वियतनाम में ग्लोबल विजनरी अवार्ड से नवाजा गया है। वियतनाम की हो ची मिन्ह सिटी होटल में हुए समारोह में वियतनाम के काउंसिल जनरल विप्र पांडे, थाप प्रोविंस के चेयरमैन फम थियन निहा और वियतनाम में सेठिया हेमराज राइस ऑयल कंपनी के डायरेक्टर अशनित सेठिया ने गिरधारी लाल खंडेलवाल को ग्लोबल विजनरी अवार्ड से सम्मानित किया। यह अवार्ड राजस्थान की उन हस्तियों को दिया गया , उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल की हो। खंडेलवाल को यह अवार्ड फोर्टी में उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए दिया गया। खंडेलवाल की प्रशासनिक कुशलता के कारण फोर्टी राजस्थान के शीर्ष औद्योगिक संगठन होने के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना पाया है। वियतनाम में ग्लोबल विजनरी अवार्ड मिलने पर फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने गिरधारी लाल खंडेलवाल को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## 13 फरवरी से होगा जयपुरिया जयपुर का 12वां इंटरनेशनल यूथ कांफ्रेंस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर का 12वां इंटरनेशनल यूथ कॉन्फ्रेंस (आईवाईसी) विकसित भारत 13-14 फरवरी को होगा। इसमें ग्लोबल थॉट लीडर्स, इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स और यंग अचीवर्स भारत की ग्रोथ, इनोवेशन और फ्यूचर अस्पिरेशंस पर डिस्कशन करेंगे। कॉन्फ्रेंस की शुरुआत श्रीवत्स जयपुरिया, वाइस-चेयरमैन, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के वेलकम एड्रेस से होगी। इसके बाद डॉ. प्रभात पंकज, डायरेक्टर, जयपुरिया, जयपुर कॉन्फ्रेंस का इंट्रोडक्शन देंगे। इस प्रेस्टिजियस इवेंट में चीफ गेस्ट देविना मेहरा, चेयरपर्सन, मैनेजिंग डायरेक्टर और फाउंडर, फर्स्ट ग्लोबल तथा फॉर्च्यून इंडिया मोस्ट पावरफुल वुमन 2022 होंगी। गेस्ट ऑफ ऑनर सुरजा किशोर, सीईओ-बीबीडीओ इंडिया और टीम एक्स फॉर मर्सिडीज-बेंज, इंडिया, कुमार राघवन, इंडिया हेड, स्टार्टअप सेल्स सेगमेंट, अमेज़न इंटरनेट सर्विसेज और मोनिका दुबे, हेड ऑफ ब्रांड मैनेजमेंट, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. होंगे। कॉन्फ्रेंस में यूथ के लिए ऑथर सेशन में आश्दिन डॉक्टर, यूथ अचीवर सेशन में रवि गुप्ता और विवेक सम्तानी (स्टैंड-अप कॉमेडियन और यूट्यूबर) अपने विचार रखेंगे। इसी तरह एक अनोखा फोर्ब्स एंड फॉर्च्यून पैनल सेशन होगा,जिसमें विराज मिठानी फोर्ब्स इंडिया 30 अंडर 30, आर्टिस्ट और कार्पे आर्टे के फाउंडिंग मेंबर, देविना मेहरा चर्चा करेंगे। पार्टिसिपेंट्स को एक्टर विक्रम कोचर के साथ एक इंटरेक्टिव सेशन और 20+ फोर्ब्स 30 अंडर 30 स्पीकर्स से इंडिया के ग्लोबल स्टेटस पर डिस्कशन सुनने का ऑपर्च्युनिटी मिलेगा। इस कॉन्फ्रेंस को डॉ. दानेश्वर शर्मा, डॉ. रमजान समा और डॉ. आकाश दुबे द्वारा कन्वीन किया जाएगा।

## सीए मुदगल ने की शिक्षा मंत्री से मुलाकात

बढ़ता राजस्थान



फुलेरा (नि.स.)। चार्टर्ड अकाउंटेंट अर्पित मुद्गल ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से मुलाकात कर नशा मुक्ति अभियान को मजबूती देने के लिए समर्थन मांगा। बैठक के दौरान अर्पित मुद्गल ने राज्य में बढ़ते नशे की समस्या पर चिंता जताई और युवाओं को इससे बचाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने नशा मुक्ति अभियान का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार इस दिशा में पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने राज्य स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का आश्वासन दिया और समाज के हर वर्ग से इसमें सहयोग करने की अपील की। अर्पित मुद्गल ने इस पहल के तहत स्कूलों और कॉलेजों में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने, सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर सेमिनार और वर्कशॉप चलाने की योजना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यदि सरकार और समाज मिलकर प्रयास करें, तो राजस्थान को नशा मुक्त बनाया जा सकता है। इस बैठक को लेकर सामाजिक संगठनों और शिक्षाविदों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली है। उम्मीद है कि जल्द ही सरकार इस अभियान के लिए ठोस कदम उठाएगी।

## पंचायत समिति सदस्य का उपचुनाव 14 को

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा (नि.स.)।** समीपवर्ती पंचायत समिति सांभरलेक के वार्ड नं 13 के पंचायत समिति सदस्य का उपचुनाव 14 फरवरी को आयोजित होगा। इस उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्रवण वर्मा चुनाव मैदान में हैं। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने ग्राम तेज्या का बास में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर हनुमान ककरालिया,दिनेश टांक,गिरधारी लाल वर्मा,गोपाल माली,सुरेश कुमावत,मनोज देवंदा,ओमप्रकाश, रामेश्वर लाल यादव,रेनवाल मंडल अध्यक्ष बाबूलाल यादव, बद्रीनारायण शर्मा,देवकरण गुर्जर,रामेश्वर गांधी,पार्षद श्रवण वर्मा, त्रिलोकचंद भाटी,राजकुमार सैनी,दिलीप सुरोलिया,पूर्व सरपंच राजेंद्र कुमावत सहित अन्य मौजूद थे।

## सम्पादकीय

# भारत के घरेलू कामगार क्यों हैं दरकिनार?

भारत में, घरेलू कामगारों में से अधिकांश महिलाएं हैं, जो असंगठित श्रम शक्ति का एक बड़ा हिस्सा हैं। हाल के अनुमानों के अनुसार, घरेलू कामगारों की संख्या आधिकारिक अनुमानों 4.2 मिलियन से लेकर अनौपचारिक अनुमानों 50 मिलियन से अधिक तक भिन्न है। जनवरी 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू कामगारों के व्यापक शोषण और उनके लिए कानूनी सुरक्षा की कमी की ओर ध्यान आकर्षित किया और केंद्र सरकार को उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक अलग कानून पारित करने की संभावना की जाँच करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को घरेलू कामगारों के लिए एक अलग कानून बनाने का आदेश दिया। न्यूनतम मजदूरी अधिनियम और समान पारिश्रमिक अधिनियम, अन्य श्रम कानूनों के अलावा, घरेलू कामगारों पर लागू नहीं होते हैं। एक अलग कानून संगठित विनियमन की पेशकश कर सकता है। क्योंकि कोई आधिकारिक ढांचा नहीं है, घरेलू कामगार अक्सर बिना किसी निर्धारित वेतन के काम करते हैं और मनमाने व्यवहार के अधीन होते हैं। नियोक्ता अपने घरों को 'कार्यस्थल' या खुद को 'नियोक्ता' नहीं मानते हैं, जिससे घरेलू काम मुख्य रूप से अनौपचारिक और अनियमित हो जाता है। चूंकि उनके काम आधिकारिक रूप से दर्ज नहीं हैं, इसलिए श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा या न्यूनतम मज़दूरी जैसे बुनियादी अधिकार नहीं दिए जा सकते हैं। घरेलू काम में नियोजित लोगों में अब महिलाएं सबसे ज़्यादा हैं, जिसे समाज में नारीकृत और कम आंका जाता है। लिंग के आधार पर इस असमानता को एक विशेष कानून द्वारा सम्बोधित किया जा सकता है। सामाजिक अवमूल्यन के कारण, महिलाओं को अक्सर पुरुषों की तुलना में घरेलू काम के लिए कम भुगतान किया जाता है। घरेलू काम की स्थितियां क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग होती हैं। एक प्रतिबद्ध कानून क्षेत्रीय मुद्दों और समाधानों को ध्यान में रख सकता है। केरल और दिल्ली में विनियमों ने विभिन्न तरीकों से मज़दूरी दरों और रोज़गार पंजीकरण जैसे क्षेत्रीय मुद्दों को सम्बोधित करने का प्रयास किया है। श्रमिकों के अधिकारों को बनाए रखने और उल्लंघन की स्थिति में कानूनी सहारा देने के लिए स्पष्ट प्रक्रियाएँ एक अलग कानून द्वारा अनिवार्य की जा सकती हैं।

रोज़गार के दस्तावेज़ों के बिना, घरेलू कामगारों को अपना वेतन प्राप्त करना मुश्किल हो सकता है, जिसके परिणामस्वरूप शोषण हो सकता है। कम वेतन के माध्यम से भारत में घरेलू कामगारों का शोषण उनकी चुनौतियों में से एक है। घरेलू कामगारों को अक्सर जो कम वेतन मिलता है, वह उनके द्वारा किए जाने वाले श्रम की मात्रा के लिए अपर्याप्त होता है। न्यूनतम मज़दूरी विनियमन की अनुपस्थिति इस समस्या को और भी बदतर बना देती है। मुंबई के घरेलू कामगारों को लंबे कार्यदिवसों के बावजूद अपने बुनियादी जीवन-यापन के खर्चों को पूरा करने में संघर्ष करना पड़ सकता है, अगर उनका वेतन न्यूनतम वेतन से कम हो जाता है। उत्पीड़न या अनुचित व्यवहार से कानूनी सुरक्षा की कमी के कारण, घरेलू कामगार विशेष रूप से दुर्व्यवहार के लिए अतिसंवेदनशील होते हैं। दिल्ली के कर्मचारी को शारीरिक या मौखिक दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन चूंकि कोई औपचारिक अनुबंध नहीं है, इसलिए उन्हें कोई कानूनी सुरक्षा नहीं है। चूंकि घरेलू काम निजी घरों में किया जाता है, इसलिए नियम और जटिल हो जाते हैं और नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच शक्ति का अंतर बढ़ जाता है। चूंकि कर्मचारियों को अक्सर चेतावनी के बिना छोड़ दिया जाता है, इसलिए इनकी नौकरी की सुरक्षा का अभाव है, जो वित्तीय अस्थिरता को बढ़ाता है। सेवा के वर्षों के बाद, किसी कर्मचारी को अचानक बिना वेतन के निकाल दिया जा सकता है, जिससे उन्हें वित्तीय सहायता या कानूनी विकल्प नहीं मिलते। चूंकि घरेलू काम को 'महिलाओं के काम' के रूप में सामाजिक रूप से कम आंका जाता है और अक्सर हाशिए के समुदायों से जोड़ा जाता है।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 12 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- छत्रपति शाहू जी को 1708 में मराठा शासक का ताज पहनाया गया।
- ब्रिटेन ने पश्चिम बंगाल के बंदेल प्रांत को 1757 में पुर्तग़ाल से अपने कब्जे में लिया।
- लंदन में रॉयल एयरोनॉटिकल सोसायटी का 1866 में गठन हुआ।
- पेरिस स्थित एफिल टॉवर से 1908 में पहली बार लंबी दूरी का वायरलेस संदेश भेजा गया।
- गोपीनाथ साहा की कोलकाता के पुलिस आयुक्त चार्ल्स ऑगस्टस टेगार्ट समझकर 1924 में ग़लती से एक आदमी ने हत्या कर दी। इसके बाद उसे गिरफ़्तार कर लिया गया।
- भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रान्तिकारी सूर्य सेन को 1934 में चटगांव में फांसी दी गयी। उन्होने इंडियन रिपब्लिकन आर्मी की स्थापना की और चटगांव विद्रोह का सफल नेतृत्व किया।
- 1948 में महात्मा गांधी ने अपना अंतिम भाषण दिया और सांप्रदायिक हिंसा के विरुद्ध अनशन में बैठने का फैसला किया।
- स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 12 जनवरी 1950 में 'संयुक्त प्रांत' का नाम बदल कर 'उत्तर प्रदेश' रखा गया।
- भारत के पूर्व गेंदबाज बापू नाडकर्णी ने 1964 में मद्रास में इंग्लैंड के साथ पहले टेस्ट में लगातार 21 ओवर मेडन फेंके। छह गेदों के ओवर के इतिहास में यह अब तक रिकॉर्ड है।
- जांजीबार विद्रोहियों ने क्रांति की शुरुआत और गणतंत्र की घोषणा 1964 में की।
- स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के मौके पर 1984 से हर वर्ष देश में इस दिवस को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' मनाने की घोषणा की गयी।
- रोमानिया ने कम्युनिस्ट पार्टी पर 1990 में प्रतिबंध लगाया।
- अमरीकी संसद ने 1991 में कुवैत में इराक के खिलाफ सैनिक कार्रवाई की मंजूरी दी।
- यूरोप के 19 देश मानव क्लोनिंग पर प्रतिबंधित लगाने पर 1998 में सहमत हुए।
- भारत का 2001 में इंडोनेशिया-रूस-चीन संधि से इंकार, नैफ नदी पर बांध निर्माण योजना के कारण बांग्लादेश-म्यांमार सीमा पर तनाव के बाद सेनाएँ तैनात।
- भारतीय मूल की महिला लिंडा बाबूलाल त्रिनिदाद 2003 में संसद की अध्यक्ष बनीं।
- दुनिया के सबसे बड़े समुद्री जहाज, आरएमएस क्वीन मैरी 2 ने 2004 में अपनी पहली यात्रा की शुरूआत की।
- टेम्पल-1 कॉमेट (धूमकेतु) पर उतरने के उद्देश्य से डेल्टा द्वितीय रॉकेट से 'डीप इम्पैक्ट' अंतरिक्ष यान का 2005 में प्रक्षेपण किया।
- भारत और चीन ने हाइड्रोकार्बन पर एक महत्त्वपूर्ण सहमति पत्र पर 2006 में हस्ताक्षर किए।
- 2007 में आयी आमिर खान की फ़िल्म 'रंग दे बसन्ती' बाफ़्टा के लिए नामांकित।
- कोलकाता में 2008 में आग से 2500 दुकानें जल कर खाक हुई।
- 2009 में प्रसिद्ध संगीतकार ए. आर. रहमान प्रतिष्ठित गोल्डन ग्लोब अवार्ड जीतने वाले पहले भारतीय बने।
- इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. जयन्त कुमार ने 2009 में दुनिया का सबसे पुराना उल्का पिंड क्रेटर खोजा।

## विशेष आलेख

# राजनीति में युवाओं की भागीदारी की आवश्यकता



– -डॉ सत्यवान सौरभ

**अगर राजनीतिक दल युवाओं को राजनीति में शामिल करने के बारे में गंभीर हैं तो उन्हें कई तरह के कदम उठाने होंगे। पहला कदम सरकार द्वारा युवा मानदंड में बदलाव करना होगा। आज 34-35 वर्ष की आयु के लोगों को भी युवा माना जाता है। इस मानदंड को कम करने की आवश्यकता होगी। अपने संगठनात्मक ढांचे में, पार्टियों को युवाओं के लिए अधिक जगह बनाने की आवश्यकता होगी। आमतौर पर यह देखा गया है कि वयस्कता के करीब पहुंचने वाले नेता प्रमुख राजनीतिक दलों की युवा इकाइयों की बागडोर भी संभालते हैं। अपने छात्र संगठनों के लिए, राजनीतिक दलों को अधिकतम आयु प्रतिबंध भी स्थापित करने की आवश्यकता होगी। बेहतर होगा कि तीस वर्ष से अधिक आयु वालों को इससे बाहर रखा जाए।**

राजनीति में युवाओं की भागीदारी न केवल एक लक्ष्य है, बल्कि यह समावेशी और प्रगतिशील लोकतंत्र के लिए एक आवश्यक शर्त भी है। हालाँकि, बहुत कम युवा लोग राजनीति में भाग लेना जारी रखते हैं और उनकी आवाज़ को अक्सर स्थापित सत्ता संरचनाओं द्वारा दबा दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में बिना राजनीतिक अनुभव वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में प्रवेश करने के लिए आमंत्रित करने का प्रस्ताव विकेंद्रीकरण, समावेशिता और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी मोड़ का प्रतिनिधित्व करता है। ज्ञान के भंडार वाले अनुभवी नेताओं ने पारंपरिक रूप से भारतीय राजनीति में एक प्रमुख स्थान रखा है। वे अक्सर पारंपरिक ढाँचों के भीतर काम करते हैं, जो समकालीन मुद्दों को संभालने के लिए तैयार नहीं हो सकते हैं, इस तथ्य के बावजूद कि उनका ज्ञान अमूल्य है। युवा नेता रचनात्मक समाधान, तकनीकी जानकारी और समकालीन शासन मॉडल का योगदान देकर गतिशील और डेटा-संचालित नीति निर्माण की सुविधा प्रदान करते हैं।

एक स्थायी भविष्य की गारंटी के लिए, युवा नेता हरित कानूनों, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं और जलवायु अनुकूलन रणनीतियों को बढ़ावा दे सकते हैं। युवा-संचालित शासन में उद्यमिता, कौशल विकास और उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा को प्राथमिकता देकर बेरोजगारी और अल्परोजगार को सम्बोधित करने की क्षमता है। युवाओं की भागीदारी के माध्यम से, भारत पारदर्शी और प्रभावी शासन प्राप्त करने के लिए ब्लॉकचेन, स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का बेहतर उपयोग कर सकता है। नागरिक भागीदारी के लिए सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करके, युवा लोग जवाबदेही में सुधार कर सकते हैं, लोकतांत्रिक मूल्यों को पुनर्जीवित कर सकते हैं और राजनीतिक भ्रष्टाचार को कम कर सकते हैं। युवा जो राजनीतिक रूप से जागरूक और सक्रिय हैं, वे गारंटी देते हैं कि लोकतंत्र जीवित रहेगा और लोगों की मांगों के प्रति उत्तरदायी रहेगा। भारतीय राजनीति में पारंपरिक रूप से वंशवादी परिवारों का वर्चस्व रहा है, जिससे योग्यता-आधारित और जमीनी स्तर के नेतृत्व के लिए बहुत कम जगह बची है। परिवार या पैसे के समर्थन के बिना, कई युवा उम्मीदवारों को राजनीतिक मंच प्राप्त करना मुश्किल लगता है। युवाओं में अक्सर राजनीतिक प्रशासन, नीति विश्लेषण और शासन में औपचारिक प्रशिक्षण की कमी होती है, भले ही उनमें उच्च स्तर का उत्साह हो। वर्तमान राजनीतिक दलों द्वारा दी जाने वाली सलाह की कमी युवा नेताओं को खुद की रक्षा करने के लिए मजबूर करती है। चूँकि कार्यालय चलाने के लिए महत्त्वपूर्ण वित्तीय निवेश की आवश्यकता होती है, इसलिए पहली पीढ़ी के राजनेताओं के लिए अधिक अनुभवी नेताओं के साथ प्रतिस्पर्धा करना चुनौतीपूर्ण होता है। राजनीति के अपराधीकरण के साथ-साथ पैसा और शारीरिक शक्ति अक्सर शिक्षित युवाओं को सार्वजनिक सेवा में करियर बनाने से रोकती है। प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए, कई राजनीतिक दल युवा नेताओं को निर्णय लेने की शक्ति दिए बिना शामिल करते हैं। इस सतही समावेशन के परिणामस्वरूप युवा राजनेताओं को शासन संरचनाओं में अधिक प्रभाव या परिवर्तन नहीं दिया जाता है।

युवा नेताओं द्वारा समान आर्थिक विकास, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा का समर्थन करने वाली नीतियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बेरोजगारी, जातिगत भेदभाव और लैंगिक समानता जैसे सामाजिक मुद्दों के लिए प्रगतिशील नीतियों और जमीनी स्तर पर भागीदारी की आवश्यकता होती है। संधारणीय कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा पहल और पर्यावरण के अनुकूल शहरी नियोजन सभी को युवा नेतृत्व द्वारा आगे बढ़ाया जा सकता है। ग्रीन इंडिया और क्लीन इंडिया (स्वच्छ भारत) जैसी पहलों के लिए अधिक मज़बूत युवा-संचालित कार्यान्वयन योजनाओं की आवश्यकता होती है। आने वाली पीढ़ी को उन्नत कौशल प्रदान करने के लिए डिजिटल इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया और स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रमों का विस्तार करना आवश्यक है। दुनिया में भारत का नेतृत्व जैव प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में इसके निवेश पर बहुत अधिक निर्भर करेगा। लोकतंत्र के पतन को रोकने के लिए, युवा सक्रियता और नागरिक जुड़ाव को खुले, जवाबदेह और लोगों पर केंद्रित शासन की गारंटी देनी चाहिए। सहभागी शासन मॉडल और सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून को मज़बूत करके लोकतंत्र को गहरा किया जा सकता है।

राजनीतिक दलों द्वारा उम्मीदवारों का चयन उनकी दूरदर्शिता, योग्यता और नेतृत्व की क्षमता के आधार पर किया जाना चाहिए, जिसमें पक्षपात पर योग्यता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। युवा नेताओं को उनके पारिवारिक सम्बंधों के बजाय उनके प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ने में सक्षम बनाने के लिए पार्टियों के भीतर आंतरिक लोकतंत्र को मज़बूत करना आवश्यक है। मेंटरशिप कार्यक्रम स्थापित करके शासन, नीति निर्माण और विधायी प्रक्रियाओं में युवा राजनेताओं को औपचारिक रूप से सलाह दें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थ जीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा। अधिकारियों और बुजुर्गों की कृपादृष्टि रहेगी। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे।

**वृष**
स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी शिकायत रहेगी। वैवाहिक जीवन में मधुरता का अनुभव होगा। सरकारी कामकाज शीघ्रता से पूरे होंगे। शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है।

**मिथुन**
किसी भी मामले में बिना विचारे काम से हानि ही होगी। सरकारी काम में सफलता मिलेगी। आज आपकी कार्य सफलता में दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास की भूमिका होगी। विद्यार्थी पढ़ाई में रुचि बनाए रख सकेंगे।

**कर्क**
आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद्दी व्यवहार पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। परिश्रम के बाद निर्धारित सफलता नहीं मिलने से मन में खिन्नता रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी कमजोर रहेगा। यात्रा के लिए योग्य समय नहीं है।

**सिंह**
आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। चिकित्सा के पीछे खर्च होने की संभावना है। व्यापार में भागीदारों के साथ मतभेद बढ़ेंगे। क्रोध और आवेश पर नियंत्रण रखना पड़ेगा।

**कन्या**
आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। नौकरी-धंधे में तकलीफ और अवरोध उत्पन्न होंगे। ऑफिस में अधिकारियों के साथ वाद-विवाद में पड़ने से हानि होने की आशंका रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला**
दांपत्य जीवन में परेशानी आ सकती है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य खराब होगा। अधीनस्थ व्यक्ति तथा नौकरवर्ग से परेशानी का अनुभव होगा। गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है।

**वृश्चिक**
सरकारी काम में सफलता या लाभ मिलेगा। संतान के पीछे पैसे खर्च होंगे। कलाकारों एवं खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिक्षा दर्शाने के लिए उत्तम समय है। दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे।

**धनु**
आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। आज आपका काफी धन खर्च होगा।

**मकर**
ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा। पदोन्नति मिलने के योग हैं। पारिवारिक सदस्य तथा मित्र मंडल के साथ खुश रहेंगे। व्यापारी वर्ग को लाभ होगा। उत्तम वैवाहिक सुख प्राप्त होने की संभावना है।

**कुंभ**
भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार आपको उलझनपूर्ण स्थिति में रखेंगे। मित्रों सगे- स्नेहियों और पड़ोसियों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। आर्थिक दृष्टि से आपको लाभ होने का योग है।

**मीन**
असंतोष की भावना से मन चिंतित रहेगा। आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाणी, व्यवहार में उग्रता तथा किसी के साथ इगो का टकराव होने की संभावना है। नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

# मोटिवेशनल मंत्र शब्द और मायने



– प्रेम रावत

**एक मायने होते हैं और एक, शब्द होते हैं। मायने शब्दों के होते हैं। तोते केवल शब्द बोलते हैं, लेकिन उनके मायने नहीं समझते। आप कुछ शब्दों के कई मायने होते हैं। क्या हैं? केवल शब्द बोलने वाले तोते, या उन शब्दों के मायने भी समझते हैं। और जब मायने समझ में नहीं आते, तो लोग बहस करते हैं।**

जो सच्चिदानंद है, जो बनानेवाला है वह अनुभव करने की चीज है, व्याख्या करने की चीज नहीं है। उदाहरण के लिए, अगर आप जलेबी खाते हैं और आपको पसंद आती है, तो आप इसकी व्याख्या बाद में कर सकते हैं। लेकिन मनुष्य पहले ही व्याख्या करने लगता है। जबकि उसने अभी जलेबी खाई भी नहीं है। आप जीवित हो या नहीं हो, यह जानने के लिए खुद से पूछिए! सही मायने में जीवित वह प्राणी है जिसके दिल और दिमाग में डर नहीं है। जीवित वह प्राणी है जिसका दिल और दिमाग चिंताओं से मुक्त है। क्लेश में डूबा नहीं है। क्यों बहस करते हैं एक दूसरे से?

आज लोगों के पास इतना पैसा है कि आप कल्पना भी नहीं कर सकते। लेकिन चिंता यही रहती है कि लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं। परंतु कोई यह नहीं सोचता, कोई नहीं पूछता, आप अपने बारे में क्या सोचते हैं! आप समझते हैं कि आपको जीवन मिला और यह बड़े भाग्य से मिला? और दोबारा मिलेगा या नहीं? सच्चाई यह है कि आप आए हैं और एक दिन आपको जाना है। तीन कानून हैं- एक, आप पैदा हुए, एक, आप जीवित हैं, और एक, आपको जाना है।

जो तबला बजाते हैं, उन्हें अभ्यास करना पड़ता है। क्या वे एक दिन ज्यादा जीयेंगे? नहीं। जो कॉलेज के प्रोफेसर बहुत पढ़ते हैं, क्या वह एक दिन ज्यादा जीयेंगे? नहीं। जो रसोइया स्वादिष्ट भोजन बनाता है, क्या वह एक दिन ज्यादा जीयेगा? नहीं।

जो महात्मा वेदों का पाठ करते हैं, मंदिर जाते हैं, घंटी बजाते हैं. क्या वे एक दिन ज्यादा जीयेंगे? नहीं। ये कानून कैसा कानून है? अरे, जो अच्छा करता है उसे एक दिन एक्स्ट्रा मिलना चाहिए। लेकिन नहीं मिलता। जिसने सारी भक्ति की, सारी रामायण पढ़ी, गीता पढ़ी, वेद शास्त्र पढ़े, सब किया, वो भी एक दिन ज्यादा नहीं जीयेगा। हम जो कुछ भी करते हैं. इस दुनिया के लिए करते हैं। और अगर हम चाहते हैं कि हम उस बनानेवाले के लिए करें जिसने हमें यह जीवन दिया है, तो हमें उस बनानेवाले का अनुभव करना चाहिए। अगर मानव का लक्ष्य उस बनानेवाले का अनुभव करना है, तो उसमें कोई गरीब नहीं है, कोई अमीर नहीं है, कोई महिला नहीं है, कोई पुरुष नहीं है, सब बराबर हैं। अगर कोई अनपढ़ है, तो वो भी ठीक है। अगर कोई पढ़ा-लिखा है, तो वो भी ठीक है, अगर वो उस बनानेवाला का अनुभव कर रहा है।

यह बात परमानंद की है, असली आनंद की। और यह तब समझ में आएगा जब आप इस संसार के डर से आगे निकलेंगे। जब आप तनाव की आदत से बाहर आएंगे, तब आपको यह समझ में आएगा। गुरु का एक लक्ष्य यह भी है कि आपके मन को हटाकर आपको उस बनानेवाले की तरफ लगाएं जो आपके अंदर है।

आप जीवित हैं और इससे बड़ा उपहार आपको नहीं मिल सकता। और अगर मिल सकता है, तो वह उपहार यह है कि आप इस सर्वश्रेष्ठ उपहार को जान सकें। गुरु इस बात को संभव करते हैं जिससे हम जान सकें कि हमें क्या मिला है।

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान



अनिल कुमार
(डायरेक्टर द् रिवाज)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं। अनिल कुमार जोकि द् रिवाज रिसॉर्ट के डायरेक्टर हैं। दोस्तों मेहनत रंग तो लाती है समय थोड़ा लग सकता है लेकिन यदि मंशा सही और मार्ग दर्शन सही हो तो सफलता कदम चूमती ही हैं। कामयाबी ना मिले इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। अनिल कुमार का जन्म 6 अप्रेल सन 1987 को अलवर के समीप गाँव जालूकी में हुआ। पिता मजदूरी करके अपने परिवार का लालन पालन करते थे। गाँव की थोड़ी बहुत जमीन बेचकर शहर में आ गए यहां कृपानिधि विद्यापीठ में अनिल ने अपनी पढ़ाई शुरू की ओर घर में पिता के संघर्ष को देखकर खुद भी कक्षा सातवीं से अपनी पढ़ाई करते करते काम करने लगे। ये शादियों में वेटर का काम करते थे उसके बाद 2004 में शादियों में वेटर सप्लाई करने वाले ठेकेदार बन गए उसके बाद तो कामयाबी ने ऐसा हाथ थामा कि कैटरिंग का कार्य शुरू कर दिया और जोकि आज भी निरंतर जारी है।

आज अलवर शहर का द् रिवाज रिसॉर्ट के डायरेक्टर हैं सन 2019 में जयकृष्ण क्लब लिया और आज आस्था मैरिज होम खैरथल और अलवर द रिवाज रिसॉर्ट के निदेशक हैं। अपनी मेहनत के बल पर एक वेटर से बेस्ट केटर तक के सफर में अनिल कुमार का कहना है कि मेहनत का कोई सानी नहीं। बस कामयाबी यदि किस्मत में ना भी हो तो एक बानगी मेहनत या पुरूषार्थ के बल पर कामयाबी के पास पहुँचा जा सकता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम ऐसे उर्जा वान नौजवान के उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_042 a बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | 5 | 8 | | 2 | |
| | | 4 | | 2 | | | 1 | |
| 6 | | 5 | | 3 | 7 | 8 | | 9 |
| | | 8 | 6 | | 9 | 1 | | |
| | 1 | | | | 5 | 9 | 6 | 8 |
| 5 | 9 | | | 8 | 1 | | 7 | 4 |
| | 6 | | | 1 | | | | 5 |
| | 7 | 9 | | 6 | | 2 | | |
| | | 2 | 7 | 9 | | 4 | 8 | 6 |

**Ans_2025_041**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 9 | 8 | 1 | 3 | 4 | 2 | 5 |
| 1 | 4 | 2 | 6 | 7 | 5 | 9 | 3 | 8 |
| 3 | 5 | 8 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 1 |
| 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 8 | 3 | 1 | 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 9 |
| 4 | 1 | 7 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 1 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# धोखाधड़ी से जमीन हड़पने का मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** खण्डार क्षेत्र में बहरावण्डा खुर्द निवासी एक जने ने खण्डार थाने में दो आरोपियों के खिलाफ फर्जी व कूटरचित पट्टा बनाकर धोखाधड़ी से जमीन हड़पने के आरोप की जरिए इस्तगासा प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित रमेश चन्द गोयल पुत्र प्रभुदयाल गोयल निवासी बहरावण्डा खुर्द ने आरोपी मांगीलाल दत्तक पुत्र रामनिवास शर्मा, नरेन्द्र पुत्र मांगीलाल शर्मा दौलतपुरा हाल निवासी बहरावण्डा खुर्द पर प्राथमिकी में कई आरोप लगाए है। थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह के अनुसार पीड़ित ने दर्ज प्राथमिकी में बताया कि उसका बहरावण्डा खुर्द में बस स्टैण्ड के पास एक भूखण्ड कल्याण पुत्र दोला जाट से खरीदा था। वहां तारफेन्सिंग व गेट लगा हुआ है। आरोप है कि कुछ लोगों ने परिसर पर अतिक्रमण कर लिया है। इस पर पीड़ित ने न्यायालय सिविल न्यायाधीश खण्डार में दावा पेश किया था। इस पर न्यायालय की ओर से 12 दिसम्बर 2020 को निर्णय सुनाकर परिसर पर पीड़ित का आधिपत्य एवं स्वामित्व मानते हुए उसके पक्ष में डिक्री किया गया। इसके बाद आरोपी मांगीलाल व नरेन्द्र ने परिवादी के परिसर को हड़पने की मंशा से षड्यंत्रपूर्वक एक फर्जी कूटरचित पट्टा संख्या शून्य तैयार किया गया। पुलिस ने बताया कि फर्जी पट्टे के सम्बन्ध में न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर की ओर से विकास अधिकारी पंचायत समिति खण्डार को संबंधित पट्टे की जांच के निर्देश दिए गए थे।

# गीव अप अभियान

## सक्षम परिवार खाद्य सुरक्षा योजना में स्वेच्छा से अपना नाम हटवाएं, 736 परिवारों के आवेदन प्राप्त

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से गीव अप अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित सक्षम व्यक्तियों के नाम स्वेच्छा से हटाये जाने है। जिला रसद अधिकारी इद्रपाल मीणा ने बताया कि इस श्रेणी के परिवार 28 फरवरी-2025 तक अपना नाम स्वेच्छा से हटवा लें। इस तिथि के बाद अपात्र पाये जाने पर परिवारों के खिलाफ नियमानुसार वसूली, कानूनी कार्यवाही ही जावेगी। सोमवार तक 736 आवेदन प्राप्त हो चुके है। जिला रसद अधिकारी ने सभी सक्षम परिवारों से अपील कि है कि वे स्वेच्छा से आगे बढ़कर अपना नाम हटवा लें, ताकि वास्तविक पात्र एवं वांछित परिवार खाद्य सुरक्षा में अपना नाम जुड़वा सकें।

# मुखबिर की शिकायत, खाद्य विभाग की कार्यवाही, बर्थडे केक का लिया नमूना

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है! मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि सोमवार को खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा सवाई माधोपुर मुख्यालय पर बजरंग नगर स्थित होटल द बाग गढ़ रिसॉर्ट पर कार्यवाही की गई। वहां पहुँची टीम ने वहाँ रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया तथा मौके से पनीर व हरी चटनी के नमूने लिए। इसके बाद टीम रणथम्भौर रोड स्थित श्री गणेश मिष्ठान भंडार पहुँची वहाँ से मलाई बर्फी का नमूना लिया। विभाग को, मुखबिर की सड़े केक की शिकायत पर टीम बज़रिया स्थित रतलामी सेव भंडार पहुँची वहाँ से बर्थडे केक का नमूना खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के अंतर्गत लिया गया। लिए गए सभी नमूनों को प्रयोगशाला जांच हेतु जयपुर लैब भेजा गया। रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# शक्ति दिवसः अनीमिया से बचाने के लिए गर्भवतियों, बच्चों को पिलाई आयरन की खुराक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत बच्चों, किशोर-किशोरियों, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनीमिया की दर कम करने के लिए प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप आयोजित किया जा रहा है इसी क्रम में मंगलवार को जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों पर शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। जिले के सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हैल्थ वेलनेस सेंटर पर नियमित ओपीडी के अलावा मरीजों के हिमोग्लोबीन की जांच और उपचार किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि सभी महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों को शक्ति दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि शक्ति दिवस का मुख्य उद्देश्य समुदाय व लाभार्थियों में अनीमिया नियंत्रण के लिए स्क्रीनिंग, हिमोग्लोबीन की जांच, उपचार तथा एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयरन स्वास्थ्य के लिए किस प्रकार आवश्यक है और इसकी कमी होने से किस प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं। कार्यक्रम में महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों का हीमोग्लोबिन जांच कर आयरन की दवाएं दी गई। जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा सत्रों का निरीक्षण किया, दवाओं की उपलब्धता की जांच, सभी आयुवर्गों की उपस्थिति की जांच की। चिकित्सा संस्थानों पर एएनएम द्वारा समस्त लक्षित लाभार्थियों की एनीमिया की स्क्रीनिंग की गई, महिलाओं एवम् बच्चों को थकान, भूख ना लगना, नाखूनों का सफेद होना, जीभ पर सफेद परत का होना जैसे कुछ सामान्य लक्षणों के आधार पर तथा एनीमिक पाए गए लोगों को दवा वितरित की गई।

# मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनाः ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी तक बढ़ाई

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनान्तर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा ऑनलाईन पोर्टल पर सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में निःशुल्क कोचिंग करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाईन आवेदन किये जाने की तिथि पूर्व में विभाग द्वारा दिनांक 1 फरवरी 2025 से 10 फरवरी 2025 निर्धारित की गई थी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक मीना आर्य ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निःशुल्क कोचिंग करने हेतु ऑनलाईन आवेदन किये जाने की पूर्व में निर्धारित अंतिम तिथि को दिनांक 15 फरवरी 2025 तक बढ़ा दिया गया है।

## "जनप्रतिनिधि आपके द्वार"

# लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि, विकास कार्यों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी-कन्हैयालाल चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी मंगलवार को उपखंड टोडारायसिंह के दौरे पर रहे। जहां उन्होंने एक दर्जन से अधिक गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं को सुना। ग्राम भांसू, रामसिंहपुरा, दाबड़दुंबा, बद्रीपुरा, नारेड़ा, मूंडियाकलां, गणेशपुरा, निमेड़ा, बड़ी पथराज, छोटी पथराज, भांवता, लक्ष्मीपुरा, खेडूल्या एवं बस्सी में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया। जलदाय मंत्री ने कहा क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। प्राथमिकता के आधार विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका उपखंड अधिकारी टोडारायसिंह कपिल शर्मा, तहसीलदार राहुल शर्मा, विकास अधिकारी सतपाल कुमावत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संत कुमार जैन, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामचंद्र गुर्जर समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। जलदाय मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि होती है। जनता से पूछ कर ही जनप्रतिनिधियों को विकास के काम कराने चाहिए। विकास कार्यों में जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसलिए मैं आज आपके बीच आया हूं। आप अपनी समस्याएं और ग्राम पंचायत में कराए जाने वाले कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर बताएं। आने वाले 4 साल में इन कामों को पूरा कराया जाएगा। जलदाय मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र के गांवों की पेयजल समस्या को दूर करने के लिए ग्राम दाबड़दुंबा, मुंडियाकलां, भांसू, लक्ष्मीपुरा, भावता समेत 24 गांव को 22 करोड़ रुपए की लागत से फिल्टर प्लांट लगाकर बीसलपुर का मीठा पानी को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए लोहे की पाईप लाइन डाली जाएगी, ताकि ग्रामीणों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पानी मिल सके। जलदाय मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में इन गांवों को जोड़ने के लिए एमडीआर सड़क का निर्माण कराया जाएगा, ताकि लोगों को आवागमन के लिए बेहतर कनेक्टिविटी सुलभ हो सके।

### युवा पीढ़ी नशे से दूर रहने की दी हिदायत

जलदाय मंत्री श्री चौधरी ने युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने की हिदायत देते हुए कहा कि वे देश का भविष्य है। उन्हें देश निर्माण एवं रचनात्मक कार्यों में अपनी ऊर्जा को लगाना चाहिए, ताकि देश के विकास में उनकी भागीदारी तय हो सके।

### शिक्षकों को विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के निर्देश

जलदाय मंत्री श्री चौधरी ने जनसुनवाई के दौरान विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति, नामांकन, शिक्षकों की संख्या, शैक्षणिक स्तर आदि की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालयों में नामांकन की कम संख्या पर नाराजगी जाहिर की। साथ ही, शिक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यालयों में विद्यार्थियों का नामांकन बढ़ाया जाए। अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।




### गांव में साफ-सफाई रखने की समझाइश की

जलदाय मंत्री ने गांव में साफ-सफाई रखने की समझाइश की। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि गांव में साफ-सफाई रखना आवश्यक है।

इसके लिए ग्राम पंचायतों को घर-घर कचरा गाड़ी उपलब्ध कराई जा रही है। ग्रामीणों का भी यह दायित्व है कि अपने घर के कचरे को कचरा गाड़ी में ही डाले। उन्होंने विकास अधिकारी सतपाल कुमावत को क्षतिग्रस्त नालियों को ठीक कराने के निर्देश दिए।

### सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए किया प्रेरित

जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान श्री चौधरी ने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पीएम आवास, पेंशन, माँ वाउचर, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, खाद्य सुरक्षा, पालनहार, लखपति दीदी, पीएम विश्वकर्मा, आयुष्मान कार्ड, पीएम एवं सीएम किसान सम्मान निधि, पीएम मातृ वंदना योजना समेत अन्य कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

# अनियंत्रित होकर ट्रक में घुसी कार, एक ही परिवार के तीन लोग घायल

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** बौंली उपखण्ड क्षेत्र के निकट दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर गत दिवस एक कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। कार ट्रक में फंस गई, जिसे जेसीबी से निकाला गया। कार में सवार नोएडा निवासी सात साल के बच्चे सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से बौंली सामुदायिक चिकित्सा केंद्र लाया गया। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। डॉ. हेमंत मीणा ने बताया कि हादसे में 60 वर्षीय गीतिका बहल पत्नी जीवन बहल, 64 वर्षीय जीवन बहल पुत्र कृष्ण मोहन व सात वर्षीय आर्व बहल पुत्र अनमोल बहल निवासी नोएडा गंभीर घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार नोएडा निवासी एक ही परिवार के आठ लोग दो कारों से रणथम्भौर घूमकर नोएडा लौट रहे थे। इस दौरान बौंली क्षेत्र के समीप एक्सप्रेस-वे पर इनकी कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। इससे कार का अग्रिम हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना के बाद हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। सूचना पर एंबुलेंस भी पहुंची। थाना पुलिस, ड्राइवर उस्मान व अन्य लोगों ने घायलों को बमुश्किल कार से निकाला और कार को जेसीबी से पीछे हटवाया। जिसके बाद सभी घायलों को एंबुलेंस से बौंली सामुदायिक चिकित्सा केंद्र लाया गया। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। कार को जीवन बहल ड्राइव कर रहे थे।

वहीं उनके साथ चल रही अन्य कार को उनका बेटा अर्जुन ड्राइव कर रहा था।

# प. दीनदयाल उपाध्याय ने रखी लोकतान्त्रिक एवं संगठित भारत की नीवं



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा( नि.स. )।** कस्बे में स्थित मुंदड़ा बालाजी के मन्दिर परिसर में मंगलवार को भाजपा नटवाड़ा मण्डल के तत्वावधान में दीनदलाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्वाजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर प. उपाध्याय की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर याद किया गया। मण्डल अध्यक्ष बद्री विजय ने कहा कि प. उपाध्याय ने आजादी से पूर्व ही लोकतान्त्रिक एवं संगठित भारत की नीवं रखी। एकात्म मानववाद विचाधारा को समावेशित करते हुऐ उन्होने सभी वर्गो का ध्यान रखते हुए सभी को जीवन में आगे बढने के लिए समानता का अधिकार देकर देश को नई दिषा दी। भाजपा कार्यकर्ताओ ने अपने.अपने घरो पर भाजापाई ध्वज फहरा कर प. उपाध्याय को श्रद्वाजलि अर्पित की। इस अवसर पर शंकर जांगिड़, सांवरा जोशी, लोकेश खादवाल,सुनील जाट, मुकेश शर्मा, शंकर जाट, जीएसएस अध्यक्ष देवनारायण गुर्जर, रामजी झामरेल, जगदीश नारायण शास्त्री, ज्ञानप्रकाश बोकन सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पन्नाधाय महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** पन्नाधाय महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसके अन्तर्गत वाद-विवाद, आशु भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बैंक ऑफ इण्डिया के प्रबंधक श्री गिर्राज जी चौधरी एंव अध्यक्षता महाविद्यालय के निदेशक श्री चन्द्रवीर सिंह चौहान ने की। प्राचार्य डॉ0 चंचल गर्ग ने बताया कि मुख्य अतिथि चौधरी जी द्वारा छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा से सबंधित जानकारिया दी। महाविद्यालय निदेशक चन्द्रवीर सिंह चौहान ने सामजिक कार्यो में भागीदारी बढाने के लिए छात्र- छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

मीडिया प्रभारी परितोष गौतम ने बताया कि निदेशक चन्द्रवीर सिंह चौहान एंव मैनेजर गिर्राज चौधरी ने एक महाविद्यालय श्रेष्ठ महाविद्यालय कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को निशुल्क बेग एंव विजेता छात्र- छात्राओं को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिविर प्रभारी गणेश जाट, विजयलक्ष्मी गौतम, हिना महावर, रमा गौतम, शारीरिक शिक्षक खुशीराम मीणा, उपस्थित रहे। मंच संचालन सुरेश जी गुर्जर ने किया ।

# करियर मेले में बच्चों को तनाव मुक्त होकर अपने रूचि अनुरुप विषय लेने की दी सलाह



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा( नि.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पराना में सैकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए डायल फ्यूचर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य सैयद मुशीर अहमद ने बताया कि सैकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अक्सर विद्यार्थी विषय चयन को लेकर असमंजस में रहते है। इस समस्या के समाधान को लेकर विद्यालय में विद्यार्थियों से विषय चयन एवम केरियर निर्माण संबंधित काउंसिलिंग की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य ने सैकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण बच्चों से संवाद किया। इस अवसर पर सैयद मुशीर ने कहा कि अपनी रूचि को पहचान कर सही विषयों का चयन करना चाहिए। इस अवसर पर मुशीर ने विविध विषयों में केरियर की सम्भावनाओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं के टॉपर विद्यार्थियों का भी अभिनन्दन किया गया। व्याख्याता शंकर लाल चौधरी ने परंपरागत विषयों के साथ साथ नवीन विषयों में दक्षता हासिल करने पर जोर दिया।

विधार्थियों ने आए हुए अतिथियों को अपने प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत बताया। इसी दौरान विधालय में प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। केरियर निर्माण के विविध आयाम पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सैयद मुशीर अहमद, शकंर लाल जाट, राजेन्द्र मीणा ,ओम प्रकाश महावर, राम प्रसाद जाट, रामावतार जाट, गजानंद मीणा, प्रिया शर्मा, सविता सोनी ,बीना मीना, योगेश जाखड़ ,शिवराज शर्मा, घनश्याम बेरवा, विजय कुमार डंगोरिया, सुनील वर्मा, घनश्याम बेरवा, मदन मीणा ,सहित अभिभावक ग्रामीण शिक्षक विद्यार्थी मौजूद थे।

# सवाई माधोपुर के छात्र ने कोटा में की आत्महत्या

## अंकुश नीट की तैयारी कर रहा था

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान के कोचिंग हब कोटा में एक और छात्र ने आत्महत्या कर ली।

मृतक छात्र की पहचान 18 वर्षीय अंकुश मीणा के रूप में हुई है, जो सवाई माधोपुर का रहने वाला था। वह पिछले दो साल से कोटा में रहकर मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहा था।

### कमरे में पंखे से लटका मिला शव



अंकुश कोटा के दादाबाड़ी इलाके के प्रताप नगर में एक पीजी में रहता था। मंगलवार को जब उसने दरवाजा नहीं खोला तो पीजी मालिक को शक हुआ। कई बार खटखटाने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला, तो दरवाजा तोड़ा गया। अंदर देखा तो अंकुश का शव पंखे से लटका मिला।

**कारणों का नहीं लगा पताः** पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी सुसाइड के कारणों का पता नहीं चला है। सुसाइड पढ़ाई की वजह से मानसिक तनाव या व्यक्तिगत कारणों से हुई है जांच की जा रही है।

**शव को भेजा पोस्टमार्टम के लिएः** पुलिस ने अंकुश के माता-पिता को सूचना दे दी है और उसके शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कोटा में 2 महीने में अब तक 7 विद्यार्थी आत्महत्या कर चुके हैं।

# लेबर रूम को सशक्त करने के लिए नर्सिंग स्टाफ को दिया प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिले के चिकित्सा संस्थानों के लेबर रूम की सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनिल कुमार जैमिनी की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने बताया कि गर्भवतियों को प्रसव के दौरान उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने के लिए दक्षता कार्यक्रम विकसित किया गया है। इस पहल का एक महत्वपूर्ण घटक प्रसव के दौरान किए जाने वाले प्रमुख जीवन-रक्षक अभ्यासों में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का कौशल निर्माण करना है। दक्षता पहल के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से मातृ एवं नवजात मृत्यु दर में कमी लाई जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। तीन दिवसीय प्रशिक्षण डॉ कविता नंदवानी व आदित्य तोमर द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में लेबर रूम संबंधी एविडेंस बेस प्रेक्टिस, पीपीएच मैनेजमेंट, उच्च गुणवत्तापूर्ण, प्रसव पूर्व परीक्षण, एक्लेम्पिशया मैनेजमेंट, क्वालिटी केयर की महत्ता, सेफ चाइल्डबर्थ चेकलिस्ट, क्रिटिकल प्रसव के आंकलन, हैंड वाशिंग, हाइजीन, बीपी शुगर जांच, मेजर कॉम्प्लिकेशन में दी जानी वाली दवाएं और जांच, इन्फेक्शन मैनेजमेंट, प्री टर्म डिलीवरी, लेबर प्रोग्रेस, प्रसव सखी, पोस्ट पार्टम काउंसलिंग व जटिलताएं, खतरे के निशान, इंफेक्शन प्रिवेंशन, बायो मेडिकल वेस्ट के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# चिकित्सालय में कम्प्यूटर आपरेटर्स का 2 घंटे का कार्य बहिष्कार

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय के कम्प्यूटर आपरेटर द्वारा वेतन नहीं मिलने पर 2 घंटे का कार्य बहिष्कार किया गया । जिसमें सामान्य चिकित्सालयए महिला एवं शिशु चिकित्सालय के सभी डाटा एंट्री ऑपरेटर द्वारा विरोध दर्ज कराया। इसमें संविदा कर्मी कम्प्यूटर आपरेटर सचिव यश जोशी ने बताया कि वेतन और एरियर राशि का भुगतान नहीं करने पर सभी कर्मचारियों मे रोष व्याप्त है। कम्प्यूटर आपरेटर सुपरवाइजर नितेश शर्मा ने बताया कि फर्म ने एरियर अभी तक नहीं दिया। हर महीने में वेतन देरी से जमा होता है ।

प्लेसमेंट एजेंसी और ठेकेदार सहित प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को एक दिन पहले ही 2 घंटे का कार्य बहिष्कार के लिए अवगत कराया गया। उसके बावजूद भी समाधान नहीं होने पर काम का बहिष्कार करना पड़ा । इसे मरीजों कि पर्ची, मुख्यमंत्री आरोग्य, जांच एवं दवा योजना एवं अकाउंट आफिस का कार्य बंधित रहा । मामले में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुनील चौहान का कहना है कि संबंधित फर्म पर नियम अनुसार कारवाही एवं 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इसमें ज्ञानेंद्र, हुकम शर्मा, नितेश राजौरा,मनोज, रूपसिंह, अखिल शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, तरुण शर्मा, दीपक,देवेन्द्र शर्मा, मुरारी, तेज कुमार शर्मा, धर्मेंद्र, मुकुल मीणा, प्रिया मीणा, कपिल शर्मा, राजेश, राकेश तिवारी अन्य कम्प्यूटर आपरेटर साथी मौजूद रहे।

# बस स्टैंड के बाहर रिक्शा स्टैंड की टूटी चादर, खुला नाला भाकपा ने जताई आपत्ति

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शहर कमेटी ने विज्ञप्ति जारी कर नगर निगम की लापरवाही के कारण रिक्शा स्टैंड की चद्दर टूटी होने एवं नाले का पटाव भी खुला होने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई हैं। विज्ञप्ति मे बताया कि बस स्टैंड के बाहर सुलभ शौचालय के पास बने रिक्शा चालकों के लिए तैयार किया गया टीन शैड काफी लम्बे समय से क्षतिग्रस्त हो रहा है टीनशैड जिन गाडर पर बनाया गया है वह भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। जो कभी भी घटना को अन्जाम दे सकती है वहीं पर नाले का पटाव भी खुला हुआ है जिससे बदबू तो आती ही है वह भी रात अन्धेरे मे अथवा अनजाने में किसी भी दुर्घटना घटित हो सकती हैं।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शहर कमेटी प्रशासन से मांग करती हैं कि रिक्शा स्टैंड की चद्दर,गाडर रिपेयर कराने एवं नाले का पटाव शीघ्र कराने के निर्देश



देवे ।जिससे किसी भी दुर्घटना की आशंका को दूर किया जा सके।

जिला कलक्टर ने वीसी के माध्यम से साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली

# हर ब्लॉक में मनरेगा से 5-5 खेल मैदान के प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश

## फार्मर रजिस्ट्री कैम्प, सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं व केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में समस्त उपखण्ड अधिकारियों सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देश दिये कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के सभी पात्र व्यक्तियों को लाभांवित कराने के साथ आमजन की परिवेदनाओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें। उन्होंने एग्रीस्टैक योजना के तहत जिले में लगाए गए फार्मर रजिस्ट्री शिविरों की समीक्षा की। इन शिविरों में मंगला पशु बीमा योजना के शत.प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने पर उन्होंने पशुपालन विभाग के कार्यों की सराहना की। इसी प्रकार लक्ष्यों में अच्छी प्रगति अर्जित करने पर कृषि विभाग की भी सराहना की। पेंशन सत्यापन कार्य में अपेक्षाकृत कम प्रगति पर उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक को नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिये कि जिन 12 ग्राम पंचायतों में यह कैम्प आयोजित हो चुके हैं उनमें आगामी चार दिन में शत.प्रतिशत पेंशन सत्यापन कार्य पूर्ण कराने तथा जिले में शेष रहे सत्यापन कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में चल रहे गिरदावरी के कार्य को 5 मार्च तक शत.प्रतिशत पूर्ण करवाएं। इसके लिए प्रभावी मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि नियमानुसार ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन के प्रस्ताव यथाशीघ्र भिजवाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन ग्राम पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री कैम्प आयोजित हो चुके हैं उनमें पुनः टीम भेजकर लक्षित सभी किसानों की आईडी आगामी चार दिवस में बनवाना सुनिश्चित करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि एक सप्ताह के पश्चात पुनः सभी ब्लॉकों में फार्मर रजिस्ट्री कैम्प लगाए जाएंगेए अतः इसकी पूर्ण तैयारी करावे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि राजस्व से संबंधित सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण कराना सुनिश्चित करावे। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री कैम्प में विगत एक सप्ताह के दौरान विकास अधिकारियों द्वारा अच्छी प्रगति की सराहना करते हुए निर्देश दिये कि जल संचय जन भागीदारी योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में अधिकाधिक जल संरक्षण के कार्य स्वीकृत कराकर उन्हें प्रारम्भ करावे। उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक में 5.5 खेल मैदान मनरेगा से तैयार कराने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये।उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की समीक्षा कर निर्देश दिये कि प्रत्येक अधिकारी प्रतिदिन पोर्टल का अवलोकन करें। साथ ही परिवेदनाओं का निस्तारण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लीड बैंक अधिकारी को निर्देश दिये कि मनरेगा श्रमिकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जोडने के लिए ग्राम पंचायतों में कार्यरत बीसी को निर्देशित करें कि मनरेगा कार्य स्थल पर जाकर सभी श्रमिकों को इस योजना से जोडना सुनिश्चित करें। बैठक में इस दौरान एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रविन्द्र, उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से समस्त उपखण्ड अधिकारी व विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# पण्डित जी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी सार्थक जब अंतिम व्यक्ति को दिलाएं लाभ : शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के नीमूचानणा मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मण्डल अध्यक्ष कांता सतेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में मनाई गई। सर्वप्रथम पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि दी गई। इस मौके पर बोलते हुए अध्यक्ष कान्ता सतेन्द्र शर्मा ने कहा कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी सार्थक होगी जब भाजपा का कार्यकर्त्ता अंतिम व्यक्ति पर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाएगा। उन्होंने कहा कि उनका बताया मार्ग अंत्योदय है जिस पर चलने का प्रण भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्त्ता ले। इस मौके उपस्थित सभी भाजपाईयों ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलने की शपथ ली। इस मौके पर कराणा सरपंच देवीसिंह शेखावत,संतोष,जयचंद सैनी,भरत सिंह, सत्येंद्र शर्मा, दयाराम गुर्जर,रविकांत शर्मा, सुमित शर्मा,जगमोहन सिंह, किशन सिंह, जगदीश सैनी, कृष्ण असवाल, बनवारी लाल,हंसराज गुर्जर,इंद्राज सोलंकी,पीके प्रजापत,पुरुषोत्तम गौतम,रतनलाल सैनी,जयप्रकाश गुर्जर,ख्यालीराम प्रजापत, राजेश गुप्ता,अमित गौतम,पुरुषोत्तम गौतम सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सात दिवस के लिये सांकेतिक रूप से न्यायिक कार्यो से विरत रहने का लिया निर्णय

## राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश व मुख्यमंत्री समेत अन्य को भेजा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

### कोटपूतली मुख्यालय पर ही खुले जिला एवं सत्र न्यायालय जिला अभिभाषक संघ ने किया सांकेतिक धरना प्रदर्शन



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड़ में जिला एवं सत्र न्यायालय कहां खोला जायें, इसका विवाद तुल पकड़ता जा रहा है। हालांकि राज्य सरकार ने नवगठित जिले का मुख्यालय कोटपूतली को मानते हुये यहाँ जिला कलक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक समेत अन्य कई मुख्य कार्यालयों को पहले से ही कोटपूतली में खोला है। अभी तक जिला एवं सत्र न्यायालय जयपुर एवं अलवर के तहत कार्य कर रहे कोटपूतली-बहरोड़ जिले का नया जिला एवं सत्र न्यायालय स्थापित किया जाना है। जिसको लेकर पूर्व में ही कोटपूतली में स्थान भी चयनित कर दिया गया है। साथ ही आने वाले मार्च माह के आसपास डीजे कोर्ट के कोटपूतली में ही शुरू होने की सम्भावनायें भी जताई जा रही है। किन्तु बहरोड़ अभिभाषक संघ ने बहरोड़ में जिला न्यायालय खुलवाने के लिये पैन डाउन हड़ताल शुरू कर दी है। इसी क्रम में जिला अभिभाषक संघ के बैनर तले कोटपूतली के अधिवक्ताओं ने भी कोटपूतली मुख्यालय पर ही जिला न्यायालय खोले जाने को लेकर मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में सांकेतिक रूप से धरना प्रदर्शन करते हुये आगामी सात दिनों के लिये न्यायिक कार्यो से विरत रहने का निर्णय लिया है। संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर ने बताया कि कोटपूतली मुख्यालय पर जिला न्यायालय खोले जाने के लिये राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर पीठ के मुख्य न्यायाधीश, मुख्यमंत्री भजन लाल, विधि मंत्री जोगाराम पटेल, जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयपुर, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोटपूतली, जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर जिला एवं सत्र न्यायालय एवं उनके समकक्ष न्यायालयों को कोटपूतली में ही खोले जाने की मांग की है। कोटपूतली में जिला न्यायालय खोले जाने की मांग को लेकर अभिभाषक संघ पावटा के अधिवक्ताओं ने भी उक्त जगहों पर ज्ञापन भेजा है। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# स्वर्ण प्राशन की खुराक से बढ़ाई जाएगी बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता- अलवर में शुरू हुआ अभियान



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** भाग दौड़ की जिंदगी में लोग इतने व्यस्त हो गए हैं, कि प्राचीन समय में चलने वाला आयुर्वेद के भाव को लोग धीरे-धीरे भूल रहे हैं। छोटे बच्चे भी इससे अछूते नहीं हैं, वे भी कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता की वजह से बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। अलवर के जिला अस्पताल सहित निजी चिकित्सालय में बच्चों की ओपीडी भी बढ़ी है। जिसके चलते उनके परिजन भी परेशान रहते हैं,मगर ऐसे में पदम् प्रभु जैन ओषधालय में स्वर्ण प्राशन अभियान मंगलवार से शुरू किया गया है पदम् प्रभु जैन ओषधालय में आर्युवेद आचार्य अनिल जैन के सानिध्य में 6 माह से 16 साल के बच्चों को नि:शुल्क स्वर्णपाशन करवाया गया और लोगों को इसके बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनईबी थाना अधिकारी दिनेश मीणा रहे । जैन समाज के लोगों द्वारा मुख्य अतिथि का माला पहनकर सम्मान किया गया। इस पुनीत कार्यक्रम में थानाधिकारी एनईबी दिनेश मीणा ने बच्चों को पिलाई स्वर्णपाशन की बूंदे। आर्युवेद आचार्य अनिल कुमार जैन ने बताया कि इस ऋतु में बच्चों को स्वर्णपाशन का लाभ मिलेगा। 1 माह तक बच्चों को नि:शुल्क स्वर्णपाशन पिलाया जाएगा।

# ब्रह्माकुमारीज ने महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में निकाली शोभा यात्रा, दिया शिव सन्देश



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली बहरोड जिले के बर्डोद कस्बे के ब्रह्माकुमारीज सेंटर पर मंगलवार को महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में एक दिवसीय उत्सव उत्सव मनाया गया। उत्सव से पूर्व बहनों ने शिव ध्वजा हाथों में लहराते हुए, शिव सन्देश सुनाते हुए, शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा अलवर बहरोड़ स्टेट हाइवे पर निजी घर से प्रारम्भ होकर, ब्रह्माकुमारीज सेंटर पर सम्पन्न हुई। साथ ही बहनों के घरों पर ध्वजा रोहण कर, शिव संदेश सुनाकर जन जन को जागरुक किया। ब्रह्माकुमारीज संस्था की मुख्य संचालिका गौरी दीदी ने शिव और शान्ति के संदेश देते हुए, महाशिवरात्रि की सभी को शुभकामनाएं दी। साथ ही ब्रह्माकुमारीज सेंटर पर बहनो ने शिव गीतों पर नृत्य व गान करते हुए उत्सव मनाया गया। प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर ब्रह्माकुमारीज संचालिका निधि दीदी, गिर्राज प्रसाद लखेरा, हरनारायण सैनी गाँधी सहित बहने व भाई मौजूद रहे।

# विजयवर्गीय समाज ने मनाई रामचरण जी महाराज की जयंती



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** विजयवर्गीय समाज राजगढ़ द्वारा अपने आराध्य देव श्री श्री 1008 श्री रामचरण जी महाराज का 305 वां प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। विजयवर्गीय समाज के कोषाध्यक्ष अजय विजय ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज ने अपने आराध्य देव श्री रामचरण जी महाराज का प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष सत्य प्रकाश, पूर्व अलवर प्रदेश अध्यक्ष खैराती लाल, पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, मंत्री पवन कुमार एवं समाज बंधुओं द्वारा रामचरण जी महाराज की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की विधिवत शुभारंभ किया तत्पश्चात जितेन्द्र सोनी और उनकी मंडली द्वारा संगीतमय सुंदरकांड एवं भजन संध्या का समाज बंधुओं ने मंत्रमुग्ध होकर आंनद लिया महाराज श्री की महाआरती एवं भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। महाराज श्री रामचरण जी के इस 305 वें प्राकट्य दिवस के अवसर पर प्रहलाद, विकास, राजेंद्र, संतोष , सतीश , शम्भू दयाल, विशाल, अंकित, शिवशंकर, रमाकांत , संत कुमार, मीना, सीमा , आशा, प्रेम, माया,मेघा, चंद्रकांता , ममता, शीला, शिवानी, माला सहित अनेक समाज बंधु मौजूद रहे।

# यातायात नियमों के बारे में आमजन को जागरूक करें : एडीएम

बढ़ता राजस्थान

## जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को एडीएम ओमप्रकाश सहारण की अध्यक्षता में जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सडक़ सुरक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं और सडक़ों की स्थिति की समीक्षा करते हुये सडक़ दुर्घटनाओं और इसके कारणों पर गहराई से चर्चा की गई। इस दौरान ओवरस्पीडिंग, ट्रैफिक प्रबंधन, ब्लैक स्पॉट, साईन बोर्ड, यातायात नियमों के बारे में प्रचार-प्रसार करने, आपातकालीन सेवाओं और एम्बुलेंस रिस्पॉन्स टाईम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तृत विचार-विमर्श कर संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये। एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने फोरलेन सडक़ों के मध्य अनाधिकृत कट्स एवं ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुये उन्हें बंद करने के निर्देश दिये। साथ ही सर्वे कर दुर्घटना संभावित स्थानों, अनाधिकृत पार्किंग को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा, जिससे सडक़ दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने सडक़ों की मरम्मत, नेशनल हाईवे पर आवश्यक स्थानों पर हैल्प लाईन नंबर प्रदर्शित करने, आईआरडीए ऐप पर दर्ज ब्लैक स्पॉट की स्थिति के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किये। उन्होंने स्थानीय आवश्यकता व दुर्घटना कारणों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विभागों को आपसी समन्वय से कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने सडक़ सुरक्षा को बढ़ावा देने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये विभिन्न उपायों पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिये कि ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित किया जायें और लोगों को जागरूक किया जायें। उन्होंने नगर परिषद को शहर में घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़ कर अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर छोडऩे व सडक़ किनारे हो रहे अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दुर्घटना की स्थिति में चिकित्सकीय सहायता तुरंत उपलब्ध करवाने हेतु आवश्यक मेडिकल टीम, सम्पूर्ण चिकित्सा सुविधा युक्त एम्बुलेंस पर्याप्त संख्या में सदैव एक्टिव रखने के निर्देश दियें, जिससे कि घायलों को तुरंत ईलाज मुहैया कराया जा सके। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी सुनील कुमार सैनी सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विभाग संबंधी योजनाओं के बारे में काश्तकारों को जागरूक कर लाभान्वित करें : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला सहकारिता विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 हेतु सहकारिता कैलेंडर पर चर्चा की गई एवं विभाग की कार्य योजना माहवार सम्मिलित की गई। जिला कलक्टर ने कहा कि अधिकाधिक काश्तकारों को जागरूक कर समिति द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी प्रदान कर लाभान्वित करें। तकनीकी खामियों को दूर कर योजनाओं को किसानों तक पहुंचायें। उन्होंने जीएसएस इकाइयों पर ई-मित्र व जन औषधि केंद्र स्थापित कर बहुउद्देशीय जीएसएस बनाने की कार्ययोजना की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। सहकारिता से संबंधित अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर समिति में सहकारिता से संबंधित कार्यों पर बल देने व जिले में सहकारिता को समृद्ध बनाने हेतु निर्देश दिये। बैठक में एडीएम ओमप्रकाश सहारण, उप रजिस्टार सहकारिता विभाग, अधिशाषी अधिकारी केंद्रीय सहकारी बैंक जयपुर व संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अटेंशन स्पान समझो और उतनी ही प्लानिंग करो, मोबाइल हमारा शत्रु है : डॉ. गोस्वामी

## नीट टारगेट स्टूडेंट्स की क्लास में पहुंचे जिला कलेक्टर, परीक्षा से 85 दिन पहले की तैयारी के टिप्स और ट्रिक्स बताए

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** जिला प्रशासन के कोटा केयर्स अभियान के तहत जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी मंगलवार को बारां रोड स्थित एलन सुपथ कैम्पस में नीट स्टूडेंट्स की क्लास में पहुंचे। उन्होंने यहां स्टूडेंट्स को नीट के 85 दिन पहले की तैयारी के लिए टिप्स दिए और ट्रिक्स भी बताई। आईएएस बनने से पहले एमबीबीएस कर चुके जिला कलेक्टर डॉ. गोस्वामी ने स्वयं के अनुभव साझा करते हुए बच्चों को मोटिवेट रहने की बात कही। उन्होंने रिवीजन और स्टडी के मैथेड्स भी बताए। इस दौरान छात्राओं ने सवाल पूछे और अपने मन की बातें भी साझा की।

**छोटी-छोटी प्लानिंग से एग्जीक्यूशन अच्छा होगा :** डॉ. गोस्वामी ने कहा कि स्टूडेंट्स को अपना अटेंशन स्पान समझना चाहिए। इसके अनुसार ही प्लानिंग करनी चाहिए। हम कितनी देर पढ़ सकते हैं, यह समझते हुए ही छोटी-छोटी प्लानिंग करें। इससे एक्जीक्यूशन अच्छा हो सकेगा। आउटपुट ज्यादा आएगा। कई बार हम प्लानिंग लम्बी कर लेते हैं और एक्जीक्यूशन हमारे अटेंशन स्पान से ज्यादा लम्बा हो जाता है। इससे मामला बिगड़ जाता है। छोटे स्पेल में प्लानिंग करें, छोटे स्पेल में ही एक्जीक्यूशन करें और स्वयं को छोटे-छोटे रिवॉर्ड दें।

**इन महत्वपूर्ण विषयों पर की चर्चा :** डॉ.गोस्वामी ने छात्राओं से सेल्फ डाउट, बैकलॉग, टेस्ट प्रिपेरेशन, रिवीजन, एंजाइटी, डिप्रेशन, मार्क्स डिक्रिज, कॉन्फिडेंस की कमी जैसे विषयों पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि बैकलॉग सबका होता है। कोई ऐसा नहीं है जो यह कह सके कि मैंने पूरा पढ़ लिया और फिर भी मेरे पास समय है। हमें पढ़ने के तरीके के बारे में सोचना चाहिए। हम स्मार्टली रिवीजन करें, की-वर्ड्स बनाएं। कापी के जिन पेज पर डिफिकल्टीज है, उनके की-वर्ड बनाकर उसी पेज के कोने पर लिख दें। इसके अलावा जब कभी रुटीन काम से छुट्टी मिल जाए, क्लास नहीं हो तो रिवीजन पर ध्यान देना चाहिए।

### अपराधबोध से बचने के लिए यह करें

यहां डॉ.रविन्द्र गोस्वामी ने कहा कि मोबाइल हमारा शत्रु है। जब पढ़ाई करते हैं तो ध्यान में आता है कि कोई रील मिस तो नहीं हो गई, जब रील देख रहे होते हैं तो पछतावा होता है कि पढ़ाई करते तो अच्छा रहता। इस अपराधबोध से बचने के लिए हमें दोनों का समय निर्धारित करना चाहिए। जब पढ़ाई करें तो सिर्फ पढ़ाई में ही ध्यान हो और जब रील देखेंगे तो पूरे ध्यान से ही देखेंगे। जिला कलेक्टर ने कहा कि पढ़ाई में मन लगाओ, यदि पढ़ाई में मन लग रहा है तो आप थकोगे नहीं, आपको मजा आएगा। जो काम करना चाहते हो, यदि वो ही कर रहे हो तो फिर वो नौकरी नहीं जिंदगी है।? शरीर थक सकता है, दिमाग नहीं। हमेशा खुद में नई ऊर्जा में महसूस करते रहो।

# रामगढ़ सेंचुरी में वन माफियाओ की दबंगई

## जप्त सुधा पिकअप को वनकर्मियो से मारपीट कर छुड़ा ले गये

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, ( टी.आर सैनी ) ।** रामगढ़ सेंचुरी में वन माफियाओ का राज है। हाल में जेतपुर नाका पर लगे रेंजर ने वन माफियाओ पर शिंकजा कसा तो वन माफियाओ ने अपनी दबंगई दिखाते हुए वनकर्मियो के साथ मारपीट करके जप्त सुदा हरी लकड़ियो से भरी हुई पिकअप को फरार करके ले गये। जेतपुर रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी चन्द्रकांत शर्मा ने देई थाने में वन माफियाओ के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। देई पुलिस ने बताया कि देई जेतपुर वन रेंज के वनकर्मियो से मारपीट कर सोमवार रात्रि को थाना क्षेत्र के जेतपुर मे गीली लकडियो से भरी पिकअप गाडी को लेकर माफिया भाग गये। वनकर्मियो की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो नामजद व आठ दस अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। देई पुलिस के एएसआई ज्ञानेन्द्र सिह ने बताया कि जेतपुर रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी चन्द्रकांत शर्मा ने रिपोर्ट सोपी है। जिसमे बताया है कि सोमवार रात को वन क्षेत्र मे गश्त के दोरान तंवरो का झौंपडा से देई की ओर आ रही पिकअप को रूकवाकर चेक करने पर उसमे विलायती बबूल की गीली लकडी भरी हुई थी। पिकअप को लेकर वनकर्मी जेतपुर रेंज कार्यालय पर आते समय जेतपुर तिराहे पर हिरा का झौंपडा निवासी कान्हा बागडी,कमल गुर्जर व आठ दस अन्य लोगो ने लाठी डंडा लिए हुए वनविभाग के वाहन व पिकअप को रूकवाकर वनकर्मियो को बाहर निकालकर गाली गलोच व मारपीट कर जब्तशुदा पिकअप को लेकर भाग गये। वन विभाग के वाहन पर लाठी डंडो से हमला किया गाली गलोच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर राजकार्य मे बाधा,सरकारी सम्पति मे तोडफोड सहित अन्य धाराओ मे दो नामजद कान्हा बागडी कमल गुर्जर व आठ दस अन्य व्यक्तियो के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। माफियो के होंसले बुलन्द क्षेत्र मे अवेध पत्थर,बजरी खनन पेडो की कटाई करने वाले माफियो के होंसले बुलन्द है। पत्थर माफियाओ ने जेतपुर मे तलवास रोड पर पहाडी पर पत्थर खनन पहाडी पूरी पहाडी का स्वरूप बिगाड दिया। माफियाओ ने जेतपुर मे खनिज विभाग की टीम पर 1 जून 2024 को पथराव कर पत्थर से भरे दो टेक्क्टर ट्रोली को छुडाकर ले गये थे। क्षेत्र मे अवेध बजरी नदी की रेत,पत्थर,पेडो की कटाई करने वाले माफिया बेखोफ होकर अवेध खनन को अंजाम दे रहे है।

# 305 वीं स्वामी रामचरण जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा का वैश्य समाज ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

## अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा की ओर से किया गया यह आयोजन, जगह-जगह लगाए गए स्वागत द्वार



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा की ओर से स्वामी रामचरण जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभायात्रा का जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा वियजवर्गीय मांगलिक भवन से निकाली गई। इसका जगह-जगह लगाए गए स्वागत द्वारों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत-अभिनंदन किया गया। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के जिला महामंत्री भुवनेश गुप्ता ने बताया कि जिलाध्यक्ष दिनेश विजय के नेतृत्व में समाजबंधुओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री भुवनेश गुप्ता, उपाध्यक्ष अरविंद विजय, धनेश विजय, युवा जिला अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता, महामंत्री अनुपम गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुमित विजय, उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल आदि भी मौजूद रहे। 305वीं जयंती के उपलक्ष्य में स्वामी रामचरण जी महाराज की शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश विजय शामिल रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष पारम्परिक परिवेश में नजर आए। शोभायात्रा श्रीराम रंगमंच दशहरा मैदान पहुंची। यहां भी समाज के लोगों ने कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## अवैध गांजे प्रकरण में दो आरोपी गिरफ्तार

# बेचने वाले को पकड़ा तो सप्लाई करने भी चढ़ा पुलिस के हत्थे

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, ( टी.आर सैनी ) ।** अवैध मादक पदार्थो के खिलाफ कार्यवाही करते हुए नैनवां पुलिस ने 50ग्रांम गाजे के साथ पुखराज निवासी बड़ी पड़ाप के खिलाफ मामला दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में देई थानाधिकारी ने अनुसंधान के दौरान दिलखुश उर्फ लोकेश निवासी किसान कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि वे पुलिस टीम के साथ अवैध कार्यो की चैकिंग के दौरान मुखबीर से सुचना मिली कि भावपुरा रोड़ एनएच 148डी हाईवे के पास एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध गांजे का कारोबार करता है। पुलिस टीम ने सुचना के तहत तलाशी की गई तो पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति हाईवे पर मिला। पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्ति की तलाश की गई तो उसके पास 50ग्रांम अवैध गांजा बरामद किया गया। टीम द्वारा की गई पुछताछ में संदिग्ध व्यक्ति ने अपना नाम पुखराज पुत्र बाबूलाल निवासी बड़ी पड़ाप का होना बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में अनुसंधान देई थानाधिकारी द्वारा आरोपी से पुछताछ करने पर बताया कि वह वह अवैध गांजा दिलखुश उर्फ लोकेश पुत्र भॅवरलाल से खरीद करता है। अनुसंधान अधिकारी ने दिलखुश उर्फ लोकेश को भी गिरफ्तार किया है।

# नैनवां पालिका की बोर्ड़ बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, ( टी.आर सैनी ) ।** नैनवां पालिका मंडल की साधारण बोर्ड़ बैठक आज 11 बजे पालिका चैयरमैन श्रीमती सरिता नागर की अध्यक्षता में आहूत की जायेगी। बैठक में वितीय वर्ष के बजट,केन्द्रीय सहायता 10 करोड़ के विकास कार्य योजना का अनुमोदन,निलामी से बकाया राशि जमा होने वाली पत्रावलीयो पर विचार,वार्ड़ 1 से 25 तक 5.24 करोड़ के विभिन्न विकास कार्य का अनुमोदन किया जायेगा। बोर्ड़ बैठक की जानकारी ई.ओ मोती शंकर नागर ने दी गई।

# रामस्नेही संप्रदाय के प्रवर्तक स्वामी रामचरण की जन्म जयंती को कपासन में हर्ष एवं उत्साह से मनाया

## संप्रदाय के मुख्य ग्रंथ श्रीमद् वाणी जी की शोभायात्रा का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** रामस्नेही संप्रदाय के प्रवर्तक एवं आद्याचार्य स्वामी रामचरण की 305वीं जन्म जयंती को नगर में विजयवर्गीय समाज द्वारा हर्ष एवं उत्साह के साथ मनाया गया।जिसमे संप्रदाय के मुख्य ग्रंथ श्रीमद् वाणी जी की शोभायात्रा का समाजजनो द्वारा नगर के कल्याणराय मंदिर चोक से आयोजन किया गया। शोभायात्रा में ईडर गुजरात से आगंतुक संत रामकृपाल,रामजस व आत्माराम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुवे।शोभायात्रा में मांगीलाल सोमानी अणभेय वाणी को सिर पर धारण कर चल रहे थे।साथ ही समाजजन एवं युवा वर्ग ने झूमते नाचते शोभायात्रा में भाग लिया।उक्त शोभायात्रा पिपली बाजार, लोडकिया चोक, खारी बावड़ी बालाजी,पुराना बस स्टैंड,पांचबत्ती चौराहे से श्रीरामद्वारा पहुंची।यहां रामद्वारा में संत रामकृपाल महाराज द्वारा वाणी जी का पाठ किया गया। उपस्थित संतों द्वारा सत्य, अहिंसा,दया एवं करुणा के मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया गया। इधर रामस्नेही संप्रदाय के प्रवर्तक एवं आद्याचार्य स्वामी रामचरण की 305वी जन्म जयंती के अवसर पर रामद्वारा महिला मंडल द्वारा गौशाला में गायों को हरा चारा खिला गौ सेवा की गयी। इस दौरान विजयवर्गीय समाज अध्यक्ष राज विजयवर्गीय, पवन विजयवर्गीय, रामद्वारा ट्रस्ट अध्यक्ष दामोदर सोमानी, ट्रस्टी सत्यनारायण सोमानी,अनिल सोमानी, प्रहलादराय डाड, कमलेश डाड आदि समाजजन उपस्थित रहे।

# एबीवीपी ने मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

## कॉलेज में अन्य संकाय खुलवाने के साथ साथ कॉलेज के स्थान परिवर्तन की मांग



बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( नि.स. )।** मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले नगर सहमन्त्री यशवर्धन वैष्णव के नेतृत्व मे नगर मंत्री प्रियांशु जांगिड सहित अन्य कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महाविद्यालय में संचालित संकाय के अतिरिक्त अन्य विषय संकाय खुलवाने तथा महाविद्यालय भवन निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि का रजिस्टेशन निरस्त कर अन्यत्र स्थान पर बनवाने की मांग की। जांगिड़ ने ज्ञापन में बताया कि शहर में सरकारी कॉलेज को लगभग एक वर्ष होने में आया तथा वर्तमान में कॉलेज में सिर्फ कला संकाय के विषय ही संचालित है जिससे अन्य संकाय के विद्यार्थियों को शहर से 60 से 80 किलोमीटर की दूरी तय कर अन्यत्र अध्यन करने जान पड़ता है, अतः कॉलेज में बी एस सी, बी कॉम जैसे अन्य संकाय खुलवाने की मांग की। वही जांगिड़ ने ज्ञापन में यह भी बताया कि स्थानीय नेताओं ने अपने निजी स्वार्थ को देखते हुए कॉलेज भवन निर्माण हेतु स्थान का चयन किया गया है वह पूर्णतः गलत है। कॉलेज भवन हेतु जिस स्थान का चयन किया गया है वह स्थान काफी गहराई में स्थित है जिस कारण कॉलेज भवन के निर्माण का बजट केवल इसे धरातल तक लाने में ही खत्म हो जाएगा वही यह स्थान मेघा हाइवे के किनारे पर स्थित है जिस कारण रोड हादसा होने का भय हमेशा बना रहेगा।

अतः ज्ञापन में कॉलेज में अन्य विषय संकाय खुलवाने तथा भवन निर्माण अन्यत्र करवाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री भजन लाल तथा उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

# अतिक्रमण हटाने गए डीएसपी का दुकानदार ने कॉलर पकड़ लिया दूसरे युवक ने धक्का दिया, अन्य पुलिसकर्मियों से भी की बदसलूकी

## दुकानदारों के भारी हंगामे के बीच अतिरिक्त जाब्ता बुलाया, जेसीबी से अतिक्रमण ध्वस्त किया, दुकानों के चालान भी बनाए, नॉनवेज की दो दुकानें सील की गई, दो आरोपी युवकों को हिरासत में लिया

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** भीमगंजमंडी थाना इलाके की मस्जिद गली में मंगलवार शाम 4 बजे करीब नॉनवेज की 2 दुकानों से अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम की टीम और पुलिसकर्मियों से अतिक्रमियों ने हाथापाई करनी शुरू कर दी। मामला तब और बिगड़ गया जब एक दुकानदार ने मौके पर पहुंचे अतिक्रमण प्रभारी डीएसपी तरुणकांत सोमानी का कॉलर पकड़ लिया और एक दूसरे युवक ने उन्हें धक्का दे दिया। इसके बाद अन्य दुकानदार भी एकजुट होकर हंगामा करने लगे। हालात बिगड़ता देख पुलिस को अतिरिक्त जाब्ता बुलाना पड़ा। इसी के साथ जेसीबी से अतिक्रमण भी हटाया। इस कार्रवाई के दौरान नगर निगम दस्ते ने दो नॉनवेज की दुकानों को सीज कर दिया और अन्य दुकानों का चालान काटा। साथ ही हंगामा करने वाले दोनों युवकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

**डीएसपी ने यह दी जानकारी :** अतिक्रमण प्रभारी डीएसपी तरुण कांत सोमानी ने बताया कि स्टेशन जाने के मुख्य रास्ते पर लगातार अतिक्रमण होने की शिकायत मिल रही थी। यहां अवैध तरीके से नॉनवेज की दुकान खुली हुई थी। यहां अवैध गतिविधियां भी होती हैं। इस दौरान दो दुकानों को सीज करते हुए 15 दुकानों के 15000 रुपए से अधिक की राशि के चालान बनाए गए। रंगपुर रेलवे ओवरब्रिज के नीचे से करीब 15 साल बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। यहां पर दुकानदारों ने पक्के अतिक्रमण कर लिए थे, जिससे लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी लोगों हो रही थी।


**यहां कार्रवाई के दौरान बिगड़े हालात :** नगर निगम को स्टेशन इलाके में मैन बाजार, मस्जिद गली, कासिम गली में हुए अतिक्रमण की शिकायत मिली थी। यहां नॉनवेज की दुकान लगाने वालों ने सड़क पर ही अतिक्रमण कर लिया था। इससे दोपहिया वाहनों तक को निकलने में परेशानी हो रही थी।

इसी को देखते हुए शाम 4 बजे करीब नगर निगम की अतिक्रमण टीम स्टेशन इलाके में पहुंची। यहां अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही थी। इस दौरान अतिक्रमण हटाते समय कुछ दुकानदार पुलिसकर्मियों से बदसलूकी करने लगे और धक्का-मुक्की कर दी।

# जीवन भर ज्ञान का दान एवं जाते हुए भी दृष्टि का दान, शिक्षक मांगीलाल गुप्ता का हुआ नेत्रदान

## मांगीलाल गुप्ता की आंखों से दो लोगों को मिलेगी नई नेत्र ज्योति, सुकेत कस्बे का पहला नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( नि.स. )।** नेत्रदान किसी को नई जिंदगी देने का बहुत बड़ा माध्यम है, साथ ही यह मृतक परिजन की आंखों को अमर बनाने का एक प्रयास है, जीवन भर शिक्षा का ज्ञान देकर लोगों के जीवन को रोशन करने वाले सुकेत कस्बे के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक मांगीलाल गुप्ता अपनी मृत्यु के बाद भी अपनी आंखों का दान करके दो लोगों को नया जीवन देने का प्रेरणास्पद कार्य करके गए है यह सुकेत कस्बे का पहला नेत्रदान है। अभिभाषक परिषद रामगंजमंडी के अध्यक्ष चन्दन गुप्ता ने बताया कि सुबह 5 बजे उनके पास भारत विकास परिषद भवानीमंडी शाखा के नेत्रदान प्रभारी एवं शाइन इंडिया फाउंडेशन के नगर संयोजक कमलेश गुप्ता दलाल का संदेश आया कि सुकेत कस्बे में समाज की पुण्यात्मा का निधन हुआ है और यदि बात की जाए तो नेत्रदान संभव है। उन्होंने उसी समय मांगीलाल गुप्ता के ज्येष्ठ पुत्र महावीर एवं अन्य परिजनों से नेत्रदान के लिए बातचीत की, प्रारंभ में परिवार को संकोच था की मोतियाबिंद ऑपरेशन के कारण नेत्रदान संभव होगा या नहीं, परंतु जब जानकारी दी गई की मोतियाबिंद ऑपरेशन का नेत्रदान संभव है तो तुरंत शिक्षित परिवार परिवार ने नेत्रदान की सहमति प्रदान कर दी, इस पर सूचना देने पर शाइन इंडिया फाउंडेशन के डॉ कुलवंत गौड ने ज्योति-रथ से सुकेत पहुंचकर सभी परिवार सदस्यों के सामने नेत्रदान प्राप्त किया गया। मृतक मांगीलाल गुप्ता का कॉर्निया अच्छा पाया गया है, इसे आई बैंक जयपुर भिजवा दिया गया है जहां यह 2 नेत्रहीनों को नई रोशनी दे सकेगा। नेत्रदान के दौरान स्व.मांगीलाल जी गुप्ता के चारों पुत्र महावीर, मुकेश, राकेश, महेश, पुत्री सुमन, दामाद राजेंद्र गुप्ता, चन्दन गुप्ता एडवोकेट एवं अन्य परिजन उपस्थित थे।

# कोटा विकास प्राधिकरण की टीम ने 6 बीघा जमीन से हटाया अतिक्रमण, करीब 10 करोड़ रुपए है कीमत

## अतिक्रमियों ने कर रखी थी बाउंड्रीवॉल, जेसीबी से किया गया ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए) की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए नांता थाना इलाके की बेशकीमती सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया। यहां लोगों ने प्लॉट काटकर बाउंड्रीवॉल कर रखी थी। केडीए के दस्ते ने जेसीबी की मदद से इन अतिक्रमणों को ध्वस्त किया। इस कार्रवाई के दौरान एहतियातन नांता थाना पुलिस के जवान मौके पर मौजूद रहे। केडीए ने यहां 6 बीघा जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाया है। इसकी कीमत कम से कम 10 करोड़ रुपए आंकी गई है। नांता इलाके में पार्श्वनाथ और बुरहानी पार्क के पास स्थित सरकारी जमीन पर लोगों ने बरसों से कब्जा कर प्लॉट काट रखे थे। इन पर पक्की बाउंड्रीवॉल भी की हुई थी।

केडीए की टीम ने यहां चार जेसीबी की मदद से कार्रवाई कर अतिक्रमणों को हटाया। इस जमीन पर केडीए की ओर से आवास योजना लॉन्च की जाएगी। यहां दो-ढाई सौ आवास बनाए जाने की योजना है।

# सुरक्षित इन्टरनेट दिवस : साइबर सुरक्षा के सन्दर्भ में जागरूकता कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर( नि.स. )।** अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में सुरक्षित इन्टरनेट दिवस पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साइबर सुरक्षा के सन्दर्भ में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। अतिरिक्त कलक्टर ने कहा कि आज के डिजीटल युग में एक क्लिक से अनेक अवसर भी मिल सकते हैं तथा खतरों के दरवाजे भी खुल सकते हैं। इन्टरनेट का उपयोग करते समय पूरी सावधानी के साथ जागरूकता भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति आज के समय किसी न किसी रूप से डिजीटल माध्यमों से जुडा हुआ है। बैंकिंग, सरकारी सेवाओं का लाभ, राजकीय सेवा क्षेत्र में आवेदन से लेकर सभी प्रक्रियाऐं डिजीटल प्लेटफार्म पर हैं इनका उपयोग कर अधिक से अधिक लाभ लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दूसरी तरफ संदिग्ध लिंक, फोन कॉल, वीडियो कॉल से बचने की आवश्यकता है, अनजान नम्बरों से आये फोन अथवा ऑनलाईन लिंक का उपयोग करने से बचना चाहिये। उन्होंने बैंकिंग खातों एवं अपने सभी दस्तावेजों की जानकारी अनजान व्यक्ति को शेयर करने से बचने की सलाह दी। कार्यशाला में उप पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम अनिल जसौरिया ने साइबर क्राइम के के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये साइबर ठगों द्वारा अपनाऐ जा रहे विभिन्न तरीकों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने डिजीटल दुनियां में आगे बढने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि डिजीटल अरेस्ट, वीडियो कॉलिंग के द्वारा आमजन को भ्रामक सूचनाओं एवं प्रलोभनों के द्वारा ठगा जा रहा है इससे बचने की आवश्यकता है। उन्होंने डर एवं लालच से दूर रहकर अनजान लिंक, फोनकॉल को नहीं उठाने तथा ऐसी जानकारी मिलने पर भारत सरकार के पोर्टल नम्बर 1930 पर तुरन्त जानकारी देने का आव्हान किया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी धीरज मित्तल ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार साइबर जागरूकता दिवस फरवरी माह के दूसरे मंगलवार को देशभर में मनाया जाता है। उन्होंने साइबर जागरूकता के तहत भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम एवं संगोष्ठी के बारे में बताया। साइबर क्राइम थाना के प्रोग्रामर विजय सोनी के द्वारा साइबर सुरक्षा के सम्बंध में विस्तार से सभी को जानकारी दी गयी। कार्यशाला में कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में एनआईसी भरतपुर की तरफ से साइबर जागरूकता कहानी एक आम आदमी का सफर और सुरक्षित इन्टरनेट दिवस नामक फोल्डर उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को वितरित किया गया।

# भरतपुर स्थापना दिवस के सात दिवसीय कार्यक्रमों का आगाज कल से

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** भरतपुर के 292वें स्थापना दिवस समारोह के 7 दिवसीय कार्यक्रमों का आगाज गुरूवार 13 फरवरी से किया जायेगा। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि 13 फरवरी गुरूवार को प्रातः 7 बजे फुलवाडी पार्क से कलश यात्रा प्रारम्भ होगी, 8 बजे गायत्री शक्ति पीठ में जनमहायज्ञ किया जायेगा, प्रातः 10 बजे महाराजा सूरजमल स्मारक किशोरी महल पर पुष्पांजलि एवं समृद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत पर प्रबुद्धजन संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सांय 4 बजे जिला क्लब भरतपुर में लॉन टेनिस, बैडमिंटन एवं शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि 14 फरवरी शुक्रवार को प्रातः 7 बजे गिराई लाइन, कलेक्ट्रेट से बिजलीघर, गंगामंदिर, लक्ष्मणमंदिर, कोतवाली होते हुए बासनगेट से टाउनहॉल तक साईकिल रैली आयोजित की जायेगी। प्रातः 8 बजे लोहागढ स्टेडियम में कबड्डी एवं दौड प्रतियोगिता तथा मास्टर आदित्येन्द्र राउमावि में बॉलीवाल प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी शनिवार को प्रातः 7 बजे किला परिसर में श्रमदान एवं सफाई अभियान चलाया जायेगा। प्रातः 9 बजे आरडी गर्ल्स कॉलेज में स्वतंत्रता संग्राम में राजस्थान का योगदान विषय पर भाषण प्रतियोगिता होगी। सांय 5 बजे लक्ष्मण मन्दिर पर भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 16 फरवरी रविवार को प्रातः 7 बजे केवलादेव घना उद्यान में नेचरवॉक, प्रातः 9 बजे शास्त्री पार्क में योगासन, दोपहर 2 बजे बिहारीजी मंदिर में फ्लावर शॉ तथा सांय 4 बजे चैम्बर ऑफ कामर्स नई मण्डी रणजीतनगर में भरतपुर में औद्योगिक विकास एवं पर्यटन की संभावनायें पर प्रेजेन्टेशन होगा। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी सोमवार को प्रातः 9 बजे राजकीय संग्राहालय में भरतपुर ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल तथा बेटी बचाओ-बेटी पढाओ थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

सांय 6 बजे ब्राह्मण धर्मशाला खिरनीघाट में ब्रजभाषा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 18 फरवरी मंगलवार को प्रातः 9 बजे बांके बिहारी मंदिर में महाआरती, भगवान श्री महावीर सहायता समिति कृष्णानगर में दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरण किया जायेगा। सांय 6 बजे श्री बांके बिहारी मंदिर, शहीद स्मारक किला, शहीद स्मारक हीरादास, देवी मंदिर रणजीतनगर, लक्ष्मणमंदिर व गंगामंदिर में दीपदान का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 19 फरवरी बुधवार को प्रातः 7 बजे प्रमुख चौराहों पर रंगोली सजावट प्रातः 8 बजे स्वाभिमान मार्च का आयोजन किया जायेगा। प्रातः 9 बजे महाराजा सूरजमल स्मारक यातायात चौराहे पर पुष्पांजलि कार्यक्रम तथा सांय 6 बजे पर्यटन विभाग द्वारा शास्त्री पार्क के खुला रंगमंच पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देश पर अतिरिक्त कलक्टर शहर ने प्रबुद्ध नागरिकों एवं सामाजिक संस्थाओं की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की।

## कपड़े सुखाते वक्त महिला को लगा करंट : प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** बयाना थाना क्षेत्र के गांव नगला छीतरिया में एक महिला को छत पर कपडे सुखाने के दौरान करंट लग गया। करंट लगने के बाद महिला को बयाना के उप जिला स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। महिला गौरा देवी ( 25 ) छत पर कपड़े सुखाने गई, जहां नीचे झूल रहे बिजली के तारों से उसे करंट लग गया। गंभीर रूप से झुलसी महिला को पहले बयाना उप जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां ` उसे आरबीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्थानीय निवासी रिंकू प्रजापत ने बताया कि उनके घर के पास बिजली विभाग का एक पोल झुका हुआ है, जिससे निकले तार घर की छत के ऊपर से होकर नीचे लटक रहे हैं। यह पहला मामला नहीं है। तीन महीने पहले भी रिंकू की पत्नी भी इसी तरह करंट की चपेट में आ चुकी हैं। रिंकू ने बताया कि पिछली घटना के बाद उन्होंने डिस्कॉम के अधिकारियों को लिखित शिकायत की थी। अधिकारियों ने मौका मुआयना कर तारों को शिफ्ट करने का आश्वासन दिया था, लेकिन तीन महीने बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि गलत तरीके से लगे इस बिजली पोल के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

## हनुमान जी का श्रृंगार कर सवामन दाल पकौड़ों का लगाया भोग

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भुसावर के खिरखारी स्थित नैवारिया वाली बगीची में बाल स्वरूप हनुमान मन्दिर पर सवा मन दाल से बने पकौडों का भोग वितरण किया गया। कार्यक्रम आयोजन कमेटी के सदस्य वीरेन्द्र गर्ग उर्फ वीटू ने जानकारी देते हुए बताया कि मन्दिर को भक्तों के द्वारा दुल्हन की तरह सजाया गया तत्पश्चात हनुमान जी का विशेष श्रृंगार कर चोला चढाया गया। कार्यक्रम के तहत सवा मन दाल से हलवाईयों द्वारा पकौंडे तैयार किये गये और हनुमान जी महाराज को भोग लगाया गया। जिसकी सूचना मिलते ही क्षेत्र के सैकडों भक्तों ने पहुँचकर हनुमान जी महाराज के दर्शन किये और मानव कल्याण को लेकर प्रार्थनाएं की। वहीं भक्तों ने प्रसादी का जमकर आनन्द लिया।

## विद्यालय में विधिक सेवा प्राधिकरण शिविर आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (नि.स.) ।** विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ए.के.एम उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर विद्यार्थियों को पोक्सो अधिनियम, नालसा एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यक्रमों की जानकारी दी। सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन प्लान की अनुपालना में ए.के.एम उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में असिस्टेंट लीगल डिफेंस काउंसिल मृगराज मनहर द्वारा छात्र-छात्राओं को पोक्सो अधिनियम, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की स्कीम नालसा, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि अनुच्छेद 39 ए निःशुल्क विधिक सहायता, गुड टच बैड टच, कानूनी प्रक्रिया, राष्ट्रीय लोक अदालत, बच्चों का हेल्पलाईन नं. 1098, नालसा के टोल-फ्री राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाईन नं. 15100 आदि के बारे में विद्यार्थियों को बताया। शिविर में छात्र-छात्राओं को केरियर के बारे में बताया एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

# गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने श्रीमद् भागवत सप्ताह कार्यक्रम में की शिरकत

बढ़ता राजस्थान



**डीग/ भरतपुर( मुकेश सैनी )।** गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म ने मंगलवार को नगर विधानसभा क्षेत्र के गाँव पाटका, सिरथला, गहनकर में सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लिया। साथ ही उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। गृह राज्य मंत्री के नेतृत्व में विशेष ट्रेन डीग रेलवे स्टेशन से प्रयागराज तीर्थ यात्रियों को महाकुंभ के लिए रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजते हुए वरिष्ठ नागरिकों को पूर्ण सुविधाओं के साथ महाकुंभ सहित अन्य तीर्थ स्थानों पर यात्रा करवा रही है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक की मंशा होती है कि वे तीर्थ स्थानों की यात्रा करें और कई बार परिस्थितियों अथवा अन्य कारणों से संभव नही हो पाता है। ऐसे में सरकार देवस्थान विभाग के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को पूर्ण देखभाल और संरक्षण के साथ निःशुल्क यात्रा करवा कर हमारे सांस्कृतिक मूल्यों और सामजिक धरोहर का संरक्षण कर रही है और इस धरोहर को सहेजना हम सब का भी कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि जिले में बच्चों की शिक्षा के लिए विद्यालय निर्माण हेतु स्कूल में कमरे, लैब इत्यादि बनवाने का कार्य किया। पेयजल सुविधा के लिए बोरवेल का निर्माण और बिजली कनेक्शन प्रदान किए गए। प्रत्येक घर तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पानी की टंकी बनाई गई। आम लोगों का राजस्व रिकॉर्ड में शामिल होने से वे कृषि ऋण, पीएम आवास योजना, किसान सम्मान निधि योजना सहित केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। योजनाओं के शत प्रतिशत क्रियान्वयन से पात्र व्यक्तियों को सामाजिक न्याय की दिशा में संबल मिला है , जिससे परिवारों का जीवनस्तर बेहतर हुआ है।

## यातायात नियमों की अवेहलना करने पर पुलिस की कठोर कार्रवाई
### दो दिन में 60 वाहनों पर कारवाई कर, 40 हजार के काटे चालान



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** भरतपुर जिले में यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। एसपी मृदुल कच्छावा के निर्देश पर बयाना में पुलिस प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया। डिप्टी एसपी कृष्ण राज के नेतृत्व में यातायात पुलिस की टीम ने कस्बे के प्रमुख स्थानों पर जांच अभियान चलाया।

पुलिस ने बिना सीट बेल्ट और हेलमेट, नाबालिग चालकों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों और बुलेट से तेज आवाज निकालने वालों पर विशेष नजर रखी। पंचायत समिति तिराहा, भीमनगर तिराहा, गांधी चौक और कुंडा तिराहा पर चलाए गए दो दिवसीय अभियान में 60 वाहनों के चालान काटे गए और 40 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया।

डिप्टी एसपी कृष्णराज ने बताया कि इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और यातायात सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उल्लेखनीय है कि पिछले माह जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद वाहन चालकों द्वारा नियमों की अवहेलना जारी थी।

पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकताओं में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना भी शामिल है। अभियान में ट्रैफिक पुलिस के हैड कांस्टेबल केदार सिंह, जगवीर सिंह दिगंबर पोसवाल गंगाराम कसाना यतेंद्र मीणा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद नवीन जिला कार्यकारिणी का निर्वाचन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** जिले के मास्टर आदित्येन्द्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भरतपुर में राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद प्रधानाचार्य जिला भरतपुर की नवीन जिला कार्यकारिणी का निर्वाचन किया गया । निर्वाचन समिति अध्यक्ष प्रेम सिंह सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं सदस्य सुनील गुप्ता, श्याम सिंह सागर ,मनीषा चौधरी व आलोक सारस्वत के निर्देशन में निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण की गई जिसमें निम्न अनुसार पदाधिकारी निर्वाचित घोषित किए गए--

**जिला अध्यक्ष** - कप्तान सिंह प्राचार्य राउमावि शाहपुर, नदबई

**जिला मंत्री** -डॉ दिलीप कुमार गर्ग प्राचार्य राउमावि रामपुरा, सेवर

**कोषाध्यक्ष** - सीमा शर्मा प्राचार्य राउमावि हथैनी, भरतपुर ।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंह , रनधीर सिंह, विशाल चौधरी ,हेमेंद्र गोयल ,प्रकाश कुंतल, दिनेश गुप्ता, दीनदयाल अग्रवाल, विमल कुमार, अमर दयाल, रामगोपाल , दिनेश मीणा प्रदेश महामंत्री ,नरेंद्र जोशी, दीपचंद बेनीवाल ,सीमा कुमारी आदि प्राचार्य एवं समकक्ष अधिकारी उपस्थित रहे ?। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पद की शपथ दिलाई गई , माल्यार्पण व संगठन का पटका पहनाकर अभिनंदन किया गया । संचालन विशाल चौधरी अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ने किया ।

# राज्य भारत स्काउट व गाइड मिनी जंबूरी भरतपुर में : डॉ. आलोक शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाईड द्वारा होने वाली मिनी जम्बूरी का आयोजन 21 से 25 फरवरी जसबन्त प्रदर्शनी मेला ग्राउण्ड में किया जायेगा। आयोजन स्थल का निरीक्षण स्टेट कमिश्नर निरंजन आर्य आईएएस द्वारा किया गया। भरतपुर आने पर डायमण्ड जुबली जम्बूरी में राजस्थान को मिली सर्वोच्च पताका जीतने एवं विजेता रहने पर स्टेट कमिश्नर निरंजन आर्य का टैक्नोलॉजी पार्क स्थित ऑडिटोरियम में विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत किया गया एवं टैक्नोलॉजी पार्क गाईड ग्रुप द्वारा स्टेट कमिश्नर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

सहायक स्टेट कमिश्नर डॉ. आलोक शर्मा ने बताया कि उक्त मिनी जम्बूरी के आयोजन हेतु जिला कलक्टर भरतपुर द्वारा तैयारी बैठक एवं जिले के विभिन्न स्थानीय संघों में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए बैठकों के आयोजन किये जा रहें हैं। विभिन्न संघों से लगभग 15 हजार स्काउट गाईड इस मिनी जम्बूरी में भाग लेंगे एवं 5 दिवस विभिन्न आयोजन प्रातः से देर रात्रि तक चलेंगे, जिनमें राज्य व केन्द्र सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए स्काउट गाईडों को लक्ष्यानुभूत कार्यविधि से अवगत कराया जायेगा। भारत स्काउट व गाईड के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हुई डायमण्ड जुबली जम्बूरी में राजस्थान को ओवरऑल चैम्पियनशिप अवार्ड मिला था, जिसमें भरतपुर की रंगोली में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया था। इस अवसर पर सहायक स्टेट कमिश्नर डॉ. आलोक शर्मा, प्रदीप शर्मा, जगदीश उपमन, अशोक पाराशर, भानू, प्रताप गुर्जर, आजीवन सदस्य सुनील प्रधान, राकेश बंसल, राजीव फतेहपुरिया, उप प्रधान निरपेश अग्रवाल, स्काउटर विनोद अवस्थी, गाईडर ललिता शर्मा, फ्लाप लीडर कमलेश शर्मा सहित ब्राहमण महासभा के पूर्व अध्यक्ष कौशलेष मुदगल, गुर्जर महासभा के राधेश्याम दारापुरिया, वैश्य महासम्मेलन के लोकेश सिंघल, जाट महासभा के डॉ. प्रेमसिंह कुन्तल, एससीएसटी महासंघ के बलराम बौद्ध, परशुराम सेना के सुनील पीढी व बबीता शर्मा, बार एसोसिएसन के एडवोकेट सुदेश शर्मा, चन्द्रशेखर शर्मा ने स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** जिले के नदबई मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शहर अध्यक्ष रोहित उपाध्याय के नेतृत्व में भारतीय जनसंघ के संस्थापक, एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी पुण्यतिथि पर पर उन्हें याद कर पुष्प अर्पित कर व श्रद्धांजलि दी। शहर मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने कहा कि उनकी यह पुण्यतिथि हमें उनकी विरासत को आत्मसात करने एवं उनके द्वारा दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती रहेगी । उनका विचार हमें राष्ट्र सेवा और समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर पूर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अशोक उपाध्याय ,ओमप्रकाश सिनसिनवार, पूर्व पार्षद लाई भईया, पूरन रौतवार, बालमुकुंद बिहारिया,दिलीप सिनसिनवार,विष्णुदत्त शर्मा, सुनील गुप्ता, रघुनंदन उपाध्याय, हर्ष लवानिया, नंदकिशोर खटीक,ओमवती लवानिया,देवेन्द्र शर्मा, हितेश ,महेश खंडेलवाल,रोहित पिप्पल, गोविन्द शर्मा, विशम्बर शर्मा, महेश,राजेश, प्रीति, नाहर सिंह आदि लोग मौजूद रहे ।

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** उपखंड क्षेत्र के खेड़ली मोड थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब के बिरूद्ध कार्रवाई करते हुए एक युवक 54 पव्वा अवैध देशी मदिरा के साथ गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रामनिवास मीणा ने बताया-भरतपुर रेंज के आईजी राहुल प्रकाश एवं जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैर जयनारायण मीना और सीओ भुसावर धर्मेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा भैसीना गांव निवासी रणधीर सिंह और रामू 27 वर्ष को 54 पाव्वा देसी मदिरा के साथ गिरफ्तार किया।

# बयाना पंचायत समिति में एसीबी जन जागरूकता अभियान शुरू किया
## रिश्वत मांगने पर 1064 पर करें शिकायत, 24 घंटे एक्टिव टोल फ्री नंबर; शिकायतकर्ता का नाम रहेगा गोपनीय

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कस्बे की पंचायत समिति सभागार में आम जन को जागरूक करने के लिए जीरो टॉलरेंस को और मजबूत करने के लिए एसीबी ने राजस्थान सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जन जागरूकता अभियान शुरू किया। इस कड़ी में एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह ने मंगलवार को बयाना में पंचायत समिति सभागार में आमजन से सीधा संवाद किया। एएसपी अमित सिंह ने बताया कि भ्रष्टाचार की शिकायत के लिए 24 घंटे टोल फ्री नंबर 1064 उपलब्ध है। नागरिक व्हाट्सएप के जरिए या व्यक्तिगत रूप से भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और सत्यापन के बाद हर शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी। एसीबी की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए एएसपी ने बताया कि विभाग में अधिकारियों की नियुक्ति से पहले उनका पूरा रिकॉर्ड चेक किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में एसीबी की कार्रवाई से भ्रष्टाचारियों में खौफ है और आम लोगों का विश्वास बढ़ा है। कार्यक्रम में पंचायत समिति प्रधान मुकेश कोली, सरपंच संघ प्रतिनिधि, बीडीओ, लेखा अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# प्रदर्शनी एवं वार्ताकारों के साथ कपासन में 'मेरा कैरियर मेरी पसंद' विषय पर कैरियर मेला आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** पीएम श्री राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययन व रोजगार में समन्वय विकसित करने तथा कक्षा 10-12 के बाद उपलब्ध विभिन्न कैरियर विकल्पों को विद्यार्थियों तक पहुचाने के उद्देश्य से राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार यूसीईईओ स्तरीय कॅरियर मेले का आयोजन किया गया।इस दौरान नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी स्वर्णकार,भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष पंकज सिरोया,सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाललाल शर्मा,प्रधानाचार्य सुमेर सिंह, इरफान अली आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक कैरियर गाइडेंस के राज्य संसाधन समूह सदस्य अश्विनी कुमार व्यास ने बताया कि मेले के प्रथम सत्र में नवीन व्यवसायों से जुड़ी प्रदर्शनियां लगी।जिसमें नीरव सीएनसी वर्क्स कपासन,जी-20 में प्रतिनिधित्व करने वाले योगेश छीपा द्वारा अकोला प्रिंटिंग कला,केके फोटो स्टूडियो,एंजल ब्यूटी पार्लर, जाजु केक एन बेक,आईटीआई कपासन द्वारा प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन,आरएसी,कंप्यूटर एजुकेशन के विभिन्न ट्रेड्स,प्रवीण टांक द्वारा कंप्यूटर क्षेत्र में उच्च शिक्षा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद उदयपुर द्वारा जारी कैरियर मार्गदर्शन हेतु 400 जॉब कार्ड की 8 प्रदर्शनियां लगाई गयीं।विद्यालय के चित्रकला विभाग द्वारा व्याख्याता सरला कानावत मार्गदर्शन में करियर डे पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के 10 पोस्टर का प्रस्तुतीकरण किया गया।उक्त मेले के द्वितीय सत्र में वार्ता आयोजित हुई।जिसमें सफल किसान देवीलाल जाट ने उन्नत कृषि, बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य प्रबन्धक राकेश कुमार नामा ने बैंकिंग,कृषि,विज्ञान का उच्च शिक्षा के क्षेत्र में, शारीरिक शिक्षक उज्ज्वल दाधीच ने खेल व पर्यावरण, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सुधीर चौधरी ने अग्निवीर योजना व सेना क्षेत्र,सुरेश बाफना ने वकालात के क्षेत्र, डॉ कृष्णकांत शर्मा एवं डॉ. दीपक समदानी चिकित्सा क्षेत्र,सुभाषचन्द्र बोस राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य बजरंग लाल ने प्रशासनिक सेवाओं के क्षेत्र में,आईटीआई कपासन प्रभारी जितेंद्र कुमार ने तकनीकी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों पर विद्यार्थियों से वार्ता कर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान मुश्ताक अली,ज्योति तुलछिया,प्रकाशचंद्र नंदवाना,मोहित दाधीच,अंकित रोलानिया,अंजली वर्मा, भरत कुमार आर्य,नजीमा बानू,द्वारका प्रसाद समदानी, शंकरलाल पिलानिया,प्रमोद कुमार नंदवाना,मुकेश कुमार मेरोठा,संतोष कुमारी,प्रमोद कुमार बारेगामा, विमला देवी, शंकरलाल पिलानिया,खुशी जाट, गोतम रेगर, टीना,शिवानी सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। मेले के तृतीय सत्र में विद्यार्थियों के साथ प्रश्नोत्तरी आयोजित कर उपस्थित अभिभावकों से मेले से संबंधित प्रतिक्रियाएं ली गयी।साथ ही करियर सप्ताह दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों में श्रेष्ठ कार्य करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



# स्वच्छ भारत मिशन के तहत केकड़ी क्षेत्र के दो गांवों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम, जिला कलेक्टर अजमेर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजमेर के निर्देशों और मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत प्रांहेड़ा और निमोद में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत समिति केकड़ी के विकास अधिकारी दिशी शर्मा ने ग्राम सभा के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया और स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

ग्राम पंचायत की ओर से सफाई कर्मियों को मास्क, ग्लव्स, हेड कैप और जैकेट का वितरण किया गया। इसके बाद ग्राम में स्वच्छता रैली निकाली गई, जिसमें जहां-जहां कचरा फैला था, वहां सफाई की गई। जहां कीचड़ था, वहां सफाई सुधार हेतु प्रपोजल तैयार करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान सड़कों के किनारे पड़ी रोडियों को हटाने के आदेश दिए गए और घर-घर कचरा संग्रहण के लिए ठेकेदार को नियमित रूप से कचरा उठाने के निर्देश दिए गए। नालियों एवं सड़कों की सफाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, जिससे पूरी ग्राम पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सके। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रांहेड़ा की सरपंच लाडा देवी, ग्राम विकास अधिकारी दीपक पाटीदार, ग्राम पंचायत निमोद की सरपंच सुशीला मेरोटा, ग्राम विकास अधिकारी नंदकिशोर मीणा और स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजकुमार कीर सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय सेमीनार 11 व 12 फरवरी को ''उद्यानिकी फसलों की उन्नत कृषि विधियां फल उत्पादन एवं संरक्षित खेती की आधुनिक तकनीक'' विषय पर निम्बाहेड़ा रोड़ स्थित सीताफल उत्क्रष्टता केन्द्र पर आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रथम दिवस मंगलवार को कृषकों के पंजीयन के उपरान्त उपनिदेशक उद्यान डॉ. शंकर लाल जाट ने सेमिनार के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थित कृषकों एवं विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। सेमीनार में मुख्य वक्ता के रूप में महेश चेजारा, संयुक्त निदेशक उद्यान खण्ड भीलवाड़ा ने भी विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने के लिये उपस्थित कृषकों को अपील की गई। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) दिनेश कुमार जागा ने कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। उप निदेशक उद्यान सीताफल उत्कृष्टता केन्द्र चित्तौडगढ़ राजाराम सुखवाल ने सीताफल की आधुनिक वैज्ञानिक खेती के बारे एवं उत्कृष्टता केन्द्र पर की जा रही गतिविधियों के बारे जानकारी दी। कृषि अधिकारी प्रशान्त कुमार जाटोलिया द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सूक्ष्म सिंचाई योजना के साथ कृषि विभाग योजनाओं की जानकारी दी। सेमिनार में उपस्थित नवाचारी कृषकों द्वारा उत्पादित उत्पाद का संजीव प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा अवलोकन कर कृषकों की हौसला अफजाई करते हुए बड़े पैमाने पर करने हेतु प्रोत्साहित किया। सभी ने कृषकों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी की सराहना की गई तथा अन्य कृषकों को भी नवाचारी कृषकों से सीखने का आवाहन किया गया। मंच संचालन सहायक निदेशक उद्यान जोगेन्द्र सिंह राणावत ने किया। सेमीनार में डॉ. मुकेश कुमार वर्मा सहायक निदेशक उद्यान खण्ड भीलवाड़ा, जसवंत कुमार जाटोलिया कृषि अधिकारी उद्यान, डॉ. विमल सिंह राजपूत कृषि अधिकारी उद्यान, नोवीना शेखावत कृषि अधिकारी उद्यान, भवानी सिंह चुण्डावत सहायक लेखाधिकारी उद्यान, दिनेश झंवर सहायक कृषि अधिकारी, अनिल कुमार भावरिया, रमेश चन्द्र रेगर, दुर्गेश कुमार रेगर, सुनिल कुमार धाकड़, अजीत कुमार यादव कृषि पर्यवेक्षक, भीम सिंह पंवार कनिष्ठ सहायक एवं 120 कृषकों ने भाग लिया।

# सैनिक स्कूल में अन्तर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** सैनिक स्कूल में मंगलवार को अन्तर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल के प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया, उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल पारुल श्रीवास्तव एवं प्रशासनिक अधिकारी मेजर सी श्रीकुमार के निर्देशन में किया गया। स्कूल के शंकर मेनन सभागार में आयोजित हुई। इस अंतर सदनीय प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि स्कूल के प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया थे। मुख्य अतिथि का स्कूल के सीनियर मास्टर ओंकार सिंह ने स्वागत किया। स्कूल के जनसंपर्क अधिकारी बाबूलाल शिवरान ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में ज्ञानवर्धन, बौद्धिक क्षमता और टीमवर्क को बढ़ावा देना था। छात्रों ने अत्यधिक उत्साह और जोश के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कुल नौ सदनो की टीमों ने भाग लिया। प्रत्येक सदन से दो दो छात्र टीम का हिस्सा थे।

प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रक्षा, श्रव्य दृश्य, इतिहास एवं भूगोल सहित कुल छरू राउंड हुए। प्रतियोगिता में हमीर हाउस प्रथम, कुम्भा हाउस द्वितीय एवं बादल हाउस तृतीय स्थान पर रहा। मंच का संचालन प्रतियोगिता के सयोंजक बी बी व्यास ने एवं संगणक का कार्य गणित अध्यापक दिनेश कुमार शर्मा ने किया।

अंत में मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से छात्रों में ज्ञान के साथ-साथ उत्साह व आत्मविश्वास बढ़ता है। शिक्षा के साथ साथ अतिरिक्त गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यावश्यक है। मुख्य अतिथि ने विजेता छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये एवं विजेता टीम को बधाई दी।

# जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी में 87 बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए दिलचस्प मॉडल

## 9 बाल वैज्ञानिकों का राज्य स्तर के लिए चयन

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** भारत सरकार के विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में युवाओं को प्रोत्साहित करने के मकसद से शुरू किये गए इंस्पायर अवार्ड के अंतर्गत अजमेर जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी केकड़ी में आयोजित की गई। केकड़ी के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित इस दो दिवसीय जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी में सम्पूर्ण अजमेर जिले के 9 ब्लॉक से 87 बालक बालिकाओं ने विज्ञान के मॉडल व नई नई तकनीक का प्रदर्शन किया, जिसमें से नियमानुसार 9 बाल वैज्ञानिकों का राज्य स्तर के लिए चयन किया गया। इनमें अजमेर ब्लॉक से नरेश सिंह रावत व प्रद्युत करमचंदानी, भिनाय ब्लॉक से सानिया, किशनगढ़ ब्लॉक से उदय साहू व उत्सव जैन, नसीराबाद ब्लॉक से जैस्मीन गुर्जर, सरवाड़ ब्लॉक से देवराज गुर्जर, यशस्वी दाधीच व राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का चयन हुआ है जो अब राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रदर्शनी का समापन समारोहपूर्वक किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी अजमेर शहाबुद्दीन चीता थे। जबकि समारोह की अध्यक्षता आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य कालुराम सामरिया ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में निर्णायक मंडल के सदस्य विज्ञान एवं तकनीकी विभाग नई दिल्ली के दीप्ति जगुड़ी, लोकेंद्र, सत्यनारायण वैष्णव, महात्मा गांधी पायलेट स्कूल की प्रधानाचार्य फरीदा बानो, शिक्षाविद ब्रजराज शर्मा मौजूद थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी अजमेर शहाबुद्दीन चीता ने कहा कि बाल वैज्ञानिकों ने एक से बढ़कर एक मॉड़ल प्रस्तुत किए हैं। चयनित बाल वैज्ञानिक अब राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले व ब्लॉक का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने बाल वैज्ञानिकों को अपने मॉडल को और बेहतर बनाकर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी।

# तीन दिवसीय हनुमत कथा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के गंगधार मै मंगलवार को बागेश्वर धाम के परम शिष्य पंडित सुरेश शास्त्री बड़ौदा वालों के मुखारबीन कथा का वचन हुआ कथा की शुरुआत मंगल कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ।कार्यक्रम के आयोजन श्रेणिक मेहता , पूजा मेहता एवं समस्त मेहता परिवार द्वारा हनुमान की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ।प्रातः 9ः00 बजे से विराट मंगल कलश यात्रा हजारीबाग हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर चारों बाजार से होती हुई कथा परिसर हनुमान मंदिर पहुंची पूज्य गुरुदेव सुरेश शास्त्री का स्वागत सैनिक मेहता प्रकाश मेहता मनोहर मेहता, दिलीप मोरी (भाजपा मंडल महामंत्री), मनीष मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष, कालू पटेल जितेंद्र देवड़ा, रवि मोरी नेमा कालूराम मोरी,सुरेश माली बाबूलाल मेहर आदि ने स्वागत किया। इस हनुमत कथा का समापन 13 फरवरी को होगा। तटपश्चात 13 तारीख को सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न होगा जो इसी कथा स्थल पर संपन्न होगा।

# पुण्य सम्राट के 42 वे आचार्य पदवी महोत्सव के दिन हुए विभिन्न आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** नवयुवक परिषद, महिला परिषद एवं बहू परिषद परिवार के संयुक्त तत्वाधान में पुण्य सम्राट के 42 वे आचार्य पदवी दिवस विभिन्न धार्मिक आयोजन सोमवार को आयोजित हुए। रात्रि में पुण्य सम्राट की महा आरती उतारी और उपधान तप के तपस्वियों का बहुमान किया गया। नवयुवक परिषद, महिला परिषद एवं बहू परिषद परिवार के संयुक्त तत्वाधान में पुण्य सम्राट श्रीमद् विजय जी जयंतसेन सूरीश्वर जी महाराजा 42 वाँ आचार्य पदवी (पाटोउत्सव ) के दिवस के उपलक्ष्य में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन श्री श्रेयांशनाथ जिनालय के गुरु हाल में आयोजित हुए। अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद के अध्यक्ष हर्ष छाजेड़ ने बताया कि श्री राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर के गुरु हाल में दादा गुरुदेव की तस्वीर के समक्ष दीप प्रजलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात सिद्धवड़ क्षेत्र पालीताणा जयंतोत्सव के उपधान के आराधको का एवं अन्य स्थानों पर उपद्यान करने वाले श्रावक-श्राविकाओ का माला पहनकर एवं शाल ओड़ाकर बहुमान नवयुवक परिषद, महिला परिषद एवं बहू परिषद परिवार की और से किया गया । कार्यक्रम का संचालन परिषद के राष्ट्रीय मंत्री रवि मोदी ने किया तथा आभार परिषद के प्रांतीय मंत्री संतोष जैन ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर नवयुवक परिषद के राष्ट्रीय मंत्री रवि मोदी, प्रांतीय मंत्री संतोष जैन, अंकित विरानी, मुकेश ढेलावत, नितिन सेठिया, दीपक सेठिया, भोपाल सिंह भड़कतिया, सुरेश छाजेड़, चंद्रशेखर चपलोत, भगवत तेजीवत महिला परिषद अध्यक्ष मोनिका छाजेड़, उपाध्यक्ष रानू लुक्कड़, महामंत्री सीमा पारख,बहु परिषद अध्यक्ष मोना मोदी, उपाध्यक्ष रेखा पारख, महामंत्री टीना विरानी, महिला परिषद की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.अंगुरबाला सेठिया, महिला परिषद की पूर्व नगर अध्यक्ष विमल सिरोहिया, पूर्व प्रदेश पदाधिकारी उषा सिसोदिया, सुभद्रा वडारा, उमा बोड़ाणा, संगीता डूंगरवाल, विद्या छाजेड़, नेहा बाफना, टीना चपलोत, तरंग मालू, संगीता ढेलावत सही बड़ी संख्या में नवयुवक परिषद, महिला परिषद एवं बहू परिषद के सदस्य गण उपस्थित थे।

# श्री सुधासागर स्कूल की अक्षी जैन व भूमि लालवानी ने राज्य स्तरीय अर्हम बोध परीक्षा में टॉप 100 में बनाई जगह

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** सापन्दा रोड स्थित श्री सुधासागर दिगम्बर जैन विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययनरत कक्षा ग्यारह की दो छात्राओं अक्षी जैन पुत्री कमल कुमार जैन एवं भूमि लालवानी पुत्री प्रकाश चंद लालवानी ने प्रख्यात जैन मुनि प्रणम्यसागरजी महाराज द्वारा प्रणीत अर्हम ध्यान योग पर आधारित राज्य स्तरीय अर्हम बोध परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के श्रेष्ठतम 100 परीक्षार्थियों की वरीयता सूची में स्थान अर्जित किया है। परीक्षा प्रभारी अजय जैन ने बताया कि अर्हमश्री वर्धमान संघ जयपुर के तत्वाधान में राजस्थान राज्य स्तर पर आयोजित इस परीक्षा में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के लगभग 10000 विद्यार्थियों ने भाग लिया था,



जिसमें चयनित श्रेष्ठ 100 विद्यार्थियों में श्री सुधासागर स्कूल की दो छात्राओं अक्षी जैन व भूमि लालवानी ने भी अपनी जगह बनाई है। इन छात्राओं को जयपुर में बुधवार को आयोजित मुनि प्रणम्यसागरजी महाराज की दीक्षा जयंती के कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किये




बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को विधायक कार्यालय पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाई गयी।जिसमे विधायक अर्जुनलाल जीनगर की उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया,महामंत्री अशोक विजयवर्गीय,सोहन खटीक,ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर,एससी मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,आकोला मंडल अध्यक्ष भीम सिंह ताना,पार्षद गोपाल पुर्बीया,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गजेंद्र बाघमार,नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली,आशीष नंदवाना,जगदीश जाट हथियाना,कैलाश जाट,मोहन जाट,पूर्ण दास रूदडी,प्रहलाद सिंह माताजी का खेड़ा, महिला मोर्चा की विनोद कंवर,आर्यता राणावत,रतन शर्मा,शिवलाल तुर्कियाकलां,विष्णु शर्मा हिंगोरिया आदि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प के साथ श्रद्धासुमन अर्पित कर याद किया गया।

# प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च को




बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झालावाड़ के निर्देशानुसार 08 मार्च को वर्ष 2025 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसके सफल क्रियान्वयन एवं अधिकाधिक प्रकरणों के निस्तारण हेतु प्री काउंसलिंग का आयोजन न्यायालय परिसर चौमहला नियमित रूप से किया जा रहा हैं। इसी क्रम में मंगलवार को अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति चौमहला राजपाल मीना (ए.सी.जे.एम) के मार्गदर्शन में न्यायालय परिसर चौमहला में डोर स्टेप प्री काउंसलिंग कैंप आयोजित किया गया । उक्त कैंप हेतु गठित बेंच में बेंच काउंसलर पैनल अधिवक्ता एहसान मंसूरी एवं असगर अली द्वारा न्यायालय में लंबित फौजदारी,सिविल,138 एन आई एक्ट ,वैवाहिक विवाद एवं राजीनामा योग्य समस्त चिन्हित प्रकरणों में पक्षकारान के मध्य प्री काउंसलिंग करवाई गई व प्रकरणों का निस्तारण करने के प्रयास किए गए। उक्त कैंप में साथ में अधिवक्ता राजेंद्र छानवाल, भेरूलाल राठौर एवं कन्हैयालाल प्रजापति आदि बार संघ अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# सांसद ने शुन्यकाल में उठाई मांग

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी.जोशी ने मंगलवार को लोकसभा में शुन्यकाल के दौरान सभा की कार्यवाही में भाग लेते हुये संसदीय क्षेत्र में रेलवे से संबधी विषयों को लेकर उदयपुर कोटा वाया चन्देरिया दोहरीकरण व मेवाड़ से अहमदाबाद सूरत वन्दे भारत ट्रेन चलाये जाने का विषय सदन में रखा।

सांसद जोशी ने सदन में बताया की वर्ष 2014 के बाद से केन्द्र में मोदी की सरकार बनने के बाद संसदीय क्षेत्र में भी रेलवे में दोहरीकरण, नवीन रेल लाईन, विद्युतिकरण, आमान परिवर्तन के कार्य हुये हैं। चित्तौड़गढ़ एक प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र होने के साथ साथ पर्यटन में भी एक महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं।

# जिला कलक्टर ने किया ग्राम धौर्र का भ्रमण
# मॉडल सोलर विलेज के रूप में विकसित होगा धौर्र

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** आशान्वित जिला व ब्लॉक कार्यक्रम अन्तर्गत आशान्वित ब्लॉक बसेड़ी के ग्राम धौर्र में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान ग्राम धौर्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं ग्राम वासियों के साथ बैठक एवं जन-सुनवाई की गई। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा भारत के 7 जिलों में से एवं राजस्थान से एकमात्र धौलपुर जिले के गांव धौर्र का मॉडल सोलर विलेज में चयन किया गया है। इस संबंध में कार्य योजना तैयार किये जाने हेतु अधीक्षण अभियंता जेवीवीएनएल से विस्तृत चर्चा की गई एवं क्रियान्वयन हेतु प्रस्तावित एक्शन प्लान अति शीघ्र तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान जिला कलक्टर द्वारा बैठक में उपस्थित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को ग्राम धौर्र में जिन परिवारों के पास विद्युत कनेक्शन नहीं हैं, उन्हें विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देश दिये। साथ ही गांव की खराब विद्युत लाईन को भी शीघ्र बदलवाने के निर्देश दिये। जल जीवन मिशन के कार्यों को पूर्ण कर शीघ्र जलापूर्ति उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये एवं एईएन पीएचडी को जेजेएम के सभी कनेक्शन पंचायत को अतिशीघ्र हस्तांतरित कराये जाने के निर्देश के साथ ही जेईएन पीएचडी को जेजेएम के तहत लगे पेयजल कनेक्शन की गुणवत्ता की जाँच करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर ने आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के विभिन्न सूचकांकों एवं अन्य विकासात्मक दृष्टिकोण से निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय भवनों में रंग-रोगन कराये जाने हेतु संस्था प्रधान एवं विकास अधिकारी बसेडी को निर्देशित किया। गाँव में साफ-सफाई एवं गॉव में स्थित सभी राजकीय भवनों में साफ-सफाई हेतु एवं आवश्यक बिजली-पानी की मूलभूत सुविधायें हेतु विकास अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित किया। गॉव में स्थित आंगनबाड़ी क्रेन्द्रों पर बाला पेंटिग कराने, गॉव के मुख्य सड़कों के आस पास हो रहे अतिक्रमण को शीघ्र हटाये जाने, टूटी हुई सड़कों को सही करने, समस्त ग्राम वासियों के एनसीडी स्क्रीनिंग कराये जाने के निर्देश दिये।

गॉव में दिव्यांग व्यक्तियों हेतु श्रवण यंत्र उपलब्ध करवाये जाने, गाँव में स्वच्छ भारत मिशन एवं मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन के अंतर्गत कार्य कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। जिला कलक्टर द्वारा धौर्र ग्रामवासियों को मॉडल सोलर विलेज की महत्ता एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी बताते हुये ग्रामवासियों से इस प्रोजेक्ट के सफल क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करने हेतु आग्रह किया गया।

गौलारी स्कूल में आयोजित हुआ कैरियर मेला

# पढ़ाई में निरंतरता है जरूरी तभी बेहतर होगा कल : संजय शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार एवं केंद्र सरकार द्वारा प्रत्यावर्तित NEP 2020 की अभिशंशा के अनुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गौलारी में कक्षा 9 से 12 में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की कैरियर संबंधी जिज्ञासाओं एवं व्यावसायिक शिक्षा के महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य कौशल विकास की वर्तमान परिवेश में महत्ता हेतु विभिन्न सेक्टरों के विषय विशेषज्ञों ने कैरियर मेले में सहभागिता प्रदान कर छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया शिक्षा विभाग से मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रीतम मीणा, इलेक्ट्रॉनिक एवं हार्डवेयर विशेषज्ञ एवं समाज सेवी मंडल अध्यक्ष सरमथुरा बीजेपी विशाल शर्मा ,डॉक्टर प्रवीण सहित अनेक विषय विशेषज्ञों ने मेले में शिरकत कर अपने-अपने परिक्षेत्र से संबंधित जानकारियां छात्र-छात्राओं को को प्रदान की। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय परिवार द्वारा आगंतुक अतिथियों का माल्यार्पण साफा बंधन एवं स्मृति चिन्ह देकर के स्वागत किया गया आगंतुक अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों ने विद्यालय वातावरण की भूरी भूरी प्रशंसा की कार्यक्रम का संचालन बसंत कुमार चतुर्वेदी द्वारा किया गया अतिथियों के स्वागत में प्रधानाचार्य कमल सिंह मीणा सहित अनेक शिक्षकों ने अपना योगदान दिया साथ ही विद्यालय में कौशलों से संबंधित विभिन्न स्टाल शैक्षिक कोर्नरो का प्रदर्शन किया गया श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया वहीं कार्यक्रम में मंजरी फाउंडेशन के निदेशक संजय शर्मा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को कैरियर से संबंधित समझाइश की उन्होंने के दसवीं के छात्रों को कैरियर से संबंधित विभिन्न कोर्स और पुलिस, डॉक्टर, इंजीरियनिंग, अध्यापक,बैंकिंग, सामाजिक क्षेत्र की सेवाओं एवं अन्य कैरियर सम्बन्धित जानकारियां प्रदान की और कहा पढ़ाई में निरंतरता जरूरी है तभी सफलता मिलेगी। कार्यक्रम में अध्यापक रामनाथ मीना,कुंजबिहारी पाराशर,गिर्राज लाल मीणा, दिनेश मीणा, मूलाराम पंवार,मुनेश मीना,दिलीप कुमार, राजवीर गुर्जर,समंदर सिंह, पवन गोस्वामी सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# मोदी मंत्र से परीक्षा का तनाव दूर कर सफलता प्राप्त करें विद्यार्थी : संदीप शर्मा

राउमावि शिवपुरा के वार्षिकोत्सव को विधायक संदीप शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया सम्बोधित

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि आज के दौर में विद्यार्थी पढ़ाई के तनाव व अवसाद से परेशान हैं। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में विद्यार्थी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए मंत्रों का उपयोग कर तनाव और दबाव से दूर रह सफलता प्राप्त कर सकते हैं। विधायक शर्मा मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवपुरा के वार्षिकोत्सव समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। विधायक शर्मा ने विद्यार्थियों से कहा कि वे शिक्षा को उत्साह और उमंग के साथ ग्रहण करने की आदत बनाएं। पढ़ाई को बोझ समझने की बजाय सीखने की प्रक्रिया को जीवन का एक अंग बना लें। इस दिशा में शिक्षकों पर भी बड़ी जिम्मेदारी है, वे भी अध्यापन शैली में परिवर्तन कर शिक्षा को मनोरंजक बनाने पर ध्यान दें। वैसे भी नई शिक्षा नीति में केन्द्र सरकार ने बालकों को सीखने के कई नए अभिनव प्रयोग किए हैं, जो छात्र-छात्राओं की शिक्षा में रुचि उत्पन्न करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

**संसाधनों की कमी नहीं आने दी जाएगी :** कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कोटा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने कहा कि विद्यालय के अध्यापक बच्चों को पढ़ाने पर ध्यान दें, बच्चे एकाग्रता से अपनी पढ़ाई करें और विद्यालय में जिन संसाधनों की आवश्यकता हो उससे हमें अवगत करवाएं। विद्यालय में संसाधनों की कमी नहीं आने दी जाएगी।

### संयुक्त निदेशक तेज कंवर ने भी किया सम्बोधित

कार्यक्रम को स्कूल शिक्षा की संयुक्त निदेशक तेज कंवर ने भी सम्बोधित किया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या शकुंतला मेघवंशी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में भामाशाह ओमप्रकाश, मंडल प्रतिनिधि धर्मेन्द्र हाड़ा, राहुल सिकरवाल, मनोज शर्मा, घीसा सिंह चौहान, मंजीत सिंह तंवर, भंवर सिंह डूंडा आदि भी मौजूद रहे।

# महर्षि गौतम -2025 के जयंती संयोजक मुकेश शर्मा को बनाया, अनिल को प्रभारी का जिम्मा

दस जयंती सहसंयोजक नियुक्त, प्रियंका बनी महिला प्रभारी



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** महर्षि गौतम जयंती 2025 के सफल आयोजन हेतु एक विशेष बैठक मंगलवार सांय गौतम छात्रवास मे छात्रावास समिति सदस्य हुकुमचन्द शर्मा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। जिसमे आगामी जयंती के संयोजक पद के लिये मुकेश कुमार भारद्वाज का नाम नगर अध्यक्ष द्वारा प्रस्तावित किया गया जिसे बैठक मे उपस्थित समाज बंधुओ ने समर्थन दिया।

नगर अध्यक्ष नवल किशोर गौतम फोलाई वाले ने बताया कि बैठक मे सर्वसम्मति से मुकेश भारद्वाज को जंयती संयोजक, मनौज गौतम, पंकज गौतम, विनित शर्मा, विनोद शर्मा, चचंल शर्मा, कुलदीप शर्मा, भेरूप्रकाश शर्मा खुनेटिया वाले, उमाशंकर, लोकेश शर्मा को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। वही कोषाध्यक्ष पद पर राजेश कुमार शर्मा को चुना गया है। जंयती हेतु महिला प्रभारी प्रियंका शर्मा व जयंती प्रभारी अनिल शर्मा को बनाया गया है।

# ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाकर पंचायतों को स्वच्छ बनाने के निर्देश

25 फरवरी तक चलेगा विशेष सफाई अभियान

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) योजनान्तर्गत मुख्य कार्यकारी अधिकारी महोदय जिला परिषद सवाई माधोपुर गौरव बुडानिया के निर्देशन में पंचायत समिति सवाई माधोपुर की समस्त ग्राम पंचायतों में प्रतिदिन गली, मोहल्लों, नालियों एवं सामुदायिक शौचालयों की जा रही है सफाई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में अभियान के तहत सफाई करवाने के निर्देश प्रदान किए हैं। विकास अधिकारी पंचायत समिति सवाई माधोपुर जगदीश प्रसाद मीना ने बताया कि पूर्व में साफ-सफाई हेतु सभी 37 ग्राम पंचायतों में टेण्डर जारी किये जा चुके है। जिसके लिए संबंधित संवेदक को विभागीय निर्देशानुसार कार्य करने हेतु कार्यादेश ग्राम पंचायतों द्वारा जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि 25 फरवरी 2025 तक विशेष अभियान चलाकर गांवो में पुराने पडे कचरे को साफ कर गांवों/ग्राम पंचायतों में दृश्यमान स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु समस्त ग्राम पंचायतों एवं संवेदको को इस हेतु निर्देश दिए है। उन्होंने बताया की संवेदक द्वारा ग्राम पंचायतों में प्रतिदिन जेसीबी, ट्रेक्टर ट्रोली, लेवर, मजूदरों द्वारा आवश्यक सुचारू व व्यापक रूप से ग्राम पंचायतों को साफ सुथरा बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया की प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से सांयकाल 6 बजे तक कार्यालय के सहायक अभियन्ता, सहायक/अतिरिक्त विकास अधिकारियों एवं कनिष्ठ तकनीकी सहायकों को प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर प्रतिदिन सफाई के कार्यो की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिससे अब गांव गली,मोहल्ले साफ एवं स्वच्छ दिखाई देनें लगे है।

# विश्वास पारीक को जयपुर रत्न अवार्ड से किया सम्मानित




बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था द्वारा आयोजित समारोह में विश्वास पारीक निवासी निवाई को जयपुर रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। संस्था के संयोजक मोहनलाल शर्मा ने बताया की समारोह का शुभारम्भ सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश मिश्रा एवं क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र राठौड ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। संस्था के अध्यक्ष पुरषोत्तम शर्मा ने बताया कि अपने क्षेत्र में बेहतरीन व उत्कृष्ट कार्य करने पर विश्वास पारीक को जयपुर रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौतः सब्जी लेने के लिए घर से बाजार जाते समय हुआ हादसा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी के कंचनपुर थाना क्षेत्र के धनोरा उमरी रोड़ पर सोमवार की शाम एक सड़क हादसे में 55 वर्षीय किसान की मौत हो गई। कंचनपुर थाना क्षेत्र के करेरूआ पुरा गांव के मेघाराम जाटव सोमवार शाम करीब 6 बजे घर से सब्जी खरीदने निकले थे। धनोरा उमरी रोड पर एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी तब मिली जब एक स्थानीय युवक ने सड़क पर बेसुध पड़े मेघाराम को देखा और गांववालों को सूचित किया।

# महामंडलेश्वर बालकानंद महाराज का भक्तों ने जगह-जगह किया भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में पंचदसनाम जूना अखाड़ा द्वारा महामंडलेश्वर नियुक्त करने के बाद महाराजश्री के तपोस्थली गांव सेदारिया पहुंचने पर भक्तों ने जगह जगह भव्य स्वागत किया। इस दौरान चैनपुरा, भावता व विजय गोविंदपुरा में महाराज का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। गांव सेदरिया खुर्द पहुंचने पर हजारों महिला पुरुषों ने महाराजश्री के दंडवत प्रणाम करके जेसीबी मशीन से पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच कानाराम गुर्जर, रामविलास गुर्जर, अरनिया मंडल अध्यक्ष शिवराज लांगडी, एडवोकेट दयाराम गुर्जर, हेमराज गुर्जर, राजाराम गुर्जर व अशोक लंगडी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

बाड़ी में भागवत कथा के समापन पर महाभंडारा

# 5 राज्यों से पहुंचे हजारों श्रद्धालु प्रसाद वितरण के लिए बनाई कमेटी



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी की अलीगढ़ ग्राम पंचायत स्थित रानपुर गांव में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का समापन एक विशाल भंडारे के साथ हुआ। शांतिगिरी बाबा के आश्रम में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम की मेजबानी सरपंच रामभरोसी पोषवाल और उनकी पत्नी भूरो देवी ने की।

4 से 10 फरवरी तक चले इस आयोजन में पंडित रामविलास शर्मा ने कथा वाचन किया। भंडारे में राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा से श्रद्धालु शामिल हुए। आसपास की 8 ग्राम पंचायतों के साथ-साथ गुर्जर बाहुल्य गांवों के लोगों को भी विशेष आमंत्रण दिया गया।

इस दौरान हजारों लोगों के लिए प्रसाद व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया गया। दो दर्जन से अधिक भट्टियों पर सोमवार शाम से लगातार मालपुए, खीर और सब्जी का प्रसाद तैयार किया जा रहा है। प्रसाद को ट्रैक्टरों के माध्यम से पंगत तक पहुंचाया जा रहा है, जहां युवाओं की टीम श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण में जुटी हुई है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामुदायिक एकजुटता का भी उदाहरण है, जहां विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग एक साथ प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

# पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय श्रीनाथपुरम बी का वार्षिक उत्सव आयोजित, विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर तालियां बटोरीं

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय श्रीनाथपुरम बी का वार्षिक उत्सव मंगलवार को मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि शिक्षाविद् एवं समाजसेवी आई एस राणा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रुपेश सिंह ने की।

स्थानीय पार्षद आदि भी मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। इनमें विभिन्न प्रदेशों के नृत्य एवं गायन की झलकियां देखने को मिलीं। महाराणा प्रताप एवं हाड़ी रानी के चरित्र को बच्चों ने अपने नाटक के द्वारा जैसे सजीव कर दिया। यही नहीं अंग्रेजों के द्वारा शिक्षकों व शिक्षा तंत्र पर किए गए अत्याचारों को भी नाटक के द्वारा दर्शाया गया। नाटक के बाल कलाकारों का अभिभावकों व सहपाठियों ने तालियों से उत्साहवर्धन किया। प्रारम्भ में विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र चौधरी ने मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष का साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उत्तम प्रस्तुतियां देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित

लोक अदालत में अधिकाधिक राजीनामा सहित योग्य प्रकरणों में लाएं- समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु मंगलवार को एडीआर सेंटर सवाई माधोपुर में न्यायिक अधिकारीगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। सचिव समीक्षा गौतम ने बताया कि इस वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन के माध्यम से दिनांक 08 मार्च 2025 को किया जा रहा है, जिसमें वन टाइम सेटलमेंट ऑफर के माध्यम से प्री-लिटिगेशन प्रकरणों, मोटर दुर्घटना दावों से संबंधित क्लेम के विवाद, एनआई एक्ट धारा 138, धन वसूली के सभी प्रकार के विवाद एवं वसूली के लंबित प्रकरणों सहित गृहकर के विवाद, स्थानीय निकायों द्वारा वसूली से संबंधित सभी प्रकार के विवाद, सभी प्रकार के राजस्व विवाद तथा अन्य सभी प्रकार के सिविल विवाद, उपभोक्ता विवाद, जनउपयोगी सेवाओं से संबंधित विवाद एवं अन्य राजीनामा योग्य विवादों का निस्तारण किया जाना है। सचिव समीक्षा गौतम ने उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण को न्यायालयों में लंबित अधिकाधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में रैफर करवाकर उनका निस्तारण करवाये जाने के संबंध में अपील की । मीटिंग में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश भावना भार्गव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशुतोष सिंह आढा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गार्गी चौधरी, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट राजवीर कौर, अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-01 किरण प्रजापत, अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-02 अनिता राजवानियां उपस्थित रहे ।

# विक्की बोले छावा मेरे करियर की सबसे टफ फिल्म, 25 किलो वेट गेन किया

## 7 महीने लगे; अक्षय खन्ना के लुक को देख हैरान थे




विक्की कौशल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म छावा को लेकर सुर्खियों में हैं। एक्टर ने हाल ही में फिल्म में अपने और अक्षय खन्ना के किरदार को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर संभाजी महाराज के लुक को लेकर इतने सीरियस थे कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू करने से ही मना कर दिया था। विक्की कौशल ने बताया कि डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर का कहना था कि जब तक विक्की का अपीयरेंस एक रियल वॉरियर जैसा नहीं होगा, तब तक वे फिल्म की शूटिंग शुरू नहीं करेंगे।

### संभाजी के किरदार के लिए 25 किलो वेट गेन किया

विक्की कौशल ने रेडियो नशा से बातचीत में कहा– छावा मेरे करियर की सबसे टफ फिल्मों में से एक है। मेरे लिए संभाजी महाराज का किरदार निभाना बिल्कुल आसान नहीं था। फिजिकली छावा मेरे लिए सबसे टफ रोल रहा है क्योंकि एकदम से 25 किलो वेट गेन करना आसान नहीं है। मुझे ये वेट गेन करने में 7 महीने लगे थे।

### अपने व्यूअर्स को धोखा नहीं देना चाहता- लक्ष्मण

विक्की ने डायरेक्टर के बारे में बात करते हुए कहा– लक्ष्मण सर ने मुझसे साफ कहा था कि जब तक तुम अपने लुक को चेंज नहीं कर लेते तब तक शूटिंग शुरू नहीं होगी। तुम्हें एक रियल वॉरियर दिखना होगा, जब तक तुम वो लुक नहीं पा लेते, घुड़सवारी नहीं सीख लेते, तलवारबाजी की पूरी ट्रेनिंग नहीं ले लेते और एक्टिंग फाइटिंग नहीं सीख लेते, मैं फिल्म शुरू नहीं करूंगा। मैं अपने व्यूअर्स को धोखा नहीं देना चाहता हूं, मैं वीएफएक्स का इस्तेमाल नहीं करूंगा।

### फिल्म को ग्राउंड लेवल पर शूट किया- विक्की

विक्की ने कहा– छत्रपति संभाजी महाराज का रोल प्ले करने के लिए मैंने अपने बाल बढ़ाए, दाढ़ी बढ़ाई थी और बॉडी बनाई। लक्ष्मण सर छावा ने छावा को पूरी तरह से रियल दिखाने की कोशिश की है। अगर फिल्म के ट्रेलर में 2000 लोग दिखाई दे रहे हैं। तो रियल में सेट पर 2000 लोग मौजूद थे। हमारे पास 2000 जूनियर आर्टिस्ट और देश



के 500 स्टंटमैन थे। इस फिल्म को बहुत ही ग्राउंड लेवल पर शूट किया गया है।

### अक्षय खन्ना के लुक देखकर हैरान था- विक्की

फिल्म छावा में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में हैं। तो वहीं अक्षय खन्ना मुगल बादशाह औरंगजेब की भूमिका निभा रहे हैं। विक्की ने बातचीत के दौरान अक्षय के ट्रांसफॉर्मेशन के बारे में भी बताया। विक्की ने कहा– मुझे पहले ही उनके लुक की फोटोज दिखा दी गई थी। फोटोज देखने के बाद मैं काफी हैरान हुआ था। मुझे यकीन ही नहीं हो रहा था। जब मैंने रियल में उन्हें सेट पर इस लुक में देखा, तो बहुत हैरान हो गया था।

### सेट पर अक्षय खन्ना से बातचीत नहीं की- विक्की

इससे पहले विक्की ने एक इंटरव्यू में बातचीत करते हुए बताया था कि फिल्म छावा के सेट पर अक्षय खन्ना से उनकी बिल्कुल बात नहीं होती थी। ऑन-स्क्रीन किरदारों को रियल दिखाने के लिए सेट पर दोनों ने एक-दूसरे से बातचीत नहीं की थी। विक्की ने बताया था– जब हम उस सीन की शूटिंग कर रहे थे, तो हमने एक-दूसरे को गुड मॉर्निंग या गुडबाय या हेलो तक विश नहीं किया था। वह औरंगजेब थे और मैं छत्रपति संभाजी महाराज। हम सीधे सीन शूट करते थे। इस बीच हम विक्की कौशल और अक्षय खन्ना नहीं थे। हम अपने किरदार में रहते थे।

### ट्रेलर रिलीज के बाद से ही विवादों में है छावा

फिल्म छावा का ट्रेलर 22 जनवरी को रिलीज हुआ था। इस ट्रेलर में छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाने वाले विक्की कौशल को डांस करते दिखाया गया, जिससे कई लोग भड़क गए थे। इस मुद्दे पर पूर्व राज्यसभा सांसद संभाजी राजे छत्रपति ने नाराजगी जाहिर कर कहा था कि छत्रपति संभाजी महाराज को डांस करते हुए दिखाना बेहद गलत है। उन्हें लेजिम बजाते दिखाना फिर भी ठीक है, लेकिन उन्हें नाचते दिखाया गया है।

### 14 फरवरी को रिलीज होगी फिल्म

फिल्म छावा में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज और रश्मिका मंदाना उनकी पत्नी महारानी येसुबाई के किरदार में हैं। ये फिल्म राइटर शिवाजी सावंत की नॉवेल छावा का एडॉप्टेशन है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है, जबकि इसे मैडॉक फिल्म और दिनेश विजन ने प्रोड्यूस किया है। विक्की और रश्मिका के अलावा फिल्म में अक्षय खन्ना, दिव्या दत्ता, आशुतोष राणा, डायना पेंटी भी अहम किरदारों में हैं। फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अजय देवगन के साथ रिश्ते को लेकर बोले डायरेक्टर अनुभव

## कहा- 18 साल से हमारे बीच बात नहीं हुई, वह मेरे मैसेज तक नहीं देखते



डायरेक्टर अनुभव सिन्हा ने हाल ही में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि फिल्म कैश के दौरान उनकी और अजय देवगन की आखिरी बार बात हुई थी। फिल्म को रिलीज हुए 18 साल का समय हो गया है, लेकिन अजय और अनुभव की कभी आपस में बात नहीं हुई। डायरेक्टर ने दोनों के बीच बातचीत बंद होने का कारण बताया है।

### अनुभव ने अजय से बात न होने का कारण बताया

अनुभव सिन्हा लल्लनटॉप से बात करते हुए कहा, 'हमारे बीच कभी कोई लड़ाई नहीं हुई। वह बस मुझसे बात नहीं करते और मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों है। फिल्म कैश की मेकिंग के बाद से, हम एक-दूसरे से मिले भी नहीं हैं। शायद वो मुझे इग्नोर करते हैं या उनके मन में कुछ और भी हो सकता है। मैंने उन्हें दो-तीन बार मैसेज भी किए, लेकिन उनकी तरफ से कभी कोई जवाब नहीं मिला। इसलिए मैंने खुद से सोच लिया कि शायद वह भूल गए होंगे या उन्होंने मेरा मैसेज देखा ही नहीं होगा। लेकिन, हमें बात किए हुए लगभग 18 साल हो गए हैं।'

### हमारे बीच कभी कोई विवाद नहीं हुआ- डायरेक्टर

डायरेक्टर से पूछा गया कि फिल्म की शूटिंग के समय उनके बीच कोई विवाद हुआ था? जिसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा– नहीं, हमारे बीच कभी कोई विवाद नहीं हुआ था। हां, उस समय प्रोड्यूसर और फाइनेंसर के बीच विवाद हुआ था। डायरेक्टर से पूछा गया कि क्या किसी सॉन्ग को लेकर कोई विवाद हुआ था, जिसमें अजय देवगन काम करना चाहते थे? जवाब में उन्होंने कहा– किसी गाने को लेकर कोई विवाद नहीं हुआ था।

### यारों के यार हैं अजय देवगन- अनुभव

डायरेक्टर अनुभव ने अजय की तारीफ करते हुए कहा– अजय मेरे पसंदीदा कलाकारों में से एक थे। मैं उन्हें एक कलाकार और एक व्यक्ति के रूप में पसंद करता था। उनके साथ रहना और काम करना मुझे अच्छा लगता था। वह यारों के यार जैसे हैं। अजय हमेशा जरूरत पड़ने पर दोस्त की मदद के लिए सबसे पहले खड़े रहते हैं।

# बॉलीवुड एक्ट्रेस रश्मिका पहुंची विक्की कौशल के साथ गोल्डन टेंपल

## व्हीलचेयर पर दिखीं अभिनेत्री, अरदास के बाद दोनों ने खाए परांठे; 4 दिन बाद रिलीज होगी छावा

बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल और एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना पंजाब में अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल पहुंचे। दोनों ने यहां माथा टेका और अपनी आने वाली फिल्म छावा की सफलता के लिए अरदास की। इस दौरान विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना ने अमृतसर में पंजाबी व्यंजनों का आनंद भी लिया।

विक्की मूल रूप से पंजाब के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा, अमृतसर आना मेरे लिए घर जैसा है। मेरा घर यहां से दो घंटे की दूरी पर होशियारपुर में है। किसी फिल्म की शूटिंग हो या कोई दूसरे अच्छे काम की शुरुआत करनी हो, मैं हरमंदिर साहिब आ जाता हूं। इस बार भी हमने यहां माथा टेककर अरदास की है। अब देखते हैं 14 फरवरी को।

### व्हीलचेयर पर नजर आई रश्मिका

विक्की और रश्मिका की फिल्म छावा सिनेमाघरों में वेलेंटाइन्स-डे यानी 14 फरवरी को रिलीज होने जा रही है। इसमें विक्की कौशल ने छत्रपति संभाजी महाराज और रश्मिका ने महारानी येसुबाई का किरदार निभाया है। इसी फिल्म की कामयाबी की अरदास करने विक्की और रश्मिका गोल्डन टेंपल में आए थे। इस दौरान रश्मिका व्हील चेयर पर नजर आईं। पिछले महीने जिम में उन्हें चोट लग गई थी। फिल्म के प्रोमोशन के लिए मुंबई में कुछ इवेंट अटेंड कर चुकी रश्मिका आज अमृतसर पहुंचीं। गोल्डन टेंपल परिक्रमा में सीढ़ियां उतरते समय विक्की कौशल ने उन्हें सहारा दिया। विक्की ने पूरी परिक्रमा का चक्कर लगाया जबकि रश्मिका पैर में चोट के कारण परिक्रमा पूरी नहीं कर सकीं।

दोनों ने हरमंदिर साहिब में माथा टेकने के बाद अरदास की और फिर अमृतसर सरोवर के किनारे बैठकर कीर्तन सुना।

### पंजाबी व्यंजनों का आनंद लिया

गोल्डन टेंपल से निकलने के बाद दोनों बॉलीवुड स्टार्स ने पंजाबी व्यंजनों का आनंद लिया। उन्होंने एक रेस्टोरेंट में परांठे, मॉ की दाल (उड़द की दाल) और पनीर खाया।



### अमृतसर पहुंचते ही डाली पोस्ट

विक्की और रश्मिका सोमवार सुबह ही अमृतसर पहुंचे। विक्की ने एयरपोर्ट पहुंचते ही अपनी एक फोटो शेयर कर अमृतसर वालों का हालचाल पूछा और अपनी आने वाली फिल्म छावा देखने की रिक्वेस्ट की। यह फिल्म 14 फरवरी को रिलीज होगी। इसमें बॉलीवुड स्टार अक्षय खन्ना मुगल सम्राट औरंगजेब की भूमिका में दिखेंगे। उनके साथ आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता, प्रदीप राम सिंह रावत, संतोष जुवेकर, विनीत कुमार सिंह, डायना पेंटी भी मुख्य किरदारों में नजर आएंगे।

# अजित कुमार का पुर्तगाल में हुआ एक्सीडेंट : रेसिंग ट्रैक पर हुई घटना, बाल-बाल बचे; साल में दूसरी बार कार हादसे का शिकार हुए




तमिल एक्टर अजित कुमार का पुर्तगाल में एक्सीडेंट हो गया है। हालांकि उन्हें कोई चोट नहीं आई है। इस घटना की जानकारी खुद अजित ने दी है।

अजित एक मोटर स्पोर्ट इवेंट में पार्टिसिपेट करने वाले थे। इसी के प्रैक्टिस सेशन के दौरान रेसिंग ट्रैक पर उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया।

**अजित बोले- एक्सीडेंट छोटा था, किसी को नुकसान नहीं हुआ**–एक इंटरव्यू में इस घटना का जिक्र करते हुए अजित ने कहा, 'हम फिर से अच्छा समय बिता रहे हैं। हमारा एक छोटा सा एक्सीडेंट हो गया। सौभाग्य से किसी को कुछ नहीं हुआ। हम फिर से कार रेस जीतेंगे और अपना गौरव स्थापित करेंगे। हम उन दोस्तों को धन्यवाद देना चाहते हैं जिन्होंने दुर्घटना के दौरान हमारा साथ दिया।'

**पिछले महीने में भी हुआ था एक्सीडेंट, बाल-बाल बचे थे**–इस साल में दूसरी बार अजित हादसे का शिकार हुए हैं। पिछले महीने 8 जनवरी को अजित का दुबई में एक्सीडेंट हो गया था। तब भी उन्हें कोई चोट नहीं आई थी। वे 24 एच दुबई 2025 कार रेसिंग कॉम्पिटिशन में पार्टिसिपेट करने के लिए दुबई में थे। जिसके लिए एक्टर छह घंटे लंबा प्रैक्टिस सेशन कर रहे थे। प्रैक्टिस सेशन खत्म होने से कुछ मिनट पहले ही अजित की पोर्श कार बैरियर से बुरी तरह टकरा गई थी। अजित कुमार के प्रैक्टिस सेशन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था। वीडियो में देखा गया था कि अजित की कार अचानक कंट्रोल खो देती है और ट्रैक पर कई बार घूमते हुए नजर आती है। आगे जाकर कार बैरियर से बुरी तरह टकरा जाती है। इसके तुरंत बाद अजित को कार से बाहर निकाला गया था।



"जीवन में महानता का सबसे बड़ा शौक नहीं यह होता है कि हम कभी नहीं गिरते, बल्कि हम हर बार गिरकर उठते हैं।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# महाकुंभ में महा जाम, बॉर्डर पर अघोषित इमरजेंसी



बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं को उमड़ रही भीड़ की वजह से सीमाओं पर भयंकर जाम लगा है। कई रुट्स पर 100 किमी लंबा जाम भी है। जिसकी वजह से प्रयागराज से सटी सीमाओं पर इमरजेंसी जैसी स्थिति बनी हुई है। 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा के स्नान को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब कमान संभाली है।

मुख्यमंत्री के के निर्देश पर 12 फरवरी 2025 को माघी पूर्णिमा के स्नान के दृष्टिगत प्रयागराज महाकुंभ में लागू की गई आगामी यातायात योजना। गौरतलब है कि महाकुंभ में अब तक 44 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। चाहे रेल मार्ग हो या सड़क हर तरफ भीड़ प्रयागराज की ओर ही जाता दिखाई दे रहा है। जिसकी वजह से मेला प्रशासन ने यातायात की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। मेला क्षेत्र में सुचारू रूप से श्रद्धालुओं का स्नान संपन्न कराने के लिए 11 फरवरी यानी मंगलवार को प्रात: 4:00 बजे से आवश्यक एवं आकस्मिक सेवाओं के अतिरिक्त संपूर्ण मेला क्षेत्र नो व्हीकल जोन रहेगा।

### नो व्हीकल जोन घोषित

प्रयागराज शहर में महाकुम्भ स्नान के लिए बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को 11 फरवरी को प्रात: 4:00 बजे के पश्चात संबंधित रूट की पार्किंग में पार्क कराया जायेगा। उक्त व्यवस्था में आवश्यक एवं आकस्मिक सेवाओं के वाहनों को छूट रहेगी। श्रद्धालुओं के प्रयागराज शहर एवं मेला क्षेत्र में सुगम आवागमन एवं स्नान के दृष्टिगत प्रयागराज शहर में दिनांक 11 फरवरी को सायंकाल 5 बजे के पश्चात नो व्हीकल जोन लागू रहेगा। उक्त व्यवस्था में आवश्यक एवं आकस्मिक सेवाओं के वाहनों को छूट रहेगी। यातायात की यह व्यवस्था दिनांक 12 फरवरी को मेला क्षेत्र से श्रद्धालुओं के सुगमतापूर्वक निकासी तक लागू रहेगी। प्रयागराज शहर एवं मेला क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश और निकासी पर उपरोक्त प्रतिबंध कल्पवासियों के वाहनों पर भी लागू रहेगा।

### 8 से 10 किमी तक चलना पड़ सकता है

**गौरतलब है कि अगर आप प्रयागराज जा रहे हैं तो आपको 8 से 10 किमी तक चलना पड़ सकता है। बॉर्डर से ही आपको शटल बस या फिर ऑटो के माध्यम से शहर में प्रवेश करना होगा। वहां से आपको मेला क्षेत्र जाने के लिए 8-10 किमी तक पैदल चलना पड़ सकता है। अगर इतना जरूरी न हो तो आप 12 फरवरी के माघी पूर्णिमा स्नान के बाद ही प्रयागराज पहुंचे।**

## सीएम योगी ने ट्रैफिक, पार्किंग और अफवाहों को लेकर दिए सख्त निर्देश, अधिकारियों के साथ की बैठक



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। आगामी 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा स्नान पर्व को लेकर सीएम ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए हैं, ताकि इस विश्व प्रसिद्ध धार्मिक मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित की जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात व्यवस्था को बेहतर तरीके से मैनेज किया जाए, ताकि सड़क पर वाहन की कतार न लगे और कहीं भी ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रयागराज की सीमा पर बने पार्किंग स्थलों का सही उपयोग किया जाए और किसी भी हालत में अनाधिकृत वाहन मेला परिसर में प्रवेश न करें। इसके लिए शटल बसों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि श्रद्धालु पार्किंग स्थल से मेला क्षेत्र तक आसानी से पहुंच सकें। साथ ही उन्होंने बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं का सहयोग करने को कहा।

**ट्रैफिक मूवमेंट को लेकर निर्देश**-मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रयागराज और उससे जुड़े जिलों में ट्रैफिक मूवमेंट का समन्वय बनाए रखा जाए और मेला क्षेत्र में भीड़ के दबाव को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की जाए।

## मुकेश अंबानी फैमिली ने संगम में डुबकी लगाई



रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी अपने बेटे अनंत, बहू राधिका मर्चेंट और मां कोकिलाबेन अंबानी के साथ महाकुंभ पहुंचे। अंबानी फैमिली ने संगम में डुबकी लगाई। महाकुंभ में विदेशी श्रद्धालु भी भक्ति में लीन हैं। सेक्टर-17 स्थित शक्ति धाम शिविर में 68 विदेशी श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ सनातन धर्म को अपना लिया। संगम में आज भी जबरदस्त भीड़ है। हर जगह लोग ही लोग नजर आ रहे हैं। शहर में जाम जैसे हालात हैं। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए कमिश्नर प्रयागराज विजय विश्वास पंत और डीआईजी अजय पाल शर्मा सड़क पर उतर गए हैं।

## ट्रम्प की धमकी- हमास शनिवार तक सभी बंधक रिहा करे

### नहीं तो गाजा में सब बर्बाद हो जाएगा



बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फिलिस्तीनी उग्रवादी संगठन हमास के धमकी देते हुए कहा कि अगर शनिवार तक इजराइली से किडनैप किए गए सभी बंधक रिहा नहीं हुए तो गाजा में सब कुछ बर्बाद हो जाएगा। न्यूज एजेंसी AFP के मुताबिक ट्रम्प ने कहा कि अगर शनिवार 12 बजे तक सभी बंधकों को नहीं लौटाया जाता है तो मुझे लगता है कि सीजफायर समझौते को रद्द कर देना चाहिए। ट्रम्प ने ओवल ऑफिस में मीडिया से कहा- सीजफायर जारी रखने या बंद करने का फैसला इजराइल को ही लेना है। लेकिन बाकी के सभी बंधकों को एक साथ रिहा किया जाना चाहिए, न की तीन-चार के ग्रुप में। हम सभी बंधकों की एक साथ रिहाई चाहते हैं। हालांकि मैं यह बात सिर्फ अपनी तरफ से बोल रहा हूं। इससे पहले हमास ने भी इजराइल के साथ सीजफायर रद्द करने की धमकी दी थी। उसका कहना था कि इजराइल समझौते का उल्लंघन कर रहा है।

### हमास को पता चल जाएगा कि मैं क्या कहना चाहता हूं

ट्रम्प का कहना है कि वो शनिवार तक की समय सीमा को लेकर वो इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी बात करेंगे। हालांकि इस बारे में ज्यादा डिटेल नहीं दी। ट्रम्प का कहना था कि हमास खुद समझ जाएगा कि कि मैं क्या कहना चाहता हूं। इससे पहले उन्होंने गाजा पर कब्जा करके वहां सिटी रिसॉर्ट बनाने की बात कही थी। तब उनका कहना था कि फिलिस्तीनी लोगों को गाजा से विस्थापित करके जॉर्डन और मिस्त्र में बसाया जाना चाहिए। हालांकि जॉर्डन और मिस्त्र दोनों ने इस प्लान का विरोध किया था।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- ईवीएम से डेटा डिलीट नहीं करे चुनाव आयोग

### कहा- हारा उम्मीदवार स्पष्टीकरण चाहे तो इंजीनियर को बताना होगा छेड़छाड़ नहीं हुई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के वेरिफिकेशन के लिए पॉलिसी बनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने तक ईवीएम में कोई डेटा रिलोड न करें, न कोई डेटा डिलीट करें। सीजेआई ने कहा, यह कोई विरोध की स्थिति नहीं है। अगर हारने वाले उम्मीदवार को कोई स्पष्टीकरण चाहिए, तो इंजीनियर यह स्पष्ट कर सकता है कि कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है। इलेक्शन कमीशन को अब सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर डिलीट करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देनी होगी। अगली सुनवाई 3 मार्च से शुरू होने वाले हफ्ते में होगी।

### पिछली सुनवाई में बेंच ने कहा था- पुरानी बेंच ही सुनवाई करे

सुप्रीम कोर्ट में ये याचिका हरियाणा के पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल और 5 बार के विधायक लखन कुमार सिंगला ने लगाई थी। उन्होंने कोर्ट से ईवीएम की जांच के लिए मजबूत सिस्टम बनाने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ईवीएम के 4 कम्पोनेंट्स- कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट, वीवीपीएटी और सिंबल लोडिंग यूनिट की ओरिजिनल बर्न मेमोरी और माइक्रोकंट्रोलर की जांच के लिए पॉलिसी बनाए।



## सुप्रीम कोर्ट बोला-कानून तोड़ने वाले कानून कैसे बना सकते हैं


### अपराधी सरकारी नौकरी नहीं कर सकता, तो दोषी नेता चुनाव कैसे लड़ सकता है

क्या दोषी सांसदों और विधायकों के चुनाव लड़ने पर हमेशा के लिए बैन लगना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और चुनाव आयोग से इस पर 3 हफ्ते में जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि अगर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग तय समय में जवाब नहीं भी देते तो वे मामले को आगे बढ़ाएंगे। कोर्ट ने अगली सुनवाई 4 मार्च के लिए निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान निचली अदालतों और एमपी/एमएलए कोर्ट में सुनवाई की रफ्तार धीमी होने पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता। जस्टिस मनमोहन ने कहा कि दिल्ली की निचली अदालतों में मैंने देखा है कि एक या दो मामले लगाए जाते है और जज 11 बजे तक अपने चेंबर मे चले जाते हैं। एमिकस क्यूरे विजय हंसारिया ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि देश के दूसरे राज्यों मे बार-बार सुनवाई टाल दी जाती है और वजह भी नहीं बताई जाती। कोर्ट ने चिंता जताते हुए कहा कि बहुत से ऐसे राज्य हैं जहां अबतक एमपी/एमएलए कोर्ट गठित नहीं की गई।

## राजस्थान में 14 फरवरी तक सुबह-शाम रहेगी तेज सर्दी

### कई शहरों में हुई बूंदाबांदी, सर्द हवा भी चली; दिन का तापमान 5 डिग्री तक बढ़ा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान में सुबह-शाम की तेज सर्दी बरकरार है, लेकिन दिन में तापमान बढ़ रहा है। कल जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, अजमेर समेत कई शहरों दिन का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।

इन शहरों में पारा औसत से 5 डिग्री ऊपर दर्ज होने से दिन में गर्मी महसूस होने लगी है। मौसम विशेषज्ञों ने अगले 4 दिन प्रदेश में इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान जताया है।

**फरवरी में ही सताने लगी गर्मी**-15 फरवरी से दिन और गर्म होने और सुबह-शाम की भी सर्दी कम होने की संभावना है। सोमवार को बाड़मेर में सबसे अधिक तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर में 31.8, जोधपुर-अजमेर में 31.6, चूरू में 30.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ, जो इन सभी शहरों के औसत तापमान से 4 से 5 डिग्री ऊपर रहा। इन शहरों में दिन में कल गर्मी महसूस हुई। चित्तौड़गढ़ में कल अधिकतम तापमान 32.3, उदयपुर में 30.7, भीलवाड़ा में 31, जालोर में 32 और डूंगरपुर में 32.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

**कई शहरों में हल्की बूंदाबांदी**-जयपुर, बीकानेर, अलवर समेत कुछ शहरों में कल दिनभर आसमान में हल्के बादल भी छाए। बीकानेर में कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी भी हुई।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# पंजाब के आप विधायकों को केजरीवाल के 3 मंत्र

## कहा- लोगों से जुड़ो, मुद्दे पहचानों, डटकर लड़ो; दिल्ली में हार के बाद बैठक बुलाई थी

बढ़ता राजस्थान

**पंजाब/नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद अब आम आदमी पार्टी (आप) का पूरा फोकस पंजाब पर है।

राजधानी की हार का असर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर ना पड़े इसके लिए मंगलवार को पंजाब के सभी विधायकों को दिल्ली स्थित कपूरथला हाउस में बुलाया गया था। यहां पर करीब 30 मिनट तक पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नेताओं को मोटिवेट किया। मीटिंग के दौरान उन्होंने नेताओं को तीन मंत्र दिए। उन्होंने कहा- लोगों से जुड़ो, मुद्दों को पहचानों और डटकर लड़ो। सूत्रों की मानें तो इस मीटिंग के बाद अब पार्टी के वर्किंग स्टाइल में भी बदलाव देखने को मिल सकता है। पार्टी ने दावा किया कि पंजाब के सभी आप विधायक मीटिंग में पहुंचे थे।

### पार्टी के लिए 5 चुनौतियां...

#### 1. दिल्ली मॉडल पंजाब के लिए चुनौती

पंजाब में सत्ता में आने से लेकर अभी तक प्रदेश में हुए हर चुनाव में आप नेता दिल्ली मॉडल पेश कर वोट मांग रहे थे, लेकिन अब जब दिल्ली में ही पार्टी सत्ता से बाहर हो गई है तो ऐसे में दिल्ली मॉडल के नाम पर वोट मांगना असंभव सा हो गया है।

सीनियर पत्रकार एस पुरषोतम का कहना है कि जिस दिल्ली मॉडल के सहारे सत्ता में आए थे, वह उनके हाथ से निकल गया है। अब उन्हें पंजाब को मॉडल पेश करना होगा

#### 2. महिलाओं को 1 हजार रुपए देने की गारंटी पूरी नहीं

पंजाब में आप ने सत्ता में आने से पहले 5 गारंटियां दी थीं। इनमें सबसे अहम गारंटी थी 18 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को हर महीनें एक हजार रुपए देना, लेकिन यह गारंटी अभी तक ठंडे बस्ते में पड़ी है।

इसका खामियाजा पार्टी ने लोकसभा, निकाय चुनाव, पंचायत चुनाव व दिल्ली चुनाव में भी भुगता है।

वहीं, अब पार्टी के लिए इस गारंटी को पूरा करना मजबूरी बन गई है। हालांकि इसे पूरा करने के संकेत दिल्ली में पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल से मीटिंग के बाद वित्तमंत्री हरपाल चीमा ने दिए हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पांच से चार गारंटियां तीन साल में पूरी कर दी हैं। एक बची गारंटी को भी जल्दी ही पूरा किया जाएगा।

#### 3. विधायकों को पावर देना

भले ही पंजाब में आम आदमी पार्टी की मजबूत सरकार है, लेकिन विधायकों व अन्य नेताओं के पास इतनी पावर नहीं है। जिस वजह से कई अफसर भी विधायकों की नहीं सुनते हैं। यह मामला पार्टी की मीटिंगों के अलावा विधानसभा में भी उठ चुका है। यह शिकायत दूर करना भी बड़ी चुनौती है। जब नेताओं के पास कोई पावर रहेगी तभी वह पार्टी को इलाके में मजबूत कर पाएंगे।

#### 4. कानून व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

पंजाब सरकार भले ही कानून व्यवस्था को अन्य प्रदेशों से बढ़िया होने का दावा करती है, लेकिन गैंगस्टर कल्चर, नशा तस्करी और क्राइम बढ़ गया है। एक के बाद एक थानों पर हमले हो रहे है। विपक्ष इस पर सरकार को घेर रहा है। पत्रकार पुरुषोत्तम ने कहा कि कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। नशा अभी तक खत्म नहीं हुआ है। जबकि सत्ता में आने के समय वादा किया था।

#### 5. राज्य पर बढ़ता कर्ज

पंजाब पर इस समय 3 .75 लाख करोड़ का कर्ज है। इस वजह से विकास योजनाओं के लिए फंड जुटाना मुश्किल हो रहा है। मुफ्त बिजली, महिलाओं को फ्री बस सर्विस और अन्य विकास योजनाओं को पूरा करने के लिए भी पैसे की जरूरत है। मौजूदा वित्तीय वर्ष में 28 हजार करोड़ का कर्ज लेना पड़ा है।